
जबलपुर
गुरुवार, 14 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-05
वर्ष : 20, अंक : 106
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



04 निर्मम बंटवारे को भुला नहीं सकते

मैट्रो
14 पटवारी भर्ती परीक्षा विवाद पर ...

## गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में दोपहर करीब एक बजे हिंद फार्मा फैक्ट्री के पास एडीआईएसएच फैक्ट्री से गैस रिसाव

# क्लोरीन के 30 बैग से रिसाव, गैस इंद्रपुरी तक पहुंची लोगों की आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत हुई

**आसपास का क्षेत्र कराया खाली, लोगों को करीब 2 घंटे तक सुरक्षित स्थान पर रखा कास्टिक सोडा डालकर गैस को न्यूट्रल किया**

**कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सीएमएचओ, नगर निगम और उद्योग विभाग की संयुक्त टीम से जांच रिपोर्ट मांगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में बुधवार दोपहर क्लोरीन गैस रिसाव से अफरा-तफरी मच गई। दोपहर करीब एक बजे हिंद फार्मा फैक्ट्री के पास एडीआईएसएच फैक्ट्री से गैस रिसाव की खबर फैल गई।

दरअसल, फैक्ट्री के आसपास सफेद धुआं उठता देख लोगों ने नगर निगम के फायर कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना दी। फायर फाइटर्स ने पानी का छिड़काव किया, लेकिन पानी पड़ते ही धुआं और अधिक फैल गया, जो हवा के साथ इंद्रपुरी तक पहुंच गया। धुएं से कुछ लोगों की आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत होने लगी। हालात बिगड़ते देख दमकल दल ने आसपास के दफ्तरों को खाली कराकर लोगों को करीब दो घंटे तक सुरक्षित स्थान पर रखा।

फायर अमले ने सुरक्षा किट पहनकर धुएं की पड़ताल की तो पता चला कि वहां 20 से 30 बैग क्लोरीन के रखे हुए थे, जिनमें रॉ मैटेरियल भरा था। नमी के कारण धुआं उठ रहा था और पानी पड़ने से रासायनिक प्रतिक्रिया तेज होकर धुआं बढ़ गया। टीम ने कास्टिक सोडा डालकर गैस को न्यूट्रल किया।

### जांच में दोषी मिले तो कार्रवाई होगी



कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सीएमएचओ, नगर निगम और उद्योग विभाग की संयुक्त टीम से जांच रिपोर्ट मांगी है। एसडीएम ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सौरभ कुमार पटेल, फायर आफिसर ने कहा कि एडीआईएसएच फैक्ट्री में रखे तीस से अधिक क्लोरीन बैग पर पानी गिरने से रासायनिक क्रिया की वजह से धुआं उठा था। घटना के समय क्षेत्र में बिजली गुल थी। पहले बिजली ऑन कर फैक्ट्री के एग्जास्ट फैन चलवाए गए, जिससे धुआं बाहर निकले।

### फैक्टरी से बाहर निकालकर डिफ्यूज किए क्लोरीन बैग

फायर अमले ने क्लोरीन के बैग बाहर निकालकर डिफ्यूज किए गए। पूरी प्रक्रिया में ढाई से तीन घंटे का समय लगा। गैस रिसाव की आशंका की सूचना मिलते ही नगर निगम, एसडीएम, एसडीईआरएफ, पुलिस और बिजली कंपनी की टीम मौके पर पहुंच गई थी। अधिकारियों ने स्थिति पर काबू पाकर लोगों को आश्वस्त किया कि यह केवल रासायनिक प्रतिक्रिया से उठने वाला धुआं था, कोई बड़ा रिसाव नहीं हुआ।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## मुख्यमंत्री ने कहा- नशे के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ जारी रहेगी ठोस कार्रवाई

# लव जिहाद व नशे के कारोबारियों की हमने ढूंढ-ढूंढ कर 'गर्दन' नापी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ**

*डॉ. यादव ने कहा कि कोई कितनी भी बड़ी अप्रोच वाला हो, कुछ भी हो, कोई भी मास्टरमाइंड हो, ऐसे कारोबारी को हम छोड़ेंगे नहीं। सरकार समाज से नशे की बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्पित है।*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की है। कोई कितना भी पहुंच वाला क्यों न हो, आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस नशा कारोबारियों के मास्टरमाइंड पर शिकंजा कस रही है। लव जिहाद व नशे के कारोबारियों को हमने ढूंढ-ढूंढ कर कार्रवाई की है। जहां-जहां जरूरत पड़ रही है, वहां हमारी पुलिस खड़ी दिखाई दे रही है। कोई कितनी भी बड़ी अप्रोच वाला हो, कुछ भी हो, कोई भी मास्टरमाइंड हो, ऐसे कारोबारी को हम छोड़ेंगे नहीं। सरकार समाज से नशे की बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को रवींद्र भवन स्थित हंसध्वनि सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर आयोजित राज्य स्तरीय वृहद नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे।



**मुख्यमंत्री ने 56.52 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों को 339 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का किया अंतरण**

**प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराब दुकानों और बार पर प्रतिबंध लगाया गया**

### 339 करोड़ रुपए की पेंशन का सिंगल क्लिक से अंतरण

मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख 52 हजार से अधिक हितग्राहियों के खातों में 339 करोड़ रुपए की पेंशन का सिंगल क्लिक से अंतरण भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने नशा मुक्ति पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने वर्ष 2023-24 के लिए विवेकानंद नशा मुक्ति पुरस्कार भी वितरित किए। इसमे शुद्धि नशामुक्ति केंद्र के अध्यक्ष राजीव तिवारी, शहीद भगत सिंह सेवा समिति से सुजीत कुमार द्विवेदी, अतिरिक्त पुलिस उप-आयुक्त इंदौर राजेश दंडौतिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिशा प्रशांतचौबे और उप पुलिस अधीक्षक हॉकफोर्स बालाघाट संतोष पटेल को पुरस्कार प्रदान किया गया।

### नशा मुक्ति के लिए गायत्री परिवार और ब्रह्मा कुमारी के कार्य सराहनीय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि व्यक्ति को सकारात्मक विचारों से प्रेरणा लेकर स्वयं नशा छोड़ते हुए दूसरों को भी नशा से मुक्ति के लिए प्रेरित करने का संकल्प लेना चाहिए। समाज को जागरुक करने के लिए गायत्री परिवार और ब्रह्मा कुमारी संस्था सराहनीय कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने सभागार में उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई।

### चीन और पाकिस्तान को खुश करने में लगी है कांग्रेस

**इंदौर।** इंदौर में आयोजित तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। 500 से अधिक मंचों पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता चीन और पाकिस्तान को खुश करने में लगे हैं। कांग्रेस के द्वारा की गई गलतियों को आज भी देश भुगत रहा है। कांग्रेस ने नदियों के लिए जो संधियां की उन्हें आज भी हम झेल रहे हैं।


## खबर संक्षेप

### आईसीसी रैंकिंग: रोहित ने बाबर आजम को पछाड़ा



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बुधवार को पुरुष खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है। भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा को बैठे-बिठाए फायदा मिला है। वह वनडे बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान चढ़कर दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम बाबर 751 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर हैं।

### राज्यपाल के हाथों डिग्री लेने से छात्रा का इनकार



**चेन्नई।** तमिलनाडु की मनोनमनियम सुंदरनार यूनिवर्सिटी के 32वें दीक्षांत समारोह में पीएचडी स्कॉलर छात्रा जीन जोसेफ ने राज्यपाल आरएन रवि से अपनी डिग्री लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने स्टेज पर राज्यपाल के बजाए वाइस चांसलर एन. चंद्रशेखर से डिग्री ली। इसका वीडियो भी सामने आया है।

### कोर्ट में राहुल गांधी ने बताया जान का खतरा



**पुणे।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पुणे की एक कोर्ट से कहा कि उनकी जान को खतरा है। इसके पीछे तर्क देते हुए बताया कि हाल के राजनीतिक संघर्षों और शिकायतकर्ता सत्यकी सावरकर के परिवारिक रिश्तों को देखते हुए उनकी जान को खतरा है। इसे लेकर प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन यानी संरक्षण देने की मांग की है।

## जज वर्मा के पास इस्तीफा देना ही एकमात्र विकल्प

# संसद ने हटाया तो नहीं मिलेंगे पेंशन भत्ते समेत 'अन्य लाभ'

**वे मौखिक रूप से भी दे सकते हैं इस्तीफा**



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए एक समिति गठित की है। ऐसे में संसद की ओर से हटाए जाने से पहले उनके पास एकमात्र विकल्प इस्तीफा देना ही बचा है।

### क्या कहता है संविधान का अनुच्छेद 217

संविधान के अनुच्छेद 217 के मुताबिक हाईकोर्ट के जज अपने हस्ताक्षर के साथ अपना इस्तीफा दे सकते हैं। जज के इस्तीफे को किसी स्वीकृति की जरूरत नहीं होती।

## आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शुरू हुई बहस

# सीजेआई गवई बोले-आवारा कुत्तों के मामले में दोबारा विचार करेंगे

**कब सुनवाई होगी तय नहीं**



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चीफ जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को अपनी बेंच के समक्ष आवारा कुत्तों की नियमित नसबंदी और टीकाकरण की मांग वाली एक याचिका का जिक्र होने पर कहा कि वह इस मुद्दे पर विचार करेंगे। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि चीफ जस्टिस 2024 की याचिका के बारे में बात कर रहे थे या हाल ही में आए सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का, जिस पर पशु कल्याण कार्यकर्ताओं और गैर सरकारी संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जस्टिस बीआर गवई की कोर्ट में 2024 की एक याचिका का जिक्र किया गया, जिसमें दावा किया गया था कि दिल्ली में नगर निगम अधिकारी नियमित रूप से नसबंदी नहीं कर रहे हैं।

## पहलवान सुशील कुमार को झटका

### आत्मसमर्पण का दिया आदेश, जमानत रद्द



■ गवाहों को धमकाने का आरोप

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है और उन्हें एक सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। सुशील जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या का मुख्य आरोपी है और उसे मई 2021 में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस संजीव नरूला के आदेश पर वह मार्च से जमानत पर बाहर है।

## पूर्व क्रिकेटर रैना की बढ़ी मुश्किलें

### सट्टेबाजी एप में नाम ईडी ने की पूछताछ




■ पीएमएलए के तहत बयान दर्ज किया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष एक कथित अवैध सट्टेबाजी एप से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए पेश हुए। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया। यह जांच 1 एक्स बेट नामक एक अवैध सट्टेबाजी एप से जुड़ी है।

## एनएबीएच की मान्यता प्राप्त

### आरएमएल देश का पहला सरकारी अस्पताल बना



■ डेढ़ हजार बेड वाला अस्पताल

**नई दिल्ली।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान देश का पहला केंद्रीय सरकारी अस्पताल बन गया है, जिसे नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) से पूर्ण सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। यह मान्यता अस्पतालों के लिए देश में गुणवत्ता का एक महत्वपूर्ण मानक मानी जाती है।

## कांग्रेस विधायक मिश्रा के बिगड़े बोल

### भरे मंच से एसपी सिंह को कहा 'अर्धनारीश्वर'



■ पटवारी व सिंघार ने बजाई ताली

**रीवा।** यहां मंगलवार को हुए कांग्रेस के न्याय सत्याग्रह में सेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने विवादित बयान देकर सियासत में उबाल ला दिया। कांग्रेस विधायक ने शब्दों की मर्यादा को दरकिनार करते हुए पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह को आधा पुरुष और आधा महिला कहा। उन्होंने भरे मंच से आईपीएस अधिकारी को अर्धनारीश्वर शब्द से संबोधित किया।

## पुलिस कस्टडी में युवक की मौत मामले में एक्शन

# सीबीआई ने राघौगढ़ टीआई जुबेर को हिरासत में लिया

**देवा पारदी की मौत के मामले में पूछताछ**



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में चर्चित देवा पारदी की पुलिस कस्टडी में हुई संदिग्ध मौत के मामले में सीबीआई ने जांच को तेज करते हुए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सीबीआई ने राघौगढ़ थाने के थाना प्रभारी जुबेर खान को हिरासत में लिया है। यह मामला 15 जुलाई 2024 की उस घटना से जुड़ा है, जब देवा पारदी को म्याना पुलिस पूछताछ के नाम पर थाने ले गई थी। अगले ही दिन उसकी लाश पोस्टमार्टम हाउस में पाई गई थी, जिससे आक्रोश फैल गया था।

## जया ने शख्स को दिया धक्का तो कंगना ने किया रिएक्ट

# सबसे बिगड़ैल व विशेषाधिकार प्राप्त महिला हैं जया बच्चन

**बिग बी की पत्नी होने के नाते उनके नखरे किए जाते हैं बर्दाश्त**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ समाजवादी टोपी मुर्गे की कलगी जैसी दिखती है

एक्ट्रेस और समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन का एक शख्स को धक्का मारते हुए वीडियो वायरल हो रहा है, जो दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब का है। जहां एक शख्स उनके साथ सेल्फी ले रहा था और उन्होंने आगबबूला होकर उसे धक्का दे दिया। अब अभिनेत्री और भाजपा की सांसद कंगना रनौत ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी है और जया बच्चन को बिगड़ैल बताया है। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, सबसे बिगड़ैल और विशेषाधिकार प्राप्त महिला। लोग उसके नखरे-बेतुकेपन को सिर्फ इसलिए बर्दाश्त करते हैं क्योंकि वो अमिताभ बच्चन जी की पत्नी है।

वो समाजवादी टोपी मुर्गे की कलगी जैसी दिखती है, जबकि वो मुर्गे जैसी दिखती है!! कितनी गलत और शर्मनाक बात है। ऐसा पहली बार नहीं है कि कंगना ने जया बच्चन के बारे में कोई टिप्पणी की है। 2020 में, जया ने कंगना की उस टिप्पणी की निंदा की थी जिसमें उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री की तुलना 'गटर' से की थी।

## 15 से फिर बनेगा सिस्टम, बारिश का आंकड़ा कोटे से 182.5 मिमी दूर

# 12 दिन बाद बारिश का दौर फिर शुरू, 17 जिलों में झमाझम

**प्रदेश की औसत बारिश 925 मिमी है, जबकि 742.5 मिमी पानी गिर चुका**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में बुधवार को बारिश का दौर जारी रहा। शाम तक 17 जिलों में झमाझम बारिश हुई। भोपाल में भी बारिश हुई। इसके अलावा गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, दमोह, मंडला, नरसिंहपुर, नौगांव, रीवा, सतना, सिवनी, सीधी, शाजापुर, आगर मालवा, शाजापुर समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। प्रदेश की औसत बारिश 925 मिमी है, जबकि 742.5 मिमी पानी गिर चुका है। ऐसे में बारिश का आंकड़ा कोटे से सिर्फ 182.5 मिमी दूर है। अब तक सीजन में हुई बारिश का कोटा 79 प्रतिशत है।



भोपाल के एमपी नगर जोन टू में शाम 6 बजे बारिश

### अगस्त में फुल हो सकता है कोटा

*मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दूसरे पखवाड़े में तेज बारिश का दौर शुरू होगा, जो महीने के आखिरी तक चलता रहेगा। ऐसे में कई जिलों में बारिश का कोटा अगस्त में ही पूरा हो जाएगा। अब तक ग्वालियर समेत 10 जिलों में कोटा पूरा हो चुका है लेकिन इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों की तस्वीर बेहतर नहीं है। जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग में औसत से 35% और पश्चिमी हिस्से यानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में 22% बारिश अधिक हुई है। अब तक ओवरऑल 29 प्रतिशत बारिश ज्यादा हो चुकी है।*



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

24x7 जन सेवा में समर्पित तकनीक से सशक्त

# डायल 112



त्वरित और संवेदनशील आपातकालीन सेवा

## शुभारंभ

## डॉ. मोहन यादव
### मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा

14 अगस्त 2025, दोपहर 12:00 बजे
कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार, भोपाल

D-11082/25

## डायल-100 अब हुई डायल-112

# अब तक 1.97 करोड़
## से अधिक नागरिकों को समय पर सहायता



| | | |
|---|---|---|
| 19.71 लाख घटनाओं में महिला सुरक्षा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया | 12.48 लाख सड़क दुर्घटनाओं में सहायता | 2.23 लाख वरिष्ठ नागरिकों को सहायता |

**अब प्रतिक्रिया नहीं, पूरी तैयारी के साथ सुरक्षा का वादा**

- उन्नत कॉल सेंटर प्रणाली से मात्र 16 मिनट में लोकेशन पर पहुंचेगी सहायता
- अग्निशमन, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और विशेष हेल्पलाइन जैसे महिला, साइबर बाल संरक्षण की एकीकृत हेल्पलाइन
- गोपनीयता बनाये रखने हेतु नम्बर मास्किंग
- चैटबॉट जैसे नॉन-वॉयस माध्यमों द्वारा नागरिकों से संवाद और शिकायतों की ट्रेकिंग
- पारदर्शिता हेतु FRVs में डैशबोर्ड कैमरा और बॉडी वॉर्न कैमरा

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025




## खबर संक्षेप

### तहव्वुर राणा की हिरासत 8 सितंबर तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के प्रमुख आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत को दिल्ली की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत ने बुधवार को 8 सितंबर तक बढ़ा दिया। अदालत ने राणा को अगस्त महीने में तीन बार अपने भाई से फोन पर बात करने की अनुमति दी है। इस दौरान राणा के फोन कॉल रिकॉर्ड किए जाएंगे। यह बातचीत जेल अधिकारियों की मौजूदगी में होगी। राणा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया।

### बादशाह के क्लब में बम फेंकने वाला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने चंडीगढ़ स्थित मशहूर रैपर और गायक बादशाह के नाइट क्लब के बाहर हुए बम धमाकों के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के फरीदकोट के रहने वाले दीपक के रूप में हुई है। दीपक को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल आरोपी से पूछताछ कर रही है। जांच में सामने आया है कि दीपक गैंगस्टर गोल्डी बरार के संपर्क में था।

### टैरिफ तनाव के बीच पीएम मोदी-ट्रंप की हो सकती है मुलाकात!

# यूएनजीए समिट के लिए अगले महीने जाएंगे अमेरिका, 26 को करेंगे संबोधित

**वैश्विक नेताओं के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक**

**अक्टूबर में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए ट्रंप को भारत आने का दे सकते हैं निमंत्रण**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी अगले महीने अमेरिका दौरे पर जा सकते हैं, जहां वे न्यूयॉर्क सिटी में होने वाली यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली (यूएनजीए) की बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर व्यापार से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की योजना बनाई जा रही है।

भारत-अमेरिका रिश्तों में हाल के टैरिफ तनाव के बीच यह संभावित मुलाकात अहम मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी अन्य वैश्विक नेताओं से भी उच्च-स्तरीय बैठकें करेंगे, जिनमें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी शामिल हो सकते हैं। यूएनजीए का शिखर सम्मेलन सितंबर में होगा। सूत्रों की मानें तो ट्रंप चाहते हैं कि पीएम मोदी आएं और उनसे मिलें। इसलिए पीएम दोहरे मकसद से न्यूयॉर्क की यात्रा पर जा सकते हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो पीएम व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति ट्रंप को क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण देंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन अक्टूबर में हो सकता है।



फाइल फोटो

**सात महीनों में दूसरी बैठक**

अगर पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात हो जाती है, तो यह दोनों नेताओं की सात महीनों में दूसरी बैठक होगी। इससे पहले पीएम मोदी ने फरवरी में व्हाइट हाउस का दौरा किया था। ट्रंप के पहले कार्यकाल में दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत संबंध मजबूत हुए थे, लेकिन दूसरे कार्यकाल में टैरिफ को लेकर ट्रंप के कड़े रुख ने रिश्तों में खटास ला दी है, बावजूद इसके कि ट्रंप कई बार पीएम मोदी को 'दोस्त' कह चुके हैं।

**80वें सत्र में**

### पीएम मोदी विश्व नेताओं को संबोधित करेंगे

*पीएम नरेंद्र मोदी सितंबर में न्यूयॉर्क में यूएनजीए के 80वें सत्र में विश्व नेताओं को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी अस्थायी सूची के अनुसार, पीएम मोदी 26 सितंबर की सुबह सभा को संबोधित कर सकते हैं। इस दौरान भारत के साथ-साथ इजराइल, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश सरकार के प्रमुख भी अपनी बात रखेंगे। यह सत्र दुनिया में चल रहे कई संकटों, जैसे इजराइल-हमास युद्ध और यूक्रेन संकट के बीच हो रहा है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी 23 सितंबर को यूएनजीए को संबोधित करेंगे। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यूएनजीए में ये ट्रंप का पहला संबोधन होगा।*

**डोभाल के बाद जयशंकर भी रूस जाएंगे**

### मॉस्को में रूसी विदेश मंत्री के साथ करेंगे मुलाकात

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 21 अगस्त को रूस के मॉस्को मे रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात करेंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव के बीच 21 अगस्त को मॉस्को में बैठक होगी। इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय ढांचे के अंतर्गत कई अहम मुद्दों पर सहयोग को लेकर चर्चा होगी। साथ ही दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर भी बातचीत होगी।



फाइल फोटो

**चीनी विदेश मंत्री अगले हफ्ते भारत आएंगे**

### एनएसए डोभाल से भारत चीन सीमा मुद्दे पर करेंगे बात

चीनी विदेश मंत्री वांग यी इस हफ्ते भारत आएंगे। यहां वे भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मिलकर भारत-चीन सीमा विवाद पर बात करेंगे। यह दौरा पीएम नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा से पहले हो रहा है। पीएम मोदी इस महीने के आखिर में शंघाई सहयोग संगठन (एसीओ) की बैठक के लिए चीन के तियानजिन जाएंगे। यह उनकी 2018 के बाद पहली चीन यात्रा होगी, जहां वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलेंगे।



फाइल फोटो

**बीएसएफ को मिली बड़ी कामयाबी**

## सीमा के पास हीरानगर सेक्टर में पाकिस्तानी घुसपैठिए को किया ढेर



एजेंसी ▶▶ जम्मू

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया है। घुसपैठिए की पहचान की जा रही है। सोमवार शाम करीब छह बजे हीरानगर सेक्टर की बीओपी चांदवां और बीओपी कोठे पोस्ट के बीच जवानों ने संदिग्ध हलचल देखी थी। बीएसएफ जवानों ने पाकिस्तानी पोस्ट पप्पू चक की ओर से भारतीय सीमा में घुस रहे कुछ लोगों को चेतावनी दी।

बीएसएफ के सूत्रों के अनुसार, चेतावनी के बावजूद जब वे नहीं हटे तो जवानों ने कुछ राउंड गोलियां चलाईं। इस कार्रवाई में एक पाकिस्तानी नागरिक घायल हो गया, जिसे बाद में बीएसएफ ने हिरासत में ले लिया। घायल को गंभीर हालत में विजयपुर एम्स में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, बीएसएफ की ओर से मामले की जांच की जा रही है। अफसरों ने बताया कि उच्च अधिकारियों को इसके बारे में सूचना दे दी गई है।

**उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम**

*उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार से आतंकिवादियों द्वारा घुसपैठ की कोशिश की गई। जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन में सेना का एक जवान बलिदान हो गया। बता दें कि सेना की तरफ से सर्च ऑपरेशन भी चलाया जा रहा है। चिनार कोर भारतीय सेना के एक्स हैंडल से इसकी जानकारी दी गई है। चिनार कोर ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'चिनार कोर, बहादुर हवलदार अंकित कुमार के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, जिन्होंने बारामूला के उरी में नियंत्रण रेखा पर ऑपरेशनल ड्यूटी निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। चिनार वॉरियर्स उनके अदम्य साहस और बलिदान को सलाम करते हैं, गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त करते हैं। इससे पहले 12 अगस्त को बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा पर ऑपरेशनल ड्यूटी निभाते हुए वीर सिपाही बनोथ अनिल कुमार शहीद हो गए थे।*

## ग्रोक ने ट्रंप को बताया सबसे कुख्यात अपराधी

**वॉशिंगटन।** एलन मस्क के एआई चैटबॉट 'ग्रोक' ने डोनाल्ड ट्रंप को वॉशिंगटन डीसी का 'सबसे कुख्यात अपराधी' बताया, यह कहते हुए कि ट्रंप 34 गंभीर अपराधों में दोषी ठहराए गए हैं। यह टिप्पणी तब आई जब एक्स प्लेटफॉर्म पर एक यूजर ने राजधानी में अपराध की स्थिति और वहां के सबसे कुख्यात अपराधी के बारे में पूछा। ग्रोक ने जवाब में कहा कि 2025 में वॉशिंगटन डीसी में हिंसक अपराध 26% घटे हैं और यह 30 साल का सबसे निचला स्तर है। उसने यह भी कहा कि ट्रंप को न्यूयॉर्क में 34 गंभीर अपराध के मामलों में दोषी ठहराया है। जाने के कारण वह राजधानी के सबसे कुख्यात अपराधी हैं।




## स्वामीनारायण टैंपल को बनाया निशाना, लिखे हिंदू विरोधी नारे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के इंडियाना राज्य के ग्रीनवुड में स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर एक बार फिर तोड़फोड़ और छेड़छाड़ का शिकार हुआ है। यह घटना 10 अगस्त की रात हुई, जिसमें आरोप है कि कुछ उपद्रवियों ने मंदिर के साइनबोर्ड और दीवारों पर एंटी-इंडिया नारे लिखे। इसे 'घृणा अपराध' के तौर पर देखा जा रहा है। यह पिछले एक साल में मंदिर पर चौथा हमला है, जिससे हिंदू समुदाय में रोष है। शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। महावाणिज्य दूत ने स्थानीय समुदाय और ग्रीनवुड के मेयर के साथ बैठक कर एकजुट रहने और सतर्कता बरतने की अपील की। दूतावास ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। एक साल से भी कम समय के अंदर ये चौथी बार है जब किसी मंदिर पर हमला किया गया हो।

**बीएपीएस ने की निंदा**

बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे हमलों से समुदाय की एकता और मजबूत होती है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने भी घटना की तस्वीरें साझा कर इसे खालिस्तानी समर्थकों की करतूत बताया। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को 'हिंदुत्व' कहकर बदनाम करना इस तरह की नफरत को बढ़ावा देता है।

**केदारनाथ जाने के लिए बेकाबू हुई भीड़**

## सोनप्रयाग में बैरिकेड तोड़े, पुलिस ने लाठियों से श्रद्धालुओं को खदेड़ा

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन की रोक के बावजूद, आगे बढ़ने का प्रयास कर रही भीड़ जब बुधवार को सोनप्रयाग के सीतापुर में बैरिकेड तोड़कर उग्र होने लगी तो पुलिसकर्मियों को लाठियां फटकार कर लोगों को हटाना पड़ा।

रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने भारी बारिश की चेतावनी की वजह से केदारनाथ यात्रा पर अस्थायी रोक लगा रखी है। भीड़ को रोकने के लिए जगह-जगह बैरियर लगाए गए हैं। इसकी वजह से सोनप्रयाग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा हो गए हैं। बुधवार को यात्री सुबह से ही आगे बढ़ने की इजाजत देने की मांग कर रहे थे। लेकिन प्रशासन यात्रा पर रोक का हवाला देकर आगे नहीं बढ़ने दे रहा था। घंटों के इंतजार में कई लोगों का धैर्य जवाब देने लगा। उन्होंने सोनप्रयाग में पुलिस द्वारा लगाया गया मुख्य बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया तो पुलिस को लाठियां फटकारनी पड़ीं। बता दें, भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए केदारनाथ यात्रा पर 14 अगस्त तक रोक लगा रखी है।



**रूसी रक्षा मंत्रालय का बड़ा खुलासा**

## ट्रंप-पुतिन की कल होगी मुलाकात यूक्रेन 'हमले' की रच रहा साजिश

**यूक्रेन घनी आबादी को बनाएगा निशाना**

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद पहली बार डोनाल्ड ट्रंप रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने वाले हैं। इस मुलाकात से पहले रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर बड़ा आरोप लगाया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि कीव 15 अगस्त को अलास्का में डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच होने वाली बैठक को बाधित करने के लिए योजना बना रहा है। टेलीग्राम पर एक पोस्ट में, मंत्रालय ने कहा कि कई माध्यमों से मिली जानकारी से पता चला है कि यूक्रेन सरकार 15 अगस्त 2025 को होने वाली रूसी-अमेरिकी वार्ता को विफल करने के लिए तैयारी कर रही है।



### खारकीव में यूक्रेनी सेना हमला करेगी

मंत्रालय का दावा है कि इसी मकसद से यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने विदेशी पत्रकारों के एक समूह को खारकीव के चुगुएव भेजा है। यह इलाका यूक्रेन के कब्जे में है। पत्रकारों को वहां सीमावर्ती इलाके के निवासियों पर रिपोर्ट बनाने के बहाने भेजा गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी सेना शहर पर हमला करेगी और इसका जिम्मेदार रूस को ठहरा देगी।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 15 अगस्त को होने वाले शिखर सम्मेलन से ठीक पहले, यूक्रेन के सशस्त्र बल घनी आबादी वाले किसी आवासीय क्षेत्र या अस्पताल पर यूएवी और मिसाइलों की सहायता से हमले की योजना बना रहे हैं। विदेशी पश्चिमी पत्रकार तुरंत इसकी खबर देंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह रूस और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को रुकवाने के लिए रूस और अमेरिकी सहयोग में बाधा डालने के लिए नेगेटिव रिपोर्टिंग की जाएगी।




**ऑपरेशन सिंदूर में एफ-16 को हुए नुकसान के सवाल पर भड़का अमेरिका**

# जवाब देने से किया इनकार, बोला- पाकिस्तान से जाकर पूछो

*एफ-16 विमानों का तकनीकी सहायता दल चौबीस घंटे एफ-16 विमानों पर रखता है नजर*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के एफ-16 विमानों को हुए नुकसान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। उसने कहा है कि इसके बारे में पाकिस्तान सरकार से पूछना चाहिए। दरअसल, भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को जवाब दिया था।

7 मई से 10 मई के बीच 88 घंटे तक चले इस भीषण संघर्ष में पाकिस्तान को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। हाल में ही भारतीय वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने खुलासा किया था कि इस दौरान पाकिस्तान को 5 लड़ाकू विमान खोने पड़े थे, जिनमें दो अमेरिकी एफ-16 थे।



### एफ-16 की जानकारी रखता है अमेरिका

भारतीय मीडिया ने अमेरिकी विदेश विभाग से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना के एफ-16 लड़ाकू विमानों को हुए नुकसान से संबंधित प्रश्न पूछा था। इसके जवाब में अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि हम आपको पाकिस्तान सरकार से उसके एफ-16 विमानों के बारे में चर्चा करने के लिए कहते हैं। बता दें, अमेरिका पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमानों की स्थिति की पूरी जानकारी अमेरिकी कॉन्ट्रैक्टरों के माध्यम से रखता है। इन्हें तकनीकी सहायता दल के रूप में जाना जाता है। अमेरिका के ये कॉन्ट्रैक्टर पाकिस्तान में अमेरिका में निर्मित एफ-16 विमानों के उपयोग की निगरानी के लिए चौबीसों घंटे तैनात रहते हैं।

**कॉन्ट्रैक्टर डील के तहत रखरखाव किया जाता**

ये कॉन्ट्रैक्टर पाकिस्तान और अमेरिका के बीच हस्ताक्षरित विस्तृत अंतिम-उपयोग समझौतों के अनुसार काम करते हैं। ये समझौते उन शर्तों को परिभाषित करते हैं जिनके तहत पाकिस्तान के एफ-16 विमानों का युद्ध में इस्तेमाल किया जा सकता है और यही वह आधार है जिसके आधार पर इस्लामाबाद को अपने एफ-16 बेड़े के रखरखाव और उसे बनाए रखने के लिए अमेरिकी सहायता मिलती है। इसलिए, ये तकनीकी सहायता दल या कॉन्ट्रैक्टर डील के तहत पाकिस्तान के सभी एफ-16 विमानों की स्थिति के बारे में हर समय पूरी जानकारी रखने के लिए बाध्य हैं।

## चिंतन

# सिंधु जल संधि पर कड़ा रुख अपनाए रखे भारत

पाकिस्तान की गीदड़भभकियों, धमकियों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। सिंधु जल संधि को भारत ने जिस मकसद के लिए निलंबित किया है, उसके पूरे होने तक भारत को अपने रुख पर कायम रहना चाहिए। इधर तीन दिन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ, पाक फौज प्रमुख जनरल असीम मुनीर और पीपीपी नेता बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ उकसावे वाले बयान दिए हैं। पाकिस्तान बेशक अमेरिकी कठपुतली बनकर खेल रहा है और भारत के खिलाफ जहर उगल रहा है, लेकिन इससे भारत को न ही विचलित होने की जरूरत है और न ही प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। भारत ने सिंधु जल समझौता तब निलंबित किया है, जब पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आ रहा था और पाक स्थित आतंकी गुट ने पहलगाम में हिंसा को अंजाम दिया। भारत के अनेक बार सबूत देने के बावजूद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ आतंकवादी हरकतें बंद नहीं की। पहलगाम घटना के बाद भारत का सब्र जवाब दे गया और सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए, जिसमें ट्रेड पूर्ण रूप से बंद करने, अटारी व वाघा बॉर्डर बंद करने से लेकर सिंधु जल समझौते को निलंबित करने जैसे एक्शन हैं। भारत ने 1960 के सिंधु जल समझौते को 23 अप्रैल को स्थगित कर दिया था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। अब जब सिंधु, चिनाब व झेलम से पानी का बहाव पाकिस्तान में कम हुआ है और पाकिस्तान को जल संकट आसन्न दिखाई दे रहा है, तो बौखलाहट में पाकिस्तान सरकार के पदेन लोग भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। पाक फौज प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने अमेरिका की धरती से भारत को परमाणु बम की धमकी दी कि अगर इस्लामाबाद को भारत से अस्तित्व का खतरा महसूस हुआ, तो वह आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। खेदजनक है कि अमेरिका ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु दरिया के पानी पर कहा कि अगर भारत ने युद्ध थोपा, तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। उसके बाद अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत को खुली धमकी दी है कि वह पाकिस्तान का एक बूंद पानी भी किसी को छीनने नहीं देंगे। सवाल है कि ये लोग किस हैसियत से भारत को धमकियां दे रहे हैं, न तो यह कूटनीति की भाषा है और न किसी राष्ट्र की भाषा है। भारत का रुख साफ है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म नहीं करता है, तब तक भारत पाक से न कोई वार्ता करेगा और न ही सिंधु जल संधि को बहाल करेगा। पाकिस्तान अमेरिका व चीन के दम पर अगर भारत के खिलाफ उकसावे वाला बयान दे रहा है, तो वह ऐसा करता रहे। भारत अपनी आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप ही कार्य करेगा। भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सीमा पार से पाकिस्तान की कोई भी आतंकी व सैन्य हरकत युद्धघोष मानी जाएगी। भारत स्पष्ट कर चुका है कि वह न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग को बर्दाश्त नहीं करेगा, पाक आतंकवाद खत्म करे, फिर वार्ता टेबल पर आए। पाक जिस अमेरिका व चीन के बल पर कूद रहा है, उसी से पाक को पानी मांगना चाहिए। भारत का सिंधु जल समझौते को निलंबित करना न किसी अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में आता है और न ही यह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का उल्लंघन है। भारत वर्षों से पाक प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है और इसलिए उसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाने का अधिकार है। भारत जिम्मेदार परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र है, वह यूं ही किसी को धमकी नहीं देता है।




## विभाजन विभीषिका
बृजमोहन अग्रवाल

# निर्मम बंटवारे को भुला नहीं सकते

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के जश्न के साथ-साथ बंटवारे के असहनीय दर्द को भी याद रखने को काफी अहम समझा और समूचे देश में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का निर्णय लिया। इस साहसिक फैसले के बाद अगर देश की जनता आज़ादी के ठीक एक दिन पहले हुए लोगों के खौफनाक विस्थापन और उससे हुई उनकी निर्मम दुर्गति, उनके रक्त रंजित संघर्ष और बलिदान के बारे में सुन, समझकर देश में मानवता और भाईचारे की मिसाल कायम करती रहे तो य़ह उस दौरान असमय मारे गए लोगों को हम सब की तरफ़ से एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन और मजबूरी में पलायन की एक दर्दनाक कहानी है।

देश के धार्मिक रूप से हुए बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहन और भाईयों को इसमें लापता होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी। लाखों लोग बेघर हुए, अपनों से बिछड़ते हुए असमय काल का शिकार हो गए। महिलाओं पर हुए नाहक अत्याचार, उनकी अस्मिता का मर्दन, भूख से बिलखते बच्चे और बीमारी में भी वृद्धावस्था में अपने लिए सुरक्षित ठिकाने की तलाश में भटकते वरिष्ठ लोगों को मिले भीषण दंश की पीड़ा का अंदाजा लगाना आज के आधुनिक और अर्थकरी रंग-बिरंगी दुनिया में बहुत कठिन है। आजकल ज्यादातर लोग इतिहास को भूलकर आगे बढ़ने पर विश्वास रखते हैं। ऐसे आधुनिक युग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज़ादी के जश्न के साथ-साथ बंटवारे के असहनीय दर्द को भी याद रखने को काफी अहम समझा और समूचे देश में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐतिहासिक और साहसिक फैसले के बाद अगर देश की जनता आज़ादी के ठीक एक दिन पहले हुए लोगों के खौफनाक विस्थापन और उससे हुई उनकी निर्मम दुर्गति, उनके रक्त रंजित संघर्ष और बलिदान के बारे में सुन, समझकर देश में मानवता और भाईचारे की मिसाल कायम करती रहे तो य़ह उस दौरान असमय मारे गए लोगों को हम सब की तरफ़ से एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन और मजबूरी में पलायन की एक दर्दनाक कहानी है। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लाखों लोग अजनबियों के बीच एकदम विपरीत वातावरण में नया आशियाना तलाश रहे थे। विश्वास और धार्मिक आधार पर एक हिंसक विभाजन की कहानी होने के अतिरिक्त यह इस बात की भी कहानी है कि कैसे एक जीवन शैली तथा वर्षों पुराने सह-अस्तित्व के दौर का अचानक और नाटकीय रूप से अंत हो गया। इस विभीषिका में मारे गए लोगों का आंकड़ा अनुमानतः पांच से 10 लाख के बीच है। लॉर्ड माउंटबेटन 31 मई, 1947 को लंदन से सत्ता के हस्तांतरण पर मंजूरी लेकर नई दिल्ली लौटे थे। 2 जून, 1947 की ऐतिहासिक बैठक में विभाजन की योजना पर मोटे तौर पर सहमति बनी थी। भारत के विभाजन का निर्णय एक पूर्व शर्त की तरह था। सामान्य तौर पर इस योजना का व्यापक विरोध हुआ और विशेष रूप से इस विचार का कि भारत जैसे देश का विभाजन धार्मिक आधार पर किया जा रहा था। ऐसा कहा जाता है कि इस विभाजन के लिए वे ही नेता मानसिक रूप से तैयार थे, जिन्हें इस विभाजन में अपना हित और उज्ज्वल भविष्य दिख रहा था। विभाजन के फलस्वरूप 1.3 करोड़ लोग अपनी जड़ों से उखड़ कर विस्थापित होने के लिए बाध्य कर दिए गए थे। भारत के विभिन्न हिस्सों को दहला देने वाली 1946 और 1947 में हुई सांप्रदायिक हिंसा की व्यापकता और क्रूरता पर विस्तार से लिखा गया है। इस हिंसा की प्रकृति न केवल लोगों के जीवन को नष्ट करने, बल्कि दूसरे समूह की सांस्कृतिक और भौतिक उपस्थिति को भी मिटा देने की थी। यह यथार्थ है कि जिन क्षेत्रों ने इस हिंसा को देखा, उन्होंने उन्हीं समुदायों को सदियों से सह अस्तित्व में रहते देखा था। पंजाब, बिहार, संयुक्त प्रांत और निश्चित रूप से बंगाल कुछ ऐसे उदाहरण हैं,



जहां सह - अस्तित्व जीवन का एक तरीका रहा है। 1947 से पूर्व के पंजाब में एक भी ऐसे गांव की पहचान कठिन होगी, जिस पर किसी खास समुदाय द्वारा विशिष्टता के साथ दावा किया जा सके। यह सब 4 मार्च 1947 को शुरू हुआ। पुलिस ने हिंदुओं और सिखों के एक जुलूस पर, जो बहुत बड़ा नहीं था, गोली चलाई। करीब 125 छात्र गंभीर रूप से घायल हुए थे तथा 10 छात्र, जो सभी डीएवी कॉलेज, लाहौर के थे, मारे गए थे। 6 मार्च की सुबह तक अमृतसर, जालंधर, रावलपिंडी, मुल्तान और सियालकोट समेत पंजाब के मुख्य शहर दंगों की लपटों में घिर गए थे। शरणार्थियों को न केवल सड़क पर हिंसा का सामना करना पड़ा, बल्कि वे सदी की सबसे भीषण बाढ़ में से एक के शिकार भी हुए। इस खतरनाक यात्रा में लोगों को भूख, बीमारी, थकावट और प्रकृति की कठोर परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। उपमहाद्वीप के मूसलाधार मानसून को सहन करते हुए वे गीली दलदली भूमि और भारी संकट से गुजरे। लोग विकट परिस्थितियों से होकर पंजाब पहुंचे थे। विभाजन के दौरान सिन्ध के अल्पसंख्यकों (हिन्दू एवं सिख) को जितनी विकराल एवं भयावह त्रासदी सहनी पड़ी, उसका कटु अनुभव सिन्ध छोड़कर आए लोगों के मन में आज भी जीवन्त है। कराची में हुए भयावह दंगों ने अल्पसंख्यकों को इस हद तक भयभीत कर दिया था कि नवम्बर 1947 तक 2,50,000 लोग, जनवरी 1948 तक 4,78,000 तथा जून 1948 तक 10 लाख से अधिक लोगों को सिन्ध छोड़कर जाना पड़ा। बंटवारे के समय भारत और पाकिस्तान के बीच पलायन करने वाले लोगों ने रेलगाड़ियों का व्यापक रूप से उपयोग किया था। भारत और पाकिस्तान के बीच आपसी परामर्शी रेल सुविधा को जारी रखा गया था। हर दिन 5-6 ट्रेनें दोनों ओर से चलती थीं। ऐसी कई डरावनी कहानियां भी हैं, जिनमें रेलगाड़ियां जब अपने अंतिम गंतव्य स्थान पर पहुंचती तो उनमें केवल लाशें और घायल व्यक्ति ही मौजूद रहते। विभाजन के दौरान महिलाओं को भारी नुकसान उठाना पड़ा। विभाजन एवं उसके आघात का उनका अनुभव पुरुषों से बहुत अलग था। उनका अपहरण और बलात्कार किया गया। बहुतों को अपना धर्म बदलने और उन्हीं पुरुषों से शादी करने के लिए मजबूर किया गया, जिन्होंने शायद उनके परिवार का वध किया हो। भारत सरकार ने 33,000 महिलाओं के अपहरण की सूचना दी, जबकि पाकिस्तान सरकार ने 50,000 महिलाओं के अपहरण का अनुमान लगाया।

सबसे बड़ी संख्या में लोगों ने काफ़िले में पलायन किया। इन काफिलों की लंबाई 10 मील से लेकर 27 मील तक हुआ करती थी, जिनमें हजारों-हज़ार लोगों की तादाद होती थी। ये काफ़िलें विशेष रूप से भीड़ के हमले की चपेट में थे। लोग बिना आश्रय, स्वच्छता, भोजन या पानी के बिना चलते रहे। इस कारण हज़ारों बुजुर्गो और बच्चे थकावट, भुखमरी और बीमारी से मर गए। पाकिस्तान द्वारा सौंपे गए पीड़ितों की संख्या बहुत कम है। दूसरे बहुत कम युवतियों को खोजा गया है। सीमांतप्रांत में युवा लड़कियों को दास के रूप में बेचे जाने की भी जानकारी है। कभी जहां बाज़ार आबाद हुआ करते थे, वहां खंडहर पनाह भी नहीं दे पा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चों को गोद में ली हुई माताएं जैसे विभाजनकारी शक्तियों को कोसते जा रहीं थीं। विस्थापित लोगों की ताजातरीन जानकारी लाउड स्पीकर से दी जा रही थी साथ ही लोगों की दयनीय अवस्था का हवाला देते हुए उनके पड़ोसियों और परिजनों को भी लोगों की स्थिति से अवगत कराया जा रहा था। धर्म के आधार पर किसी देश के विभाजन की ऐसी दुःखद त्रासदी दुनिया में इससे पहले कहीं ओर नहीं देखी गई थी। विभाजन की ऐसी त्रासदी के शिकार सभी निर्दोष लोगों को मेरा पुण्य कोटि-कोटि नमन।

(लेखक लोकसभा सांसद भाजपा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
विवेक शुक्ला



# मुस्लिम लीग ने आग में घी डालने का किया था काम

मोहम्मद अली जिन्ना 7 अगस्त, 1947 को दिल्ली के सफदरजंग एयरपोर्ट से कराची के लिए रवाना हो रहे थे। उनके साथ उनकी बहन फातिमा जिन्ना भी थीं। तब यहां सांप्रदायिक दंगे भड़के हुए थे। पर मजाल है कि उन्होंने दिल्ली को हमेशा-हमेशा के लिए छोड़ने से पहले एक बार भी दंगाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर शांति बहाली की जरूरत महसूस की हो। हालांकि जिस जिन्ना ने 16 अगस्त 1946 को 'डायरेक्ट एक्शन डे' का आह्वान किया था, उससे इस तरह की उम्मीद नहीं की जा सकती थी कि वह नफरत की आग को बुझाने का काम करेगा। जिन्ना के आह्वान के चलते कोलकाता में इस दिन शुरू हुई हिंसा में हजारों बेगुनाह लोग मारे गए। इसे 'ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स' कहा गया। जिन्ना या मुस्लिम लीग ने खून-खराबे को रोकने की बजाय आग में घी डालने का ही काम किया था। जब कोलकात्ता जल रहा था तब हुसैन शहीद सुहरावर्दी बंगाल के मुख्यमंत्री थे। उन पर आरोप लगे कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दे दिए थे कि वह आंखें बंद करके बैठी रहे। इन दंगों में हिंदुओं को विशेष रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ा। 16 से 20 अगस्त 1846 तक चली हिंसा में, अनुमानित 10 हजार लोग मारे गए। घायलों का आंकड़ा भी हजारों में था। खैर, सुहरावर्दी आगे चलकर पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री भी बने। वरिष्ठ लेखक त्रिलोक दीप 1947 के बंटवारे पर बातें करने से बचते हैं। उन्हें बंटवारे ने बहुत गहरे घाव दिये हैं। इसरार करने पर बताने लगते हैं कि "मैं तब दस साल का था और अपने माता-पिता के साथ अगस्त, 1947 से कुछ पहले ही रावलपिंडी से लाहौर होता हुआ लखनऊ पहुंच गया था। रावलपिंडी के हालात लगातार खराब हो रहे थे। इसलिए हमने इंतजार करना मुनासिब नहीं समझा। पर मेरे नाना अमीचंद और नानी भाग्यवती को भीड़ ने उनके गांव में मार दिया था।" ये सब बताते हुए 90 साल के त्रिलोक दीप की आंखें भीगने लगती हैं। भारत के विभाजन को अब एक अरसा गुजर गया है, पर अब भी हमारे आसपास इस तरह के तमाम लोग मौजूद हैं, जिन्होंने उस दौर में हुए दंगों में अपनों को खोया। देश के बंटवारे के कारण लगभग 1.5 करोड़ लोग एक देश से दूसरे में गए। इस दौरान हिंदू-सिख और मुस्लिम समुदायों के बीच भयंकर सांप्रदायिक दंगे हुए। पंजाब, बंगाल और दिल्ली जैसे क्षेत्रों में हिंसा चरम पर थी। स्वीडन में रहने वाले पाकिस्तान मूल के राजनीतिक चिंतक डॉ. इश्तियाक अहमद अपनी किताब में लिखते हैं कि मोहम्मद अली जिन्ना की बयानबाजी ने सांप्रदायिक तनाव को और बढ़ाया। वे कभी साम्प्रदायिक दंगों को रोकने के लिए दंगाइयों के बीच में नहीं गए। दरअसल 1947 में जब विभाजन की प्रक्रिया शुरू हुई, तब पंजाब और बंगाल में हिंसा अपने चरम पर थी। तब जिन्ना का ध्यान मुख्य रूप से सत्ता पर काबिज होना था। उन्होंने 11 अगस्त 1947 को कराची में दिए अपने भाषण में पाकिस्तान को धर्मनिरपेक्ष मुल्क बनाने का वादा किया। वे जब इस तरह का दावा कर रहे थे तब कराची जल रहा था। वहां अल्पसंख्यकों का कत्लेआम होने लगा था। जिन्ना के पास दंगों को रोकने की कोई इच्छाशक्ति नहीं थी। जिन्ना की तरह मुस्लिम लीग में उनके नंबर दो समझे वाले लियाकत अली खान और बाकी नेताओं का भी ध्यान दंगों को रोकने की तरफ नहीं था। वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी में सुखो खालसा स्कूल है। प्रख्यात रचनाकार भीष्म साहनी ने अपनी अमर रचना तमस में सुखो का उल्लेख किया है। ये एक छोटी सी तहसील है रावलपिंडी जिले की। पंजाब में महाराजा रणजीत सिंह के राज के दौरान सुखो में अनेक गुरुद्वारे भी बने। सुखो बेहतरीन जगह थी। उसका चरित्र समावेशी था। पर देश के बंटवारे का समय आपसी नफरत का दौर था। जो दोस्त और पड़ोसी सदियों से एक-दूसरे के साथ रह रहे थे, वे भी एक-दूसरे की जान के प्यासे हो गये थे। आजादी के ठीक पहले सांप्रदायिकता की बैसाखियां लगाकर पाशविकता का जो नंगा नाच सुखो में खेला गया था, उसका मार्मिक चित्रण भीष्म साहनी तमस में करते हैं। खैर, जिन्ना के विपरीत, महात्मा गांधी हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर शांति स्थापित करने की कोशिश कर रहे थे। गांधी जी 7 सितंबर 1947 को अंतिम बार कोलकाता से दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं। दिल्ली सांप्रदायिक दंगों के कारण धू-धू करके जल रही थी। गांधी जी दंगा प्रभावित जगहों में गए, सभाएं की और हिंदू, मुस्लिम और सिख समुदायों के बीच सुलह की अपील की। वे इन सब जगहों में दंगाइयों से मुसलमानों को बचा रहे थे। गांधी के अलावा, नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आजाद भी दंगों को रोकने के काम में दिन- रात लगे हुए थे। काश, जिन्ना और मुस्लिम लीग के नेताओं ने भी यही किया होता।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित
**दर्शन**

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको

# मन का भोजन हमारे विचार



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठे, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया। बुद्ध ने तीन बार उत्तर दिया तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए

## सटाका




## आज की पाती

### भारत विभाजन की त्रासदी

1947, 14 अगस्त भारत का विभाजन एक अभिशाप था। यह केवल मात्र भारत की आत्मा पर चोट नहीं थी, बल्कि प्रत्येक भारतीय की अखंडता पर चोट थी, लाखों परिवार जो पंजाब-सिंध से नाता रखते थे, एक झटके में बेघर हो गए। इन परिवारों की आत्मा भारत माता के साथ जुड़ी थी। उनकी जमीन पाकिस्तान में जाते हुए पंजाब, सिंध, सियालकोट, गुजरांवाला में रह गई। परदादा, परदादी, दादा, दादियों द्वारा सुनाई गई कहानियों पर वह विभाजन का इतिहास सभी स्मरण करते हैं। वह पंजाब की गलियां, घोड़ा गाड़ियां, रेलवे स्टेशन, ईंटों के घर, आज भी सभी को याद है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एक ऐसा दिन है जब विभाजन के समय हुए सभी अत्याचारों को हम स्मरण करते हैं। *- मनोज जोशी, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### कनेक्टिविटी का विस्तार



देशभर में कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने लखनऊ मेट्रो के फेज-1B को मंजूरी दी है। इससे यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। इसके साथ ही शहर में लोगों का सफर और सुविधाजनक होगा।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### एसआईआर पर चर्चा हो



बिहार से एसआईआर की शुरुआत की गई है, जो अब पूरे देश में करने जा रहे हैं। हमारी मांग है कि एसआईआर पर चर्चा हो, लेकिन भाजपा सरकार चर्चा से भाग रही है। विपक्ष चाहता है कि सदन चले, लेकिन भाजपा सरकार सदन नहीं चलने दे रही है।
**- मल्लिकार्जुन खड़के, कांग्रेस अध्यक्ष**

### मोदी का करिश्मा नहीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहीं कोई करिश्मा नहीं है, ये चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के बल पर चुनाव जीत रहे हैं। 2020 में इन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में हमें 12,756 वोट के अंतर से 10 से अधिक सीटें जबरन हराई।
**- तेजस्वी यादव, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार**

### फैसले पर विचार



यह जानकर बहुत खुशी हुई कि मुख्य न्यायाधीश ने एनसीआर में आवारा कुत्तों से संबंधित फैसले पर विचार करने की सहमति दे दी है। कानून पारित करना और उसे लागू करना सबसे पहले मानवीय होना चाहिए।
**- रणदीप हुड्डा, अभिनेता**

## करंट अफेयर


# अमेरिका में हिंदू मंदिर की नाम पट्टिका तोड़ी गई



अमेरिका के इंडियाना शहर में एक हिंदू मंदिर के नामपट्ट को विरूपित कर दिया गया जिसे भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'निंदनीय' बताया है। मंदिर के आधिकारिक जनसंपर्क हैंडल ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि यह 'घृणित कृत्य'' ग्रीनवुड शहर स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में हुआ। इसमें कहा गया है कि एक साल से भी कम समय में यह चौथी बार है जब किसी बीएपीएस मंदिर को निशाना बनाया गया है। शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस कृत्य पर कड़ा संज्ञान लिया और इसे 'निंदनीय' बताया। उसने 'एक्स' पर कहा, 'इंडियाना के ग्रीनवुड स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के मुख्य नामपट्ट का अपमान निंदनीय है।'दूतावास ने कहा कि उसने 'शीघ्र कार्रवाई' के लिए कानून प्रवर्तन अधिकारियों के समक्ष यह मामला उठाया है। इसमें कहा गया है कि महावाणिज्य दूत ने ग्रीनवुड के मेयर सहित श्रद्धालुओं और स्थानीय नेतृत्व की एक सभा को भी संबोधित किया और 'वहां एकता एवं एकजुटता तथा उपद्रवियों के विरुद्ध सतर्कता बरतने का आह्वान किया।' मंदिर प्रशासन ने अपने पोस्ट में यह भी कहा कि इस कृत्य ने ' हमारे समुदाय के संकल्प को मजबूत किया है और हम धर्म-विरोधी व्यवहार के विरुद्ध एकजुट हैं।'

## ऑफ बीट

# दौड़ने से नशे की लत से मिल सकता है छुटकारा



शोध से पता चलता है कि व्यायाम लत से छुटकारा पाने में मदद कर सकता है। यह एक नशामुक्त आनंद है, जो मूड को बेहतर कर सकता है, लालसा (क्रेविंग्स) और मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों को कम कर सकता है, जिससे दोबारा नशे में लौटने से बचाव हो सकता है। हालांकि, अमेरिका में विशेष रूप से नशे से छुटकारा पाने के लिए दौड़ने वाले लोगों के समूह मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर शोध नशा-उपचार के दौरान क्लीनिक में ट्रेडमिल पर किए गए हैं। इससे कई सवाल अनुत्तरित रह जाते हैं जैसे लोग समय के साथ लत से उबरने की अपनी प्रक्रिया में दौड़ का उपयोग कैसे करते हैं, इससे किसे लाभ होता है और क्यों। हम यह समझना चाहते थे कि दौड़ने से लोगों को नशीले पदार्थ या शराब के इस्तेमाल से नशामुक्त जीवन की ओर बढ़ने में कैसे मदद मिलती है।अधिकांश लोगों ने शराब को नशे का मुख्य स्रोत बताया। नतीजे बताते हैं कि नशीले पदार्थ या शराब के इर्द-गिर्द सिमटा जीवन धीरे-धीरे दौड़ने से व्यवस्थित हो गया। शुरुआत में ज्यादातर प्रतिभागी वजन घटाने के लक्ष्यों से प्रेरित थे, न कि स्वास्थ्य लाभ से। वे दौड़ने की तैयारी के दौरान भी मादक पदार्थों का सेवन करते रहे, कभी-कभी लंबी दौड़ शुरू करने से पहले थोड़ी शराब पी लेते थे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# देशभक्ति के रंग में रंगा शहर



## पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा और वाहन रैली, कलेक्टर और पुलिस कप्तान ने संभाली अगुवाई

**हरिभूमि, जबलपुर। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और लोगों को अपने घर, दुकान व प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करने हेतु बुधवार को पुलिस ने भव्य तिरंगा यात्रा और वाहन रैली निकाली गई।**

कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना और पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के नेतृत्व में यह यात्रा पुलिस लाइन ग्राउंड से शुरू हुई। इसमें अपर कलेक्टर, एएसपी सिटी आनंद कलादगी, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा और एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह सहित पुलिस बल, एनसीसी आर्मी/नेवी विंग, स्काउट-गाइड, और शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसी क्रम में कप्तान के मार्गदर्शन में एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा की अगुवाई में वाहन रैली भी निकाली गई। रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, जिला पुलिस बल, यातायात पुलिस और एसटीएफ के जवान इसमें शामिल रहे। चार पहिया और दोपहिया वाहनों पर 'आजादी के रंग खाकी के संग', 'हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता' और 'स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग' जैसे संदेश लिखे बैनर लगाए गए थे, जबकि देशभक्ति गीतों ने माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया।

### तिरंगा यात्रा का रूट-

यात्रा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर हाई कोर्ट चौक, पुल नं. 2, कैरब्ज तिराहा, एम्पायर तिराहा, पेंटीनाका चौक, सदर मेन रोड, बिरमान पेट्रोपंप, कटंगा क्रॉसिंग, गोरखपुर मार्केट, छोटी लाइन, शास्त्री ब्रिज, ब्लूम चौक, तीन पत्ती चौक, नौदरा चौक, तैयब अली चौक और घंटाघर होते हुए पुनः पुलिस लाइन में समाप्त हुई।

### 6वीं बटालियन में घर-घर दस्तक

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 6वीं बटालियन विसबल जबलपुर द्वारा को 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान चलाया गया। सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देश में अधिकारियों ने तिरंगे वितरित कर घर-घर स्वच्छता व देशभक्ति का संदेश दिया और जन-जागरूकता का आह्वान किया।

## जिलेभर में तिरंगा यात्रा का उत्साह

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली रैलियां





जबलपुर।

जिलेभर में हर घर तिरंगा, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम के तहत तिरंगा यात्राओं का भव्य आयोजन किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने मिलकर स्वतंत्रता दिवस से पहले माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक सिंह और अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित अन्य अधिकारियों ने पुलिस लाइन में विद्यार्थियों के साथ तिरंगा रैली निकाली। रैली में प्रतिभागियों ने हर घर तिरंगा के नारे लगाकर लोगों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

### राँझी में विधायक अशोक रोहाणी की नेतृत्व में तिरंगा यात्रा

जबलपुर केंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राँझी में विधायक अशोक रोहाणी के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। बड़ा पत्थर से मस्ताना चौक होते हुए दर्शन सिंह तिराहा तक चली इस यात्रा में 'ऑपरेशन सिंदूर' की झांकी विशेष आकर्षण रही। बड़ी संख्या में युवाओं, मातृशक्ति और जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर देशभक्ति का संदेश फैलाया। एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी, पुष्पराज सिंह सेंगर, गुड्डा केवट, पार्षद निशांत झरिया, अनुराग दहिया, संतोषी ठाकुर, सावित्री शाह, बाबा श्रीवास्तव, रीना ऋषि यादव और गोविंद यादव भी मौजूद रहे।

### कलेक्ट्रेट से घंटाघर तक

कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों ने भी तिरंगा यात्रा निकाली, जो कलेक्ट्रेट से घंटा घर चौक तक गई और फिर वापस कलेक्ट्रेट पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारे लगाए और लोगों को हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की अपील की।

### गूंजे देशभक्ति के नारे

शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी ब्लॉकों और विद्यालयों में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भी तिरंगा यात्राएं निकालीं। रैलियों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस और स्वच्छता के महत्व पर संदेश दिया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक नारे लगाकर माहौल को जोश और देशप्रेम से भर दिया। जिलेभर में हुई इन तिरंगा यात्राओं ने न केवल स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जनमानस में देशभक्ति का जोश भरा, बल्कि स्वच्छता और राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश भी दिया।

### याद-ए-वतन कार्यक्रम में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि आज

जबलपुर। नगर निगम जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में एक विशेष सांस्कृतिक संध्या याद-ए-वतन का आयोजन 14 अगस्त को किया जाएगा। यह आयोजन आज गुरुवार शाम 7 बजे मानस भवन, संस्कारधानी जबलपुर में संपन्न होगा।कार्यक्रम का उद्देश्य देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। इस अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों की संगीतमय प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जिनमें संस्कारधानी के सुप्रसिद्ध सुरसाधकों की भागीदारी रहेगी। विशेष आकर्षण के रूप में लोकप्रिय गायिका ईशिता विश्वकर्मा अपनी विशेष प्रस्तुति देंगी।

# समय से पूर्व सर्जरी से पैदा हुए जुड़वा बच्चे हाई कोर्ट ने दी पिता को अंतरिम जमानत

## आरोपित परिवहन विभाग में करोड़ों के भ्रष्टाचार मामले में पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का साथी है

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने परिवहन विभाग में करोड़ों के भ्रष्टाचार मामले में पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के साथी को मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत का लाभ प्रदान किया है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने यह निर्देश दिया।आईवीएफ उपचार के बाद पत्नी ने गर्भधारण करने के बाद दो जुड़वा बच्चों को सर्जरी से जन्म दिया है बच्चों व पत्नी की देखरेख के बिंदु पर आरोपित चेतन सिंह को राहत दी गई है। जेल में बंद चेतन सिंह की ओर से अंतरिम जमानत के लिए दायर आवेदक में कहा गया था। जिसमें कहा गया था कि उसका विवाह वर्ष 2012 में हुआ था। गर्भधारण के लिए पत्नी का दो बार आईवीएफ उपचार करवाया था। पत्नी ने समय से पूर्व 14 जून को जुडवा बच्चों को जन्म दिया है। जुड़वा बच्चों को कड़ी चिकित्सीय निगरानी में एनआईसीयू में भर्ती कराया गया है। आवेदक अपनी पत्नी और बच्चों का एकमात्र देखभालकर्ता है और उन्हें आवेदक की शारीरिक उपस्थिति की तत्काल आवश्यकता है। उसकी पत्नी स्वयं भी सर्जरी करवा रही है। आवेदक के साथ चिकित्सा संबंधित दस्तावेज भी पेश किए गए थे। सरकारी अधिवक्ता की ओर से अंतरिम जमानत आवेदन का विरोध किया। हाई कोर्ट ने अंतरित जमानत का लाभ प्रदान करते हुए अपने आदेश में कहा है कि आवेदक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती समय से पहले जन्मे जुड़वां बच्चों का पिता है। उनकी देखभाल के लिए आवेदक की शारीरिक उपस्थिति आवश्यक है। गुण-दोष पर विचार किए बिना मानवीय आधार पर आवेदन को 27 अगस्त, 2025 तक अंतरिम जमानत का लाभ प्रदान किया जाता है। आवेदन को 28 अगस्,त 2025 से पहले संबंधित निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा। आवेदन निर्धारित समय अवधि में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो निचली अदालत उसे हिरासत में लेने के लिए स्वतंत्र होगी।



**नवजात की देखरेख के लिए मानवीय आधार पर दी गई राहत**

### प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर सुनवाई आज

आरक्षण के आधार पर पदोन्नति देने के नियम को चुनौती देने के मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ के समक्ष यह मामला निर्धारित है। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से दिल्ली से वरिष्ठ वकील आ सकते हैं। इस मामले में विगत 7 जुलाई को हाईकोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने अंडरटेकिंग दी थी कि अगली सुनवाई तक उक्त पॉलिसी के तहत किसी को प्रमोशन नहीं दिए जाएंगे।भोपाल निवासी डॉ स्वाती तिवारी व अन्य की ओर से याचिका दायर कर दलील दी गई थी कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मध्य प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद सरकार ने नियम बना दिए।



# साइबर इन्वेस्टीगेशन एंड इंटेलिजेंस समिट में जेईसी की भागीदारी

## पुलिस कप्तान ने किया पोस्टर लॉन्च, सफल प्रदर्शन के लिए दी शुभकामनाएं

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 16-17 सितंबर को भोपाल में आयोजित होने जा रही ''साइबर इन्वेस्टीगेशन एंड इंटेलिजेंस समिट'' में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय हैकेथॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रतिभागियों को विभिन्न प्रॉब्लम स्टेटमेंट दिए जाएंगे, जिनके समाधान उन्हें मौके पर तैयार कर प्रस्तुत करने होंगे। प्रदेश में यह हैकेथॉन तीन संस्थाओं जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज (जेईसी) भोपाल और इंदौर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में भाग लेगी। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने जेईसी की भागीदारी के लिए प्रतियोगिता का पोस्टर लॉन्च किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. राजीव चाण्डक, एचओडी एवं इवेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. आज्ञा मिश्रा और हैकेथॉन में भाग लेने वाले छात्र उपस्थित रहे। कप्तान उपाध्याय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को साइबर सुरक्षा और इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नयी सोच और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती हैं। उन्होंने जेईसी टीम के सफल प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

### 1.5 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर। लार्डगंज पुलिस ने एक किलो 555 ग्राम गांजा, नगदी एक हजार रुपये और मोबाइल के साथ आशुतोष सिंह उर्फ आसू (23) को रंगे हाथ पकड़ा। पेट्रोलिंग के दौरान जेडीए स्कीम नंबर 41 जीरो डिग्री पर संदिग्ध हाल में मिले आरोपी के थैले से गांजा बरामद हुआ। बरामद माल की कीमत लगभग 31 हजार रुपये आंकी गई। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर गांजा की सप्लाई के स्रोत की जांच की जा रही है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजेश वर्मा व पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## खितौला बैंक डकैती

# दलाली और लालच में मिला किराए का कमरा, कपड़े और लूट का थैला बदलकर 24 घंटे तक गांव में रहे लुटेरे!

## इंद्राना में छिपे थे नकाबपोश, पिस्टल और बिना नंबर की बाइक बरामद, कप्तान के बाद आईजी ने किया इनाम घोषित

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि, जबलपुर।

सिहोरा के खितौला स्थित इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में सोमवार सुबह हुई 15 करोड़ के सोने और नकदी की सनसनीखेज डकैती के तार अब इंद्राना गांव से जुड़ गए हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि पांचों आरोपी लुटेरे वारदात से कुछ दिन पहले ही यहां एक किराए के कमरे में आकर ठहरे थे और वारदात के बाद लगभग 24 घंटे तक वहीं छिपे रहे। वहीं पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने लुटेरों की गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया था जिसे बढ़ाकर आईजी प्रमोद वर्मा ने 30 हजार कर दिया। हालांकि स्थानीय लोग लुटेरों के सम्बंध में जानकारी की पुष्टि कर रहे लेकिन पुलिस अभी तक इस जानकारी की पुष्टि खुद नहीं कर रही हैं।

### वारदात के बाद लौटे ठिकाने पर

सूत्रों के मुताबिक सोमवार सुबह बैंक से 14 किलो 875 ग्राम सोना और 5 लाख से अधिक नकदी लूटने के बाद आरोपित अलग-अलग रास्तों से भागकर सीधे इंद्राना पहुंचे। यहां वे उसी कमरे में लौटे जिसे उन्होंने वारदात से पहले किराए पर लिया था। दिन भर और रातभर वहीं रहे, ताकि पुलिस की नाकाबंदी से बच सकें।

### कपड़े और थैला बदले, पहचान छुपाई

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपितों ने यहां लूट का थैला बदला और कपड़े बदलकर अपनी पहचान छुपाने की कोशिश की। उनका मकसद था कि अगर रास्ते में पुलिस की जांच हो भी जाए तो हुलिया बदलने से पहचान न हो सके। इस चालाकी से वे सीमाओं पर कड़ी नाकाबंदी के बावजूद भाग निकले।

### पुलिस के हाथ लगे अहम सबूत

मंगलवार को पुलिस टीम इंद्राना पहुंची और किराए के कमरे की तलाशी ली। यहां से डकैती में इस्तेमाल पिस्टल, बिना नंबर की मोटर साइकिल, खाली थैला और कपड़े बरामद हुए। ये सभी सामान वारदात में आरोपियों की मौजूदगी और उनकी योजना की पुष्टि करते हैं।

### दलाली और किराए के लालच में मिली पनाह

किराए का कमरा इंद्रजीत विश्वकर्मा के मकान में था। पूछताछ में उसने बताया कि गांव के ही सोनू बर्मन ने उसे चार-पांच युवकों से मिलवाया था। वे ज्यादा किराया दे रहे थे, इसलिए बिना ज्यादा पूछताछ के उसने कमरा दे दिया। सोनू ने भी कबूल किया कि मोटा कमीशन मिलने के कारण उसने यह कमरा दिलाने में मध्यस्थता की थी।

### 'रईस' पर गहराया शक

जांच में पुलिस को गांव के ही रईस नामक युवक पर गहरा संदेह है। स्थानीय लोगों से हुई पूछताछ में खुलासा हुआ कि रईस ने ही सोनू को कमरा ढूंढने के लिए कहा था। उसने दावा किया था कि बाहर से आने वाले अपने पांच दोस्तों को सिर्फ आठ दिन के लिए ठहराना है। इसके बदले सोनू को 2 हजार रुपये दलाली देने की पेशकश की थी। पुलिस को शक है कि रईस ही वारदात का लोकल संपर्क था और संभवतः यूपी से आए अपराधियों को उसी ने बुलाया। वारदात के बाद से रईस भी लापता है।

### भनक लगते ही फरार

पुलिस ने कमरे के आसपास रहने वाले ग्रामीणों से पूछताछ की। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपितों की गतिविधियां संदिग्ध थीं और वे अक्सर मुंह ढककर रहते थे। पुलिस के आने से कुछ देर पहले ही वे गांव से गायब हो गए। इससे अंदेशा है कि उन्हें किसी तरह पुलिस की कार्रवाई की भनक लग गई थी।

### तलाश तेज, कई राज्यों में दबिश

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दो संदिग्ध मकान मालिक इंद्रजीत और मध्यस्थ सोनू बर्मन को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इनसे मिले सुरागों के आधार पर पुलिस की टीमें अब पड़ोसी राज्यों में भी दबिश दे रही हैं।

### गहन जांच जारी है-

बैंक लूट मामले में पुलिस पूरी गंभीरता और तेजी से काम कर रही है। हमें उम्मीद है कि आरोपी जल्द गिरफ्त में होंगे। फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है।

**-संपत उपाध्याय,**
**पुलिस कप्तान**


# अवमानना मामले में सागर कमिश्नर से मांगा जवाब

# करोड़ों के भ्रष्टाचार संबंधी आरोपों की क्यों नहीं हुई जांच

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने सागर जिले की रहली जनपद पंचायत में करोड़ों का भ्रष्टाचार होने के आरोप संबंधी मामले में पूर्व आदेश का पालन न होने पर स्पष्टीकरण मांग लिया है। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने सागर कमिश्नर को अवमानना नोटिस जारी किया।

अवमानना याचिकाकर्ता सागर निवासी मुकेश श्रीवास की ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जनपद पंचायत रहली के रिटायर्ड सीईओ राजेश पटेरिया व प्रदीप पाठक, लेखपाल अधिकारी के द्वारा व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया था। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत रहली के कर्मचारियों को वेंडर बनाकर मनरेगा योजनाओं के 14 वें व 15 वें वित्त वर्ष 2016, 2017 से वर्ष 2025 तक करोड़ों का हेरफेर किया गया। इस मामले की जानकारी सीईओ पटेरिया के सेवानिवृत्त होने के बाद उजागर हुई। जिसके बाद मामले की शिकायत आवेदक की ओर से लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू व सागर कमिश्नर के समक्ष की गई थी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। लिहाजा, हाई कोर्ट में जनहित



याचिका दायर की गई थी। जिस पर कमिश्नर सागर को निर्देशित किया था कि वे जांच करे और उसकी एक कापी आवेदक को दें। यदि आवेदक से जांच से संतुष्ट नहीं होता तो वह पुनः याचिका दायर कर सकता है। दायर अवमानना याचिका में कहा गया कि उक्त निर्देश के बावजूद सागर कमिश्नर की ओर से कोई जांच नहीं की गई।

### हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय पर लगाई 5 लाख रुपए की कॉस्ट

# सागर विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद का निर्णय खारिज

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर्स की नियुक्ति में गड़बड़ी के मामले में सागर विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद (ईसी) द्वारा 14 नवंबर 2022 को पारित निर्णय को खारिज कर दिया। दरअसल, कोर्ट ने पाया कि अपनों को उपकृत करने के लिए ईसी के फैसले के तहत 82 पदों की जगह 157 पदों पर नियुक्तियां दे दी गई थीं। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा, चूँकि विश्वविद्यालय ने इस मामले में पूरी तरह से अवैधानिक कार्य किया है, इसलिए उस पर जुर्माना लगाया जाना उचित है। कोर्ट ने कहा कि ईसी के उक्त निर्णय से योग्य अभ्यर्थियों का अधिकार छीना गया है और अवैध रूप से चयनित उम्मीदवारों को बचाने का प्रयास किया गया है। हाईकोर्ट ने इस कृत्य के लिए विश्वविद्यालय पर 5 लाख रुपए की कॉस्ट अधिरोपित की।

सागर निवासी डॉ दीपक गुप्ता ने नियुक्ति प्रक्रिया को अवैधानिक बताते हुए 2022 में याचिका दायर की थी। याचिका में कार्यपरिषद (ईसी) द्वारा 14 नवंबर 2022 के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय को आदेश दिए कि ईसी के 7 फरवरी 2020 के निर्णय के तहत 3 माह के भीतर नए सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया करें। कोर्ट ने साफ कहा कि यदि नियत अवधी में ऐसा नहीं हुआ तो 14 नवंबर 2022 के निर्णय के तहत नियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर 15 नवंबर 2025 से कार्यरत नहीं माने जाएंगे। हाईकोर्ट ने कहा कि 5 लाख की कॉस्ट में से 2 लाख मप्र पुलिस कल्याण फंड, एक लाख नेशनल डिफेंस फंड, एक लाख रुपए आर्म्ड फोर्सेस फ्लेग डे फंड, 50 हजार मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और 50 हजार हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के खाते में 45 दिनों के भीतर जमा कराई जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय कॉस्ट की उक्त राशि ईसी में शामिल प्रत्येक सदस्यों से वसूल करने के लिए स्वतंत्र है।



# निकली तिरंगा यात्रा, राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा पाटन नगर

**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला जबलपुर के पाटन विकासखंड अंतर्गत पाटन नगर मुख्यालय स्थित ओमकार नामदेव भगवती शिशु मंदिर में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति और जनजागरूकता का संदेश देते हुए नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, परिषद के प्रदेश सलाहकार श्री शिवनारायण जी ने विद्यार्थियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि "हमारी आज़ादी असंख्य वीरों की शहादत का परिणाम है। राष्ट्र के उत्थान में हम सभी की सहभागिता आवश्यक है और यही हमारा परम कर्तव्य है।" विद्या भारती के जिला सचिव विवेक चौधरी ने तिरंगा यात्रा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा नई पीढ़ी में देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना जाग्रत करने का सशक्त माध्यम है।इस अवसर पर परिषद के संभाग समन्वयक रवि बर्मन, प्रधानाचार्य संजय मिश्रा, विकास खंड समन्वयक श्रीमती नूपुर खरे, नवांकुर संस्था से रामनारायण सिंह, अंजना विश्वकर्मा, जितेंद्र राठौर, परामर्शदाता रामराजा यादव, कामता प्रसाद सेन, श्रीमती प्रियंका जैन, यशवंत सेन, सुधा कुशवाहा, सरिता, महक दुबे एवं शीतल दुबे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बरेला में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**बरेला।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित, देश भर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा के क्रम में पनागर के लोकप्रिय विधायक श्री सुशील तिवारी जी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा के प्रभारी हर्ष तिवारी जी, के संयोजन में बरेला नगर में भी विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें न. प. अध्यक्ष प्रतीक दुबे, अर्पित जैन (गोलू) राहुल बारी,आशा गोटिया, सोनू सोनकर, संजय पटेल मनोज यादव,रामेश्वर साहू,राजू रजक, दीपक वरकडे, संजय पटेल, रामेश्वर साहू, मुनि विश्वकर्मा, विक्की पटेल,प्रवेश पटेल, भानु नवेरिया,मैसी विश्वकर्मा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# छात्रों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई

**मझौली।** विद्यालय सत्यवती जगदीश पालीवाल मेमोरियल हा. से. स्कूल, मझौली संचालक राजेंद्र चौरसिया के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा घर घर तिरंगा फहराना घर घर स्वछता अभियान एवं आपरेशन सिंदुर की सफलता पर यात्रा में छात्रों एवं विद्यालय प्रबंधन के साथ जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा में क्षात्र क्षात्राओ के द्वारा अति मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र बन गयी जब हज़ारों की संख्या के मध्य कुछ छात्र भारत माता, भगत सिँह, शुभाष चंद्र की वेशभूषा में आये ओर कुछ छात्रों ने सैनिकों की वेशभूषा में आकर तिरंगा यात्रा को ऑपरेशन सिंदूर को भी समर्पित कर दिया।



# मंगलायतन विवि में ब्राह्मण सम्मान समारोह, मिलन कार्यक्रम आयोजित



**बरेला।** शिक्षा से ज्ञान प्राप्त होता है और ज्ञान से अच्छे संस्कार मिलते हैं। ज्ञान के बिना मनुष्य मिट्टी के ढेले की तरह है। हमारे क्षैत्र का सौभाग्य है कि मंगलायतन के माध्यम से बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सर्व ब्राह्मण समाज बरेला और परिक्षैत्र के गोरी शंकर पांडे, अनिल उपाध्याय, बसंत तिवारी, कृष्ण कुमार द्विवेदी,रमेश शास्त्री,परिक्षैत्रीय अध्यक्ष अरविन्द तिवारी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। समाज सुधार हेतु सार्थक चर्चा हुई। मंगलायतन विश्व विद्यालय के कुलगुरू आर एस सांभा राव, रजिस्टर बी एस नगर किशोरी, आशुतोष सक्सेना,रूपल ज्योतकी, अमित दुबे ने समस्त सम्माननीय बिप्र बंधुओं का सालश्रीफ से स्वागत किया। और संस्थान के संदर्भ में जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक सरपंच आशीष शुक्ला की अनुशंसा पर बच्चियों को लगभग निशुल्क शिक्षा अध्यन कराया जाएगा।

इस शानदार आयोजन में सतेन्द्र गर्ग, अमित शुक्ला, योगेश दुबे, सुनील पाठक, श्री कांत उपाध्याय, अनंतधर,बडगैया,बाला महराज, कृपाशंकर, केके शुक्ला, हरगोविंद गर्ग,लक्ष्मण तिवारी, आनंद शुक्ला, ज्ञानू प्यासी, गोविंद दुबे, रजनीश पांडे, सुरेश तिवारी,उमेश नवेरिया, दिनेश तिवारी, नारायण शंकर दुबे, संजय दुबे, नरेंद्र दुबे, निरंजन द्विवेदी,राजा उपाध्याय,बद्री पांडे, उमेश दुबे, प्रभात दुबे, सुरेन्द्र तिवारी,अजय दुबे,नीरज सिंह, संतोष पाठक, प्रभुनाथ चौबे, सचिन दुबे, संतोष बिलोहा, राजेन्द्र मिश्रा, हरीश उपाध्याय, मुन्ना,लखन बैदेही, राजेश उपाध्याय, मनोज गौतम, ग़ुलाब धर,भूषण,बडगैया, धर्मेंद्र मिश्रा, श्रीमती इंदिरा तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।आभार आशीष शुक्ला ने व्यक्त किया।



# ऑनलाइन फीडिंग करने में सिलुआ पंचायत को मिला प्रथम स्थान

**सिहोरा।** जनपद पंचायत सिहोरा की 20 ग्राम पंचायत को विकास कार्य की समयबद्ध ऑनलाइन फीडिंग करने और जनपद स्तर पर सर्वाधिक उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने के लिए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दिलीप पटेल ने मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित होकर प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया । जिला पंचायत जबलपुर की 542 ग्राम पंचायत में तीसरा स्थान एवं जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायतों में सिलुआ पंचायत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया है उसे भी प्रसस्ति पत्र और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशा देवी पटले सहित समस्त कर्मचारी सरपंच एंव सचिव गण उपस्थित थे।

## पूर्व क्षेत्र कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक नीता राठौर को प्रबंध संचालक ने दी विदाई

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) नीता राठौर को कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने कार्यालय में आयोजित एक स्नेहिल समारोह में विदाई दी। इस अवसर पर कार्पोरेट कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रबंध संचालक श्री द्विवेदी ने श्रीमती राठौर के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कंपनी की मानव संसाधन एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कुशल मार्गदर्शन, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं समर्पण भाव से कंपनी को नई दिशा मिली। श्रीमती राठौर ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पूर्व क्षेत्र कंपनी में प्रबंध संचालक के नेतृत्व में कार्य करना गर्व की बात रही और यहां के सहयोगी वातावरण एवं टीम भावना को वे हमेशा याद रखेंगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रीमती राठौर को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



## खो-खो में शास. हाई स्कूल रामपुर बना विजेता

**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधकारी के निर्देशन एवं शासकीयपूर्व प्राथमिक संस्थान (मांटेशरी) प्राचार्य के संयोजन में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 14, 17, 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग का आयोजन महाराष्ट्र व्यायाम शाला मैदान में किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि भारतीय खो-खो महासंघ के सहसचिव संजय यादव एवं विनोद पोद्दार, चन्द्रशेखर स्वामी, गिरीशकांत मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। फाइनल मैच बरेला एवं शास. रामपुर विद्यालय के मध्य खेला गया, जिसमें रामपुर विद्यालय ने विजेता होने का गौरव हासिल किया। वहीं 19 वर्ष बालिका वर्ग का फाइनल शास. हाई स्कूल रामपुर और रानी दुर्गावती कन्या विद्यालय गढ़ा के मध्य खेला गया, जिसमें रामपुर विद्यालय विजेता रहा। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में मीनल चैतन्य, शीला चौहान, प्रतिभा उपाध्याय, प्रांजुल उपाध्याय का सहयोग रहा। निर्णायक की भूमिका सूकोरी नैन्सी जैन, गोल्डी केशरवानी, पूजा बर्मन, शुभम काछी, विवेक यादव, अरुण यादव, सुशील जायसवाल, आफरीन शेख, वंशिका, शिवानी यादव ने निभाई।



## पर्यटन स्थलों को स्वच्छ बनाने का अभियान प्रारंभ

**भेड़ाघाट।** नगर परिषद भेड़ाघाट में महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना द्वारा पर्यटन स्थलों को सुरक्षित स्वच्छ बनाने की दिशा में सुरक्षित और स्वच्छ पर्यटन का अभियान चालू किया गया इसी कड़ी में आज भेड़ाघाट नगर परिषद में संकल्प शपथ ली गई मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल एवं बाईपास संस्था जबलपुर के ऑर्डिनेटर प्रकाश राय एवं आनंदित ठाकुर नगर परिषद भेड़ाघाट से अनुज सिंह ठाकुर ,लक्ष्मी नारायण दुबे, सुनील बैरागी ,मुखर्जी ,दिव्या तिवारी, प्रिंसी नामदेव, प्रशांत त्रिपाठी एवं अन्य कर्मचारीयों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## डॉ. मोना राष्ट्र सेवा पुरस्कार से सम्मानित



**जबलपुर।** फाइनेंस एवं प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए समाज सेविका, लेखिका, शिक्षा मीमांसी डॉ. मोना को नीति आयोग, भारत आयोग से मान्यता प्राप्त भारत सेवा सोसायटी एवं वेयिल फाउंडेशन, बेंगलौर (कर्नाटक) द्वारा राष्ट्र सेवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर अनेक शिक्षाविदों व शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

# लेनार्ड एचएस स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अनुशासन व निष्ठा की शपथ ली



**जबलपुर।** लेनार्ड एचएस स्कूल, सिविल लाइन जबलपुर के छात्र-छात्राओं को स्कूल में अनुशासन एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई। स्कूल के प्राचार्य, स्टाफ, छात्रों और मेहमानों की उपस्थिति में हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, हाउस वायस कैप्टन, प्रीफेक्ट्स, सर्व-प्रीफेक्ट्स ने आज्ञाकारिता, जिम्मेदारी और कर्तव्य की शपथ ली।

अपने संदेश के दौरान स्कूल प्राचार्य एलजी लोबो ने नव निर्वाचित सदस्यों को समझाया कि उनके चयन की प्रक्रिया उनके छात्र जीवन के विभिन्न चरणों से होकर गुजरी है, जिसमें शिक्षकों ने पाठ्यचर्चा गतिविधियों में उनकी भागीदारी, आज्ञाकारिता, अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान, ईमानदारी और नेतृत्व गुणों को ध्यान में रखते हुए उनके पिछले वर्षों के माध्यम से उनका अवलोकन और आकलन किया है। उन्होंने छात्रों से अपने शिक्षकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का आग्रह किया और समझाया कि किसी भी पद के साथ जिम्मेदारियों और कर्तव्य आते हैं जिन्हें हमें पूरी ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए। शपथ समारोह के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य ने स्कूल के झंडे और हाउस के झंडे संबंधित हेड ब्वॉय अय्यूब खान, हेड गर्ल मैत्री पांडे, रेड हाउस के कैप्टन अखिल सोनी, यलो हाउस के कैप्टन मंजीत खलखो, ग्रीन हाउस के कैप्टन प्रांसु कुजूर को सौंपे। इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले शिक्षकों में जोस पेपन, मिस पूजा, मिस हर्षिता शामिल थे, जबकि एंकरिंग मिस नीलिमा स्वामी ने की।

# युवा यादव महासभा का रक्तदान शिविर संपन्न

**जबलपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व युवा यादव महासभा के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लेडी एल्गिन अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 13 अगस्त को किया गया इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया एवं भगवान श्री कृष्ण के दिखाए मार्ग पीड़ित मानवता की सेवा में चलने का प्रयास किया। कार्यक्रम में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, पूर्व विधायक संजय यादव, दिनेश यादव, संस्कार कांवड़ यात्रा के संयोजक शिव यादव, सुभाष यादव, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रदीप यादव, मनोज यादव, पार्षद हर्षित यादव, एड. शारदा यादव, एड. शालापनाथ यादव, घनश्याम यादव, अश्विनी यादव, सविता यादव, संदीप यादव और आज जिन्होंने उपस्थित होकर रक्तदान किया। उनमें युवा अध्यक्ष शशांक यादव, बबलू यादव, डॉ. हर्षि यादव, चित्रांश यादव, अशोक यादव, दीपक यादव, संजय यादव, अंकित यादव, विजय यादव, असित यादव, रिंकू, गोलू यादव, देवांश यादव, अनुराग यादव, जीतेश सद्दाम यादव, दीपक यादव, अजय यादव, प्रदुम यादव, पंकज यादव, अनूप यादव, पंकज सिंह, नितिन यादव, मधुर यादव आदि ने आज के इस रक्तदान शिविर में उपस्थित होकर अपना रक्तदान किया।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सद्भावना संगठन वितरित करेगा माखन-मिश्री का प्रसाद

**जबलपुर।** सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में 16 अगस्त को निकाली जाने वाली भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की ऐतिहासिक शोभायात्रा पर सामाजिक संस्था मप्र युवा रचनात्मक सद्भावना संगठन एवं मप्र जूनियर कॉलेज छात्र संगठन मुख्य संरक्षक कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया, पूर्व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, एड. मनीष मिश्रा, कांग्रेस नेता समाजसेवी मनोज नामदेव के संयोजन में जवाहरगंज वार्ड, घमंडी चौक पर मंच से शोभायात्रा का स्वागत कर माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया जाएगा।




**श्री बीएम भार्गव-** राइट टाउन टेलीग्राफ गेट नं. 4 के निकट निवासी श्री बीएम भार्गव (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मोना खत्री-** नेपियर टाउन पंजाबी हिंदू एसोसिएशन के पास निवासी श्री सुरेंद्र खत्री की धर्मपत्नी श्रीमती मोना खत्री (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहित कुमार कश्यप-** बजरंग रेलवे कॉलोनी इंद्रा मार्केट के पास निवासी श्री राम भरोसे कश्यप के पुत्र श्री रोहित कुमार कश्यप (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुस्कान कुकरेजा-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाट निवासी श्री अशोक कुमार कुकरेजा की धर्मपत्नी श्रीमती मुस्कान कुकरेजा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती देववती बाई मिश्रा-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री परमेश्वर मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती देववती बाई मिश्रा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवदास धुरके-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर शिवाजी चौक निवासी श्री देवदास धुरके का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम सुंदर श्रीवास्तव-** संजीवनी नगर निवासी श्री श्याम सुंदर श्रीवास्तव (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती कोरी-** सिद्धबाबा वार्ड गणेश चौक निवासी श्री राजेंद्र कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती कोरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शारदा शर्मा-** आजाद नगर रांझी बड़ा पत्थर निवासी श्री सोमनाथ शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा शर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीवन लाल दाहिया-** मदनमहल सुदामानगर गढ़ा रोड निवासी श्री जीवन लाल दाहिया (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल रजक-** राजीव नगर कटंगा कैंट निवासी श्री अनिल रजक (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोनी लाल चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री सोनी लाल चौधरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति झा-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री कृष्ण कुमार झा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति झा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र गुप्ता-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री राजेंद्र गुप्ता (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोपाल लडिय़ा-** गढ़ा निवासी श्री गोपाल लडिय़ा (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भूरा रजक-** कटियाघाट रोड गौर निवासी श्री सुखचैन रजक के पुत्र श्री भूरा रजक (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला ठाकुर-** गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री माधव सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती विमला ठाकुर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज़:- सें.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज़:- सें.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज़ सें.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने दिया झटका, देना होगा ऑनलाइन ट्रांसफर पर शुल्क

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने ग्राहकों को बड़ा झटका दिया है। अब बैंक के ग्राहकों को 15 अगस्त 2025 से ऑनलाइन आईएमपीएस ट्रांसफर पर शुल्क देना पड़ेगा, जो पहले पूरी तरह फ्री था। आईएमपीएस यानी इंस्टेंट मनी पेमेंट सर्विस एक रियल-टाइम फंड ट्रांसफर सिस्टम है, जिसकी मदद से कोई भी व्यक्ति तुरंत पैसा ट्रांसफर कर सकता है। यह सेवा पूरे 24 घंटे और 365 दिन उपलब्ध रहती है।

आईएमपीएस के जरिए एक बार में अधिकतम 5 लाख रुपए तक ट्रांसफर किया जा सकता है। बता दें कि एसबीआई द्वारा किया गया बदलाव केवल ऑनलाइन लेनदेन पर लागू होगा और कुछ स्लैब में मामूली शुल्क जोड़े जाएंगे। हालांकि, कुछ खातों पर ये शुल्क अब भी नहीं लगेंगे।

## 15 अगस्त 2025 से आईएमपीएस शुल्क देना होगा

### अन्य बैंकों में क्या स्थिति है?

केनरा बैंक में ₹1,000 तक कोई शुल्क नहीं है वहीं 1,000 रुपए से 5 लाख रुपए तक के लेनदेन पर 3 रुपए से 20 रुपए+ जीएसटी तक चार्ज लगता है। पीएनबी(पंजाब नेशनल बैंक) में 1,000 रुपए तक पर कोई चार्ज नहीं लगेगा. 1,001 रुपए से ऊपर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन पर 5 रुपए से ₹10 रुपए+ जीएसटी तक का चार्ज है, जबकि ब्रांच से ट्रांजेक्शन करने पर यह चार्ज थोड़ा अधिक होता है।

### क्या होता है आईएमपीएस चार्ज?

आईएमपीएस चार्ज वह रकम है, जो बैंक आपसे उस सुविधा के लिए लेता है जिसमें वह आपके पैसे को तुरंत दूसरे व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर करता है। यह शुल्क आपकी ट्रांसफर की गई राशि के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। आमतौर पर बैंक यह चार्ज डिजिटल सर्विस को मेंटेन करने, नेटवर्क खर्च, और ट्रांजेक्शन की प्रोसेसिंग के बदले लेता है।



- पहले इंस्टेंट मनी पेमेंट सर्विस पूरी तरह फ्री था
- इस सेवा से कोई भी व्यक्ति तुरंत पैसा ट्रांसफर कर सकता है

*वेतनभोगी ग्राहकों को राहत : एसबीआई के उन ग्राहकों को इस शुल्क से राहत मिलेगी जो किसी सरकारी या निजी संस्थान के सैलरीड हैं और उनके पास विशेष सैलरी पैकेज अकाउंड है। इनमें डीएसपी,सीजीएसपी, पीएसपी, आरएसपी, सीएसपी, एसजीएसपी, आईसीजीएसपी और एसयूएसपी जैसे खाते शामिल हैं, जिन पर अब भी IMPS शुल्क नहीं लगेगा।*

*ब्रांच से आईएमपीएस करने पर कोई बदलाव नहीं : अगर आप एसबीआई की शाखा में जाकर आईएमपीएस करवाते हैं, तो वहां पहले की तरह ही शुल्क लगेगा. इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है. शाखा से किए गए आईएमपीएस ट्रांजेक्शन पर शुल्क 2 रुपए से शुरू होकर 20 रुपए+ जीएसटी तक जा सकता है, जो ट्रांसफर की राशि पर निर्भर करता है।*

### ऑनलाइन आईएमपीएस लेनदेन पर कितना लगेगा शुल्क?

अगर आप इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग या यूपीआई जैसे ऑनलाइन माध्यम से आईएमपीएस करते हैं, तो अब आपको शुल्क देना होगा। ये चार्ज इस प्रकार हैं – 25,000 रुपए तक कोई शुल्क नहीं लगेगा। 25,001 से 1 लाख रुपए पर 2 रुपए+ जीएसटी का चार्ज लगेगा। 1 लाख से 2 लाख रुपये पर 6 रुपए+ जीएसटी का चार्ज लगेगा। वहीं 2 लाख रुपये से 5 लाख तक 10 रुपए+ जीएसटी चार्ज होगा। पहले इन सभी लेनदेन पर कोई शुल्क नहीं था, लेकिन अब हर स्लैब पर थोड़ा-थोड़ा पैसा देना होगा।

## खबर संक्षेप

### विक्रम सोलर का आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा

नई दिल्ली। सौर मॉड्यूल बनाने वाली कंपनी विक्रम सोलर ने अपने आगामी 2,079 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 315 से 332 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि उसका आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा और 21 अगस्त को बंद होगा। आईपीओ 1,500 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों और 1.74 करोड़ से अधिक शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।

### ऑयल इंडिया को 2,046.51 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 2,046.51 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रहा। पेट्रोलियम कीमतें गिरने से लाभ वृद्धि प्रभावित हुई है। अप्रैल, 2025 में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,046.51 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 2,016.30 करोड़ रुपये था। हालांकि एकल आधार पर शुद्ध लाभ पहली तिमाही में घटकर 813.48 करोड़ रुपये रह गया जो पिछले साल की समान तिमाही में 1,466.84 करोड़ रुपये था।

### ओला की स्पोर्ट्स खंड में उतरने की तैयारी

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना के तहत 15 अगस्त को स्पोर्ट्स स्कूटर खंड में प्रवेश की घोषणा कर सकती है। कंपनी 15 अगस्त को आगामी वार्षिक कार्यक्रम में नई श्रृंखला का अनावरण करने की योजना बना रही है। अपने वार्षिक 'संकल्प' कार्यक्रम से पहले, कंपनी ने बुधवार को एक टीजर जारी किया, जिसमें उसके स्कूटर का नया और ज्यादा स्पोर्टी मॉडल नजर आ रहा है।

### एनएसडीएल का मुनाफा 24 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 24 प्रतिशत बढ़कर 82.6 करोड़ रुपये रहा। राजस्व और बाजार हिस्सेदारी बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। बीते वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में, एनएसडीएल ने 66.6 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था। हाल में सूचीबद्ध कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय 21.68 प्रतिशत बढ़कर 190.4 करोड़ रुपये हो गई।

### कर्नाटक बैंक का मुनाफा 27 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के कर्नाटक बैंक का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में शुद्ध मुनाफा 27 प्रतिशत घटकर 290 करोड़ रुपये रह गया। बैंक का 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में मुनाफा 400 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 2,620 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल समान तिमाही में 2,557 करोड़ रुपये थी। बैंक द्वारा अर्जित ब्याज अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 2,278 करोड़ रुपये से घटकर 2,261 करोड़ रुपये रह गया।

### संवर्धन मदरसन के लाभ में 46 प्रतिशत गिरावट

नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा कंपनी संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लि. का अस्थिर कारोबारी माहौल के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत घटकर 606 करोड़ रुपये रह गया। वाहन कलपुर्जा क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,115 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उद्योग की प्रतिकूल परिस्थितियों और अस्थिरता का लाभप्रदता पर अस्थायी प्रभाव पड़ा है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 30,212 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 29,317 करोड़ रुपये थी।

## चुनौतियां दो तिमाही में समाप्त हो जाएगी

# अमेरिकी शुल्क का प्रभाव छह महीने से ज्यादा टिकने वाला नहीं: सीईए नागेश्वरन

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से जुड़ी चुनौतियां ज्यादा टिकने वाली नहीं है और एक या दो तिमाहियों में समाप्त हो जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश अन्य दीर्घकालिक चुनौतियों से जूझ रहा है और उन्होंने इससे निपटने के लिए निजी क्षेत्र से और अधिक प्रयास करने का आग्रह किया।

नागेश्वरन ने वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर में आई नरमी के लिए कर्ज से जुड़ी कड़ी स्थिति और नकदी की समस्याओं को जिम्मेदार ठहराया। वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही जो एक साल पहले 9.2 प्रतिशत थी। नागेश्वरन ने कहा कि सही कृषि नीतियां वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में 25 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती हैं।

### ट्रंप-पुतिन बैठक प्रभावित करेगी नतीजे

*इस महीने के अंत में व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी अधिकारियों के भारत आने की अटकलों के बीच उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में होने वाली आगामी बैठक इस वार्ता के नतीजों को प्रभावित कर सकती है।*

- निजी क्षेत्र से अधिक प्रयास का आग्रह
- वृद्धि दर में नरमी नकदी की समस्या के कारण आई
- सही कृषि नीतियां जीडीपी में वृद्धि कर सकती है



### दीर्घकालीक प्रभाव नहीं होगा शुल्क नीति का

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बारे में कहा, ''मेरा मानना है कि मौजूदा स्थिति एक या दो तिमाहियों में सुधर जाएगी। मुझे नहीं लगता कि दीर्घकालिक दृष्टिकोण से, भारत पर इसका कोई खास प्रभाव पड़ेगा, लेकिन अल्पावधि में इसका कुछ असर जरूर होगा।''

### रत्न-आभूषण, झींगा व वस्त्र क्षेत्र पर पड़ेगा असर

सीईओ ने अमेरिकी शुल्क के बारे में कहा कि रत्न एवं आभूषण, झींगा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों पर पहले चरण का प्रभाव पड़ने के बाद दूसरे और तीसरे चरण के प्रभाव पड़ेंगे। उनसे निपटना 'अधिक कठिन' होगा। नागेश्वरन ने कहा कि सरकार स्थिति से अवगत है और प्रभावित क्षेत्रों के साथ बातचीत शुरू हो चुकी है। आने वाले दिनों में नीति निर्माताओं की प्रतिक्रिया मिलेगी, लेकिन लोगों को धैर्य रखना होगा।

*निजी क्षेत्र चुनौतियों से निपटने में सहायक : नागेश्वरन ने कहा कि कोई भी यह अनुमान नहीं लगा सकता कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर उच्च शुल्क लगाने का फैसला क्यों किया। उन्होंने कहा कि क्या यह ऑपरेशन सिंदूर का नतीजा है या इससे भी ज्यादा रणनीतिक। उन्होंने निजी क्षेत्र से इन दीर्घकालिक चुनौतियों से निपटने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया।*

### निजी क्षेत्र अनुसंधान पर निवेश बढ़ाए

नागेश्वरन ने कहा, ''आने वाले वर्षों में हमारे सामने उत्पन्न होने वाली बड़ी रणनीतिक चुनौतियों को देखते हुए, निजी क्षेत्र को भी बहुत कुछ सोचना होगा...। निजी क्षेत्र को अगली तिमाही के बजाय दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बारे में भी सोचना होगा...। उन्होंने कहा कि सरकार ने अनुसंधान को बढ़ावा देने के मकसद से राशि आवंटित की है और अब निजी क्षेत्र को इस क्षेत्र में अपने निवेश को बढ़ाने की जरूरत है।

# सेबी एल्गो ट्रेडिंग के लिए तय करेगी परिभाषा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अनुपालन का बोझ कम करने के लिए बुधवार को शेयर ब्रोकरों से संबंधित नियमों में सुधार के तहत 'एल्गो ट्रेडिंग' की परिभाषा तय करने का प्रस्ताव रखा।

इस प्रस्ताव के मुताबिक, 'एल्गो ट्रेडिंग' का मतलब ऐसे किसी भी शेयर लेनदेन ऑर्डर से होगा जो स्वचालित निष्पादन तंत्र के जरिये तैयार या जारी किया गया हो। मौजूदा नियमों में अभी तक इसकी कोई परिभाषा तय नहीं है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 'सिर्फ निष्पादन मंच' (ईओपी) की भी परिभाषा सुझाई है, जिसके तहत ऐसे डिजिटल या ऑनलाइन मंच आएंगे जो म्यूचुअल फंड की प्रत्यक्ष निवेश योजनाओं में खरीद, बिक्री और दूसरी योजना में निवेश जैसी सुविधा दें। इसके अलावा सेबी ने शेयर ब्रोकरों को सरकारी प्रतिभूतियों के लेनदेन के लिए प्रचलित समझौता-आधारित आदेश मिलान मंच 'एनडीएस-ओएम' तक पहुंच देने का भी प्रस्ताव रखा है। यह सुविधा फिलहाल बैंकों और प्राथमिक डीलरों को ही मिली हुई है। प्रस्तावित ढांचे में ब्रोकरों की जिम्मेदारियों में निवेशकों के धन एवं प्रतिभूतियों की सुरक्षा, जोखिम प्रबंधन, आंतरिक नियंत्रण और मजबूत साइबर सुरक्षा तंत्र शामिल होंगे।

# वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ सेंसेक्स 304 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 304 अंक चढ़ गया। अमेरिका में महंगाई दर स्थिर रहने के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ धातु, वाहन और औषधि कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार बढ़त में रहे।

बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 304.32 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,539.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 448.15 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 131.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 24,619.35 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति के आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आने से घरेलू शेयर बाजार पर सकारात्मक असर हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला।

वैश्विक स्तर पर चीन पर शुल्क लगाये जाने की समयसीमा बढ़ाए जाने और तेल की कीमतों में नरमी से धारणा में सुधार हुआ। उन्होंने कहा, ''डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार रुख और वैश्विक जोखिमों को लेकर अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की वृद्धि-मुद्रास्फीति की स्थिति वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुकूल बनी हुई है। शुल्क पर स्थिति अद्यतन होने पर मामूली गिरावट का जोखिम बना हुआ है। भारत 15 अगस्त को होने वाली ट्रंप-पुतिन बैठक का इंतजार कर रहा है।

### इन शेयरों में रहा लाभ और नुकसान

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इटर्नल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा मोटर्स और पावर ग्रिड लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाइटन शामिल हैं।

# अमेरिकी शुल्क से भारत की वृद्धि पर असर नहीं : एसएंडपी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक यीफार्न फुआ ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से भारत की वृद्धि प्रभावित नहीं होगी क्योंकि यह व्यापार-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है और इसकी ''सॉवरेन रेटिंग'' का परिदृश्य सकारात्मक ही बना रहेगा। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि का हवाला देते हुए पिछले वर्ष मई में भारत की सॉवरेन रेटिंग 'बीबीबी-' को बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया था।अमेरिका ने सभी भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। इस तरह कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। यह शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या शुल्क लगाए जाने से भारत के सकारात्मक परिदृश्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा यीफार्न ने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत पर लगाए गए शुल्क का आर्थिक वृद्धि पर कोई प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि भारत बहुत अधिक व्यापार-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है।

### भारत का जोखिम अमेरिका के मुकाबले दो प्रतिशत

*यदि आप सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मुकाबले निर्यात के संदर्भ में अमेरिका के प्रति भारत के जोखिम को देखें, तो यह लगभग दो प्रतिशत ही है।'एसएंडपी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहेगी, जो गत वित्त वर्ष 2024-25 के बराबर है।*

# रत्न एवं आभूषण निर्यात जुलाई में 16 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

वैश्विक चुनौतियों के बीच जुलाई में रत्न और आभूषण निर्यात में सालाना आधार पर 15.98 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 217 करोड़ 82.4 लाख डॉलर (18,756.28 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 के इसी महीने में कुल रत्न और आभूषण निर्यात 187 करोड़ 80.9 लाख डॉलर (15,700 करोड़ रुपये) का रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन किरीट भंसाली ने बयान में कहा, जुलाई का निर्यात अच्छा रहा है और हमारे उद्योग के लिए एक उत्साहजनक संकेत है। इसे मुख्य रूप से इंडिया इंटरनेशनल ज्वेलरी शो (आईआईजेएस) प्रीमियर के दौरान सफल ऑर्डर बुकिंग और हांगकांग के बाजार में मजबूत वापसी से बढ़ावा मिला है। यह प्रदर्शन उत्साहजनक है, खासकर जब यह अमेरिकी शुल्क के मौजूदा प्रभाव जैसी वैश्विक चुनौतियों के बीच आया है।


**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 32/2025**

निविदा सं. 81255293 जिसके खुलने की तिथि 14/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/88/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है-**Tender No. & Short Description**-81255293 **Description:** थिक वेब स्विच। **Tender Opening date**-From-14/08/2025 To-25/08/2025. अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखे।

(हस्ता.)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-83 से 84-25-26 (ओपन), दिनांक: 11.08.25; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं. :** ओ-एसी-टी-83-25-26; **कार्य का नाम :** डीईएन/4/एएसएन के क्षेत्राधिकार के अधीन एईएन/II/यूडीएल अनुभाग में एलएचएस 8, 15, 19 एवं 20 के एप्रोच में शेड एवं निकासी व्यवस्था के प्रावधान हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,24,16,271.32। **बयाना राशि :** रु. 2,62,100; **क्रमांक 2, केस सं. :** ओ-एसी-टी-84-25-26; **कार्य का नाम :** आसनसोल मंडल में यूडीएल, जेएसएमई, एसयूआरआई एवं एएसएन यार्ड में रात में ठहराई जाने वाली एमईएमयू रेकों के रखरखाव के लिए प्रकाश एवं जल की सुविधाओं के प्रावधान हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,34,64,440.76। **बयाना राशि :** रु. 2,17,300; **कार्य हेतु समापन अवधि :** 10 महीने (क्रमांक 1 के लिए) तथा 9 महीने (क्रमांक 2 के लिए)। **बंद होने की तारीख एवं समय :** दिनांक 08.09.2025 को 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-153/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक-791/ई-टेण्डर/PMAY/न.पा.नि./2025 — रीवा, दिनांक 11.08.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों/ व्यक्तियों/ बिल्डरों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा एनआईटी क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | न्यूनतम प्रीमियम राशि जमा करने हेतु सामयावधि एवं निर्धारित न्यून्त प्रीमियम राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_443643_1 11.08.2025 (FRIST CALL) 79/11.08.2025 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रातर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एस.ए.एफ. साइट में निर्मित 384 एलआईजी यूनिट (32 ब्लाक) जो जिस स्थिति में है उसी स्थिति में विक्रय हेतु निविदा। | 18 माह रू 4491.00 लाख | रू 50,000.00 रू 1,12,27,500.00 | 12.09.2025 18:00 बजे तक। |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (PMAY)
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर**

**संक्षिप्त निविदा**

दूरभाष न. कार्या 07702 - 233502 ईमेल- res_nsp@yahoo.co.in

क्रमांक 870/निविदा/ग्रायांसे/2025 — संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 07/2025-26 — नरसिंहपुर दिनांक- 12/08/2025

मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आदेश क्र. 7572 / एनआरईजीएस - म.प्र. दिनांक 27.10.2017 के परिपालन में कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर के अंतर्गत मासिक किराये पर वाहन लिये जाने हेतु संक्षिप्त निविदा आमंत्रण इस प्रकार है-

| क्र. | सिस्टम टेन्डर नंबर | कार्य का नाम | मासिक किराया | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 7 |
| 1 | 2025_RES_443767 | स्कॉर्पियो एवं समतुल्य वाहन ( वाहन चालक सहित) | 25000 | 6000 | 2000 | 01 वर्ष | तृतीय |
| 1 | 2025_RES_443767 | बोलेरो एवं समतुल्य वाहन ( वाहन चालक सहित ) | 20000 | 5000 | 2000 | 01 वर्ष | तृतीय |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट्स), वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे।

**निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ दिनांक - 14/08/2025 प्रात: 10:30 बजे**
**निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक - 21/08/2025 दोपहर 03.30 बज**
**निविदा कवर 'अ' खुलने की दिनांक - 22/08/2025 दोपहर 4:00 बजे**

लिफाफा ए ( वाहन पंजीयन की छायाप्रति, वाहन के बीमा की छायाप्रति, वाहन का परमिट, ड्रॉईवर का वैद्य लाईसेंस, पी. यू.सी. पेन कार्ड की छायाप्रति) एवं लिफाफा सी ONLINE ही स्वीकार किए जावेगें। निविदा में संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जायेगी। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जायेगी। शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें एवं वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। विस्तृत निविदा विवरण, शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पर उपलब्ध है।

G-17180/25 — "स्वच्छता ही सेवा" — कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर**

**संक्षिप्त निविदा**

दूरभाष न. कार्या 07702 - 233502 ईमेल- res_nsp@yahoo.co.in

क्रमांक 868/निविदा/ग्रायांसे/2025 — संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 06/2025-26 — नरसिंहपुर दिनांक- /08/2025

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Covers 2 (दो लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेन्डिक्स 2.10 अनुसार निविदाएं लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | सिस्टम टेन्डर नंबर | कार्य का नाम | विकाराखण्ड | निविदा लागत (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_RES_443765 | 1 पुट्टी पुताई, वाटर प्रूफिंग एवं पार्टीशन कार्य जिला पंचायत नरसिंहपुर 2. अति. कार्य जिला पंचायत उपाध्यक्ष कक्ष नरसिंहपुर 3. जनपद पंचायत गोटेगॉव कार्यालय के मैदान में पेवर ब्लाक निर्माण | नरसिंहपुर गोटेगांव | 3.75 | 7500 | 2000 | 03 माह | प्रथम |
| 2 | 2025_RES_443766 | विद्युतीकरण कार्य 1. अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य शास. मिडिल स्कूल पुलिस लाईन नरसिंहपुर में विद्युतीकरण कार्य 2. अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य शास. हाई स्कूल करकबेल में विद्युतीकरण कार्य | नरसिंहपुर गोटेगांव | 2.14 | 4300 | 2000 | 03 माह | प्रथम |
| | | महायोग | | 5.89 | | | | |

**निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ दिनांक - 14/08/2025 प्रात: 10:30 बजे**
**निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक - 21/08/2025 दोपहर 03.30 बज**
**निविदा कवर 'अ' खुलने की दिनांक - 22/08/2025 दोपहर 4:00 बजे**

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट्स), वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की दिनांक से निविदा कवर 'अ' (कवर - 1 ) एवं कवर - 'स' ( कवर - 3 ) ऑनलाईन ही जमा / अपलोड (submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। लिफाफा ए में पंजीयन की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र, जीएसटी नंबर की छायाप्रति, परिशिष्ट H, ( स्वप्रमाणित प्रति में ) एवं अन्य लिफाफे ONLINE ही स्वीकार किए जावेगें।

निविदा में संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जायेगी। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जायेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है, कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें एवं निविदा प्रपत्र कय करने के पूर्व स्थल का निरीक्षण कर लेवें। शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें एवं वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। उक्त कार्य की निविदा दिनांक 11/04/2022 को जारी राज्य दर अनुसूची अनुसार आमंत्रित किये जा रहे है।


G-17179/25 — "स्वच्छता ही सेवा" — कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर

# 500 से अधिक कलाकार देंगे श्रीकृष्ण जन्म, जीवन लीलाओं और भक्ति-भजन गायन की प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित स्थल एवं प्रदेश के प्रमुख मंदिरों और स्थानों के ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व को उजागर करते हुए राज्य सरकार 14 अगस्त को बलराम जयंती और हलधर महोत्सव एवं 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण पर्व एवं लीला पुरुषोत्तम का प्राकट्योत्सव का आयोजन करने जा रही है। इन आयोजनों के साथ सम्पूर्ण प्रदेश श्रीकृष्णमय हो जाएगा और सांस्कृतिक रंगों में रंगा नजर आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रमों में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे।





### श्रीकृष्ण लीलाओं का होगा जिक्र

संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बलराम एवं श्रीकृष्ण प्रसंगों, उनके अवदान एवं लोक-कल्याणकारी जीवन गाथा से संबंधित साहित्यिक परिचर्चाओं, संवाद, मंदिरों में भजन, कीर्तन सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिला स्तर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में पूरा मध्यप्रदेश होगा कृष्णमय

## सांदीपनि आश्रम में 16 से 18 अगस्त तक मनेगा श्रीकृष्ण पर्व

राज्य मंत्री लोधी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण को उज्जैन में ज्ञान की प्राप्ति हुई, वहां स्थित सांदीपनि आश्रम में 16 से 18 अगस्त तक श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पहले दिन विशाला सांस्कृतिक संस्थान, उज्जैन के कलाकारों की ओर से श्रीकृष्ण लीला, अनुपम वानखेड़े, इंदौर द्वारा बांसुरी वादन और स्वाति उखले, उज्जैन द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन 17 अगस्त को अक्षय खरे, पन्ना के बरेदी लोकनृत्य, सुश्री कृष्णा वर्मा, उज्जैन की ओर से भक्ति गायन एवं विशाला सांस्कृतिक संस्थान उज्जैन की ओर से श्रीकृष्ण लीला की प्रस्तुति दी जाएगी। अंतिम दिन 18 अगस्त को अविनाश धुर्वे, बैतूल के ठाठ्या लोकनृत्य, रामचन्द्र गांगोलिया, उज्जैन की ओर से भक्ति गायन एवं विशाला सांस्कृतिक संस्थान, उज्जैन श्रीकृष्ण लीला की प्रस्तुति दी जाएगी।

### नारायण धाम मंदिर में आज से शुरु हो जाएगा उत्सव

उज्जैन स्थित नारायणा धाम मंदिर प्रांगण में 14 से 18 अगस्त तक श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका- संघरत्ना बनकर एवं साथी भोपाल, भक्ति गायन- अनमोल जैन एवं साथी, श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका- संगीता शर्मा दिल्ली, भक्ति गायन- चरणजीत सिंह सौंधी, गणगौर लोकनृत्य-अनुजा जोशी खण्डवा, भक्ति गायन- बाबूलाल सोलंकी आगर-मालवा, भक्ति गायन- श्रृद्धा जैन दिल्ली, भक्ति गायन रवि त्रिपाठी एवं साथी मुम्बई, श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका- अर्घ्य कला समिति, भोपाल, श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका- सुश्री सुकन्या नागदा एवं साथी, मुम्बई, भक्ति गायन- सुश्री कल्याणी सुगंधी एवं वाणी साठे, उज्जैन और रासलीला- बलराम शर्मा, मथुरा की प्रस्तुत की जाएंगी। श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर, महिदपुर (उज्जैन) में 14 से 16 अगस्त तक भक्ति गायन-अनामिका त्रिपाठी मुम्बई, श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका- प्रशस्ति मानेश्वर मुम्बई, भक्ति गायन- आकृति मेहरा एवं साथी भोपाल मयूर नृत्य, फूलों की होली- गोविंद तिवारी, वृन्दावन भक्ति गायन-उर्मिला मेवाड़ा शाजापुर, रासलीला- गोविंद तिवारी वृन्दावन एवं भक्ति गायन- सुश्री रक्षा श्रीवास्तव, मुम्बई की ओर से प्रस्तुत की जाएंगी। साथ ही गोपाल मंदिर, उज्जैन में 16 अगस्त को श्वेता गुंजन जोशी, धार के भक्ति गायन और विनती जैन, उज्जैन की ओर से मटकी लोकनृत्य की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम भी होंगे।

## करोड़ों रुपए की हेराफेरी की गई, एक भी किसान को नहीं लौटाई गई राशि

# अमानक खाद की बिक्री को लेकर की शिकायतें, फिर भी नहीं की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अमानक खाद की बिक्री करने के नियम काफी सख्त हैं। यहां तक कि यदि अमानक खाद (रासायनिक उर्वरक) की बिक्री पाई जाती है जो इसकी भरपाई संबंधित आपूर्तिकर्ता कंपनी से की जाएगी। पिछले 2017 से लेकर 2022 तक की अवधि में करोड़ों रुपए की अमानक खाद की बिक्री पकड़ी गई। बाद में यह तय हुआ कि इसकी बिक्री से मिल चुकी राशि को संबंधित किसानों को वापस लौटाया जाएगा।

किंतु इसमें करोड़ों रुपए की हेराफेरी की गई और एक भी किसान को राशि नहीं लौटाई गई। इस मामले में मुख्य सचिव ने जांच कराने का आश्वासन दिया था, वह भी नहीं हुआ। दरअसल, मप्र ने नवंबर 2002 में ही अमानक उर्वरक की आपूर्ति के लिए आपूर्तिकर्ता कंपनियों के भुगतान से काटी गई राशि को जमा करने के लिए अमानक उर्वरक कोष बनाया था। अमानक उर्वरक की कीमत उन किसानों को वापस की जानी थी, जिन्होंने इन उर्वरकों का उपयोग किया था, जिसके लिए मार्कफेड को किसानों, समितियों से दावा प्राप्त करने के लिए वर्ष में कम से कम दो बार समाचार पत्रों में विज्ञापन देना जरूरी था। यदि आपूर्तिकर्ता एक वर्ष के भीतर किसी न्यायालय के समक्ष काटी गई राशि का दावा नहीं करता है, और क्रेता किसान, समितियां, जिन्हें अमानक उर्वरक बेचा गया था, दो वर्ष के भीतर दावा नहीं करते हैं, तो काटी गई राशि उर्वरक कोष में जमा कर दी जाएगी। किंतु अमानक पाए जाने पर कार्रवाई तो दूर वह राशि भी कोष में नहीं जमा कराई गई। इसका खुलासा सीएजी की रिपोर्ट में हुआ है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने को कहा था, किंतु अभी तक में इस मामले में जांच फिलहाल नहीं हो पाई है।



### इतनी राशि की हुई हेराफेरी, जांच व कार्रवाई कुछ नहीं

सीएजी ने पाया कि वर्ष 2017-22 में 8,885 एमटी अमानक उर्वरकों में से 2,561 एमटी किसानों को बिक्री किए और 6,324 एमटी अबिक्रित उर्वरक थे। आगे यह भी पाया गया कि प्रबंध संचालक, मार्कफेड ने अवधि 2017-22 के दौरान आपूर्तिकर्ताओं के भुगतान से रोकी। इसमें 13.10 करोड़ रुपए की राशि में से 10.74 करोड़ (बिक्री किए गए 0.27 करोड़ और अबिक्रित 10.47 करोड़ की लागत) काट लिया। किंतु उस अवधि के दौरान किसानों से कोई दावा प्राप्त नहीं हुआ, और न ही किसी भी किसान को राशि वितरित की गई। इतना ही नहीं प्रबंध संचालक मार्कफेड ने 2017-18, 2019-20 और 2020-21 में केवल एक बार समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित किया, जो अपर्याप्त था और उन्होंने 2018-19 और 2021-22 में विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया। यह भी पाया गया कि किसानों को बिक्री किए अमानक नमूना उर्वरक की कीमत का भुगतान किसी भी किसान को नहीं किया गया।

### *अमानक कोष के लिए यह है नियम*

*इस कोष का प्रबंधन पंजीयक, सहकारी समितियां भोपाल की ओर से किया जाता है। कोष में जमा राशि का उपयोग किसानों के कल्याण के लिए किया जाना था। यानी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को कृषि उपकरणों के लिए सहायता प्रदान करने, फॉस्फेटिक उर्वरक के त्वरित परीक्षण के लिए परीक्षण किट क्रय करने, किसानों को ऑफ-सीजन रिबेट प्रदान करने आदि में इस राशि का उपयोग होना है। सीएजी ने पाया कि बिक्रित, अबिक्रित अमानक उर्वरकों की कीमत आपूर्तिकर्ता के देयक से काट ली जाती है, बयाना जमा राशि के विरुद्ध समायोजित कर दी जाती है। निर्धारित दावा अवधि की समाप्ति के बाद अबिक्रित अमानक उर्वरकों को आपूर्तिकर्ता कंपनी को हस्तांतरित करने का नियम बनाया गया है। इसके साथ ही साथ यह भी नियम है कि बिक्रित अमानक उर्वरक के लिए कटौती की गई राशि को अमानक उर्वरक कोष में स्थानांतरित कर दिया जाता है।*

## के. महाराजा माधवराव सिंधिया प्रथम की पुण्य स्मृति पर हुआ व्याख्यान

# बीसवीं शताब्दी में औद्योगिक ग्वालियर राज्य को संपन्न बनाने वाले थे सिंधिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

आधुनिक ग्वालियर के शिल्पकार के. महाराजा माधवराव सिंधिया ने मात्र 10 वर्ष की आयु में एक संपन्नशाली रियासत की राजगद्दी संभाली। उनके राज्यकाल 1886-1925 में ग्वालियर के पुरातन काल का अंत होकर नवयुग का प्रादुर्भाव हुआ। 1894 में शासन सूत्र हाथों में लेने के बाद भी इन्होंने ग्वालियर राज्य का कल्पनातीत औद्योगिक विकास किया। यह बात इतिहास संशोधक एवं लेखक नीलेश ईश्वर चंद्र करकरे ने के. महाराजा माधवराव सिंधिया की पुण्य स्मृति में शताब्दी वर्ष पर आयोजित व्याख्यान को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कही। यह कार्यक्रम आशीष प्रताप सिंह राठोड़ के संयोजन में चेंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में माधवराव महाराज स्मृति फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर थे। अध्यक्षता जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने की। इसके अलावा मराठा हितकारिणी सभा के पूर्व अध्यक्ष संग्राम कदम एवं कार्यक्रम संयोजक आशीष प्रताप सिंह राठौड़ मंचासीन रहे। आरंभ में अतिथियों ने के. महाराजा माधवराव सिंधिया की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद प्रस्तावना रखते हुए संग्राम कदम बताया कि के. महाराजा माधवराव सिंधिया की कुशल प्रशासनिक क्षमता एवं विकास कार्यों से आज तक ग्वालियर लाभान्वित हो रहा है। तत्कालीन समय में ही स्मार्ट सिटी की परिकल्पना करके उन्होंने अपनी दूरदर्शिता जाहिर की। कार्यक्रम संयोजक आशीष प्रताप सिंह राठौड़ ने कहा कि इस व्याख्यान का उद्देश्य माधौ महाराज प्रथम की दूरदर्शिता एवं उनके आधुनिक विचारों को लेकर ग्वालियरवासियों को ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देना है।

### रियासत परंपरा में ग्वालियर घराना श्रेष्ठ रहा: कुलगुरु

मुख्य वक्ता करकरे ने कहा कि वह एक ओर बीसवीं शताब्दी में औद्योगिक दृष्टि से ग्वालियर राज्य को संपन्न बनाने वाले थे। वहीं दूसरी ओर ग्वालियर को प्रत्येक क्षेत्र में शिखर पर पहुंचाने वाले दूरदृष्टा शासक थे। मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने माधौ महाराज के काल में ग्वालियर राज्य में हुए सुधारवादी कार्यों से सदन को अवगत करवाया। वहीं अध्यक्षता कर रहे जेयू के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने कहा कि रियासत परंपरा में ग्वालियर घराना श्रेष्ठ रहा है। आज समाज में सामाजिक समरसता के भाव की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम अपने इतिहास को जानें और पूर्वजों के कार्यों को पहचानें। अंत में कार्यक्रम संयोजक आशीष प्रताप सिंह राठौड़ ने फाउंडेशन के सदस्यों के साथ मंचासीन अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

### संघ के पदाधिकारी भी रहे मौजूद



संचालन लॉयंस क्लब के पूर्व प्रांत पाल नितिन मांगलिक ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंदापुरकर, मध्य भारत प्रांत के सह प्रांत कार्यवाह विजय दीक्षित, डॉ. एसपी बत्रा अध्यक्ष मध्य भारत प्रांत आरोग्य भारती, पूर्व गवर्नर रोटरी वीरेंद्र कुमार गंगवाल, एड. जयप्रकाश मिश्रा, अध्यक्ष जीवाजी क्लब राजू सेठ, सचिव संजय वर्मा, मोटिवेशनल स्पीकर बीके प्रहलाद, पूर्व अध्यक्ष अचलेश्वर न्यास राजीव चड्ढा, सुदर्शन झवर, अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान अभय पापरीकर, अध्यक्ष मराठा हितकारिणी सभा बालराजे शिंदे, क्षत्रिय कल्याणकारी समिति के अध्यक्ष राजकरण भदोरिया, मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र भदकारिया ,रामबाबू कटारे, सचिव महेश मुद्गल, युवा जिलाध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासंघ कपिल भार्गव, आशी प्रतिभा दुबे, संजीव निगोतिया, सहित बड़ी संख्य में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक में बोले उपमुख्यमंत्री शर्मा



# जुआ, सट्टा, नशे और गौतस्करी पर सख्त कार्रवाई करें: डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के प्रभारी मंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय में हुई जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विभागीय कार्यों में प्रभावी नवाचार करने और जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृत निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने, निर्मित आवासों का अवलोकन जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं के साथ कराने, नगरीय निकायों में कचरा निष्पादन व गौ अभ्यारण्य के प्रस्ताव तैयार करने तथा सट्टा, नशा और गौवंश तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साइबर क्राइम नियंत्रण में विद्यार्थियों व सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने और अविवादित राजस्व प्रकरणों का पंचायत स्तर पर निपटारा करने पर जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग को प्रधानमंत्री वय वंदना योजना, कृषि विभाग को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ सभी किसानों तक पहुंचाने और दलहन-तिलहन उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। पशु चिकित्सा विभाग को मोबाइल वैन से त्वरित उपचार व्यवस्था मजबूत करने और जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण सीसी रोड कार्य पंचायत को हस्तांतरित करने को कहा गया। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में अब तक 28,476 आवास पूर्ण हो चुके हैं, 1,00,411 पौधरोपण हुआ है, 16 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र निर्माणाधीन हैं, 72 बर्तन बैंक स्थापित हो चुके हैं, 14.97 लाख हितग्राही आयुष्मान भारत योजना में पंजीकृत हैं और 804 सौर पैनल लगाए जा चुके हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से की सौजन्य भेंट

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को संसद भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की।

इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री शाह को प्रदेश में नए आपराधिक कानून लागू करने और सहकारिता के क्षेत्र में किए गए नवाचारों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश की राजधानी बने। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रदेश की हिस्सेदारी, जो अभी 9 प्रतिशत है, उसको बढ़ाकर 25 फीसदी करने का लक्ष्य रखा गया है। नए कानून लागू करने में मध्य प्रदेश अग्रणी राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में चल रहे नवाचारों के माध्यम से सुशासन के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे।



## उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगरीय निकायों की महिलाओं का सम्मान

# सीएम से स्वच्छता दीदियों के पखारे पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों की स्वच्छता दीदियों को एक अनूठे तरीके से सम्मानित किया। सम्मानित हुईं स्वच्छता दीदियों ने अपने इस गौरवपूर्ण क्षण के लिए मुख्यमंत्री साय और उप मुख्यमंत्री साव के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

स्वच्छता दीदियों को सम्मानित करने के बाद मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वच्छता दीदियां और स्वच्छता कमांडोज़ स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनका कार्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक परिवर्तन का अभियान है, जिसमें उनके प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से समाज में साफ-सफाई के कार्यों के प्रति सम्मान और जागरुकता बढ़ेगी। मंच पर सम्मानित हुईं विश्रामपुर की स्वच्छता दीदी पुनीता बाई और कुम्हारी की रानू देवांगन ने कहा कि समाज में अक्सर साफ-सफाई के कार्यों को हेय दृष्टि से देखा जाता है, लेकिन आज मुख्यमंत्री द्वारा पैर पखारकर किया गया यह सम्मान हमारे लिए गर्व का विषय है। यह हमारे परिश्रम, निष्ठा और लगन का सच्चा पुरस्कार है। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सहयोग से न केवल हमारे कार्य को पहचान मिली है, बल्कि हमारे नगरीय निकायों को सर्वेक्षण में उत्कृष्ट स्थान भी प्राप्त हुआ है। बिल्हा की पूजा राठौर और दंतेवाड़ा की वसु राज ने बताया कि वे पिछले आठ वर्षों से इस कार्य से जुड़ी हैं, लेकिन आज जीवन में पहली बार इतना गौरवपूर्ण क्षण आया है।



## रिश्तेदारी से घर लौट रहे युवक के साथ हादसा

# बाइक समेत सड़क पर गिरा युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में रिश्तेदार के घर से अपने गांव लौट रहे बाइक सवार ग्रामीण की सड़क हादसे में मौत हो गई।



हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है वहीं, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, शांता कुमार राठिया ने थाने में सूचना देते हुए बताया कि 10 अगस्त की सुबह उसके चाचा विजय कुमार राठिया उम्र 45 साल, अपनी बाइक से ग्राम पांकादरहा, बिलासखार रिश्तेदारी में गए थे। जहां से घर लौटे समय जब वह बांसमुडा केरामुडा मेन रोड में पहुंचा ही था कि वह अपने बाइक पर नियंत्रण खो बैठे और बाइक समेत सड़क पर गिर गए। इस दुर्घटना में

## क्रिस्प स्थापना दिवस आयोजित कार्यक्रम में रोजगार पर हुई चर्चा

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का क्रिस्प स्थापना दिवस बधाई वीडियो संदेश प्रदर्शित किया गया

# उद्योगों की मांग अनुसार कौशल विकास पाठ्यक्रम डिजाइन करें : राज्यपाल पटेल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि क्रिस्प प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के उद्योगों में रोजगार की मांग का आकलन कर उसके अनुसार कौशल विकास के कार्यक्रम डिजाइन करें। स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप स्थानीय विद्यार्थियों का कौशल विकास करें, जिससे उन्हें अपने क्षेत्र में ही रोज़गार प्राप्त हो सकें। पटेल कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सेंटर फॉर रिसर्च एण्ड इंडस्ट्रियल स्टॉफ़ परफॉर्मेंस (क्रिस्प) के 29वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का क्रिस्प स्थापना दिवस बधाई वीडियो संदेश प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, आयुष और तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगौन और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के साथ क्रिस्प के सहकार्यता अनुबंध (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया।



### प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान किए प्रशस्ति-पत्र

राज्यपाल पटेल ने कार्यक्रम में सक्षम योजना के तहत महिला प्रशिक्षार्थियों और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि संस्थान ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कौशल विकास के कार्यक्रमों से युवाओं को आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाई है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प की दिशा में सराहनीय प्रयास है।

### रोज़गार वृद्धि में 'फ़ोरलेन मॉडल' कारगर उपाय

राज्यपाल पटेल ने कहा कि भारत में रोज़गार अवसरों को बढ़ाने के लिए 'फोरलेन मॉडल' कारगर भूमिका निभा सकता है। इसमें विकेंद्रीकरण, स्वदेशी, उद्यमिता और सहकारिता शामिल हैं। ऐसा देखा गया है जब देश में सहकारिता आधारित उद्योग सक्रिय होते हैं तो देश में सामाजिक समरसता को भी गतिशीलता मिलती है। राज्यपाल ने कहा कि आज भी भारत के युवाओं को सर्वाधिक रोज़गार देने वाला क्षेत्र कृषि है। लगभग 35 प्रतिशत युवा कृषि पर ही निर्भर है। भारत में लगभग 11 करोड़ लोगों ने लघु और कुटीर उद्योगों के माध्यम से स्वरोजगार को अपनाया है, जो रोज़गार के लगभग 20 फीसदी से अधिक है।

### प्रशासनिक सेवा, नौकरी नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का महान अवसर

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि वे सभी सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें प्रदेश की जनता की सेवा का अवसर मिला है। जनता की सेवा हमेशा पवित्र भाव से करें। समाज के ग़रीब, वंचित और जरूरतमंदों की पूरी निष्ठा के साथ मदद करें। उन्हें न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास करें। राज्यपाल पटेल ने प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित सेवा में सफलता के लिए प्रशिक्षु उप जिलाध्यक्षों को बधाई दी। राज्यपाल मंगलवार को मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग की 2020 और 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। सुशासन के आधार होते हैं लोक सेवक राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रशासनिक सेवा, केवल एक नौकरी नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का महान अवसर है। आप सभी अमृत काल की उस पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं।

## संत शिरोमण गुरु घासीदास की जन्मस्थली में 16 को मनाया जाएगा कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ रायपुर

संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में 16 अगस्त 2025 को जन्माष्टमी उत्सव मनाया जाएगा। बलौदाबाजार भाटापारा कलेक्टर दीपक सोनी बुधवार को गिरौदपुरी धाम पहुंचे। उन्होंने सर्व प्रथम गुरु गद्दी का दर्शन एवं पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात अधिकारियों को साथ लेकर जन्माष्टमी उत्सव तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जन्माष्टमी उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा और व्यवस्था हेतु जरूरी निर्देश दिये। कलेक्टर ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, एम्बुलेंस, साफ -सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, शौचालय, वाहन पार्किंग आदि की जानकारी ली और जो कार्य शेष है उन्हें जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गये जिम्मेदारी का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए बेहतर कार्य करें ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति हो।

पुत्रों के दीर्घायु की कामना करते हुए माताएं रखेंगी व्रत

# बलराम जयंती और हलछठ आज

जबलपुर।

भगवान श्री कृष्ण के अग्रज बलराम ताऊ की जयंती 14 अगस्त गुरुवार को है। उनके जन्मदिवस को हलषष्ठी (हलछठ) के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन माताएं घरों में हलछठ की पूजा करती हैं और अपने पुत्र की दीर्घायु की कामना को लेकर व्रत रखती हैं, वहीं कृषि प्रधान भारत देश में यहां के किसान बलदाऊ की जयंती पर हल की पूजा भी करते हैं। हलषष्ठी का पर्व पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा।

हलषष्ठी का त्यौहार प्रतिवर्ष भाद्रपद की कृष्ण षष्ठी को मनाया जाता है। इस दिन सुबह से महिलाएं स्नान ध्यान कर उपवास रखती हैं और हलछठ की पूजा कर अपने पुत्र की दीर्घायु होने की कामना करती हैं। महुआ और पसई का चावल भैंस के दूध में पकाकर, पंचमेवा, मके की लाई को नई दुनिया (बांस की चुनकी) में भरकर पूजन में रखती हैं। शुद्ध आटे के पुआ भी बनाये जाते हैं, जिन्हे दही के साथ पूजा जाता है। व्रतधारी महिलाएं घर में मूसल और हलछठ की बौर रखकर हलछठ महारानी की कहानी सुनती हैं। कथा वाचन के उपरांत व्रतधारी महिलाएं पूजन में अर्पित सामग्री का सेवन कर अपना व्रत खोलती हैं।

कृषि प्रधान भारत देश में हलषष्ठी का पर्व मनाया जाता है, इस दिन किसान अपने खेतों में हल की पूजा करते हैं और बलराम की जयंती को धूमधाम से मनाते हैं। भादों के महीने में खेतों में हरियाली रहती है। किसान बलदाऊ भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हमेशा उनके खेतों में हरियाली बनी रहे और वे धन धान्य से परिपूर्ण रहे।



### भैंस के दूध से होता है पूजन

हलषष्ठी में भैंस के दूध से बने घी और दही का उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही हल की जोताई और बोवाई से उत्पन्न अन्न का त्याग किया जाता है। इस पर्व पर महुवा, आम, पलास की पत्ती, कांसी के फूल, नारियल, मिठाई, रोली-अक्षत, फल, फूल सहित अन्य पूजन सामग्री से विधि-विधान से पूजन करने की परंपरा है। शास्त्रों में संतान की रक्षा के लिए माताओं के लिए यह व्रत श्रेष्ठ बताया गया है।



## बजरंग मठ सूपाताल अखण्ड मानस यज्ञ का 59वां वार्षिकोत्सव आरंभ

**जबलपुर।** श्री बजरंग मठ सूपाताल में अनवरत 58 वर्षों से चल रहे श्री रामचरित मानस अखण्ड मानस यज्ञ की पूर्णता पर 59वें वार्षिकोत्सव समारोह का आज से पाँच दिवसीय अनुष्ठानिक कार्यक्रम का प्रातः बह्य मुहूर्त में साकेत धामवासी नागादेव वीरेन्द्र पुरी महाराज दादा भगवान के दिव्य प्रकाश से महंत नागादेव विश्वनाथ पुरी के पावन संरक्षण में प्रथम सत्र में रूद्राभिषेक तथा सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ के साथ भव्य शुभारम्भ हुआ। द्वितीय सत्र में जगद्गुरू नरसिंहदास महाराज के मानस पर प्रवचन हुये जिसमें मानव जीवन में मानस कथा प्रसंगों की महिमा उद्धृत की। पूज्य महंत बालक दास महाराज ने मानस प्रसंगों का वाचन किया। इस अवसर पर दैवज्ञाचार्य पं. अरूण शर्मा, डॉ. पवन स्थापक, भोलाराम खत्री, अशोक मनोध्या, महेश श्रीवास्तव, भागीरथ शर्मा, रामनाथ दुबे, सुमन शर्मा अनुपमा स्थापक, संगीता तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।



## नशा मुक्त भारत : युवा चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक पहल

### एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में "नशा मुक्त भारत : युवा चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक पहल" विशय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन समाजशास्त्र विभाग द्वारा बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. पी.आर. चंदेलकर, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग उपस्थित रहें। महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ.ए.सी.तिवारी द्वारा अध्यक्षता की गई। अंशमन शुक्ला एवं प्रो. अरुण शुक्ल विशिष्ट अतिथि के रुप में कार्यक्रम में उपस्थित रहें। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.ए.सी.तिवारी ने मघपान निशेघ में कॉलेज व विश्वविद्यालयों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. पुश्पा तनेजा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ. जयराम सिंह, डॉ. राजेश षामकुंवर, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. रामेश्वर झारिया, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा के साथ प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जेएसपी प्लेग्राउंड स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव बच्चों ने निभाई कृष्णा-राधा की भूमिकाएं

**महाराजपुर।** जेएसपी प्लेग्राउंड स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों को कृष्ण और राधा के रूप में सुसज्जित किया गया। कार्यक्रम में मटकी फोड़ प्रतियोगिता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहीं।स्कूल की प्रिंसिपल निशा शर्मा की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह और मस्ती से भाग लिया। मंच पर प्रस्तुत नृत्य, गीत और झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना तथा उनमें उत्सव की भावना को प्रोत्साहित करना था।



## बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

## जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल केंद्र जबलपुर के रक्षकों को बांधा रक्षा सूत्र

जबलपुर।

जम्मू एवं कश्मीर एवं कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, जबलपुर में देश के वीर सैनिकों के सम्मान में "मां भारती संस्था" की बहनों द्वारा रक्षा सूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मां भारती संस्था की बहनों ने सेंटर के वीर सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके प्रति अपना स्नेह और सम्मान व्यक्त किया जैसे ही पहले राखी बांधी गई, वातावरण "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के जय घोष से गूंज उठा संस्था के अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम सैनिकों के साहस त्याग और समर्पण को समर्पित रहा मां भारती संस्था की बहनों ने देश की सीमा की सुरक्षा में तैनात सैनिक भाइयों को रक्षा सूत्र बांधते हुए उनके स्वस्थ सुरक्षित और दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि हमारे लिए आप केवल वीर सैनिक ही नहीं बल्कि सच्चे भाई भी हैं आज यदि हम सब अपने-अपने घरों में सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं तो यह सब आपके त्याग तपस्या और समर्पण का ही परिणाम है देश के प्रति आपके इस अदम्य साहस को में नतमस्तक होकर कोटि-कोटि नमन करती हूं आप योद्धा भाइयों के हम सब सदैव ऋणी थे और रहेंगे, उन्होंने बताया कि जब बहने सैनिक भाइयों को राखी बांध रही थी तब उनकी आंखों में गर्व और खुशी के साथ एक भावुकता भी झलक रही थी।कार्यक्रम में डॉ प्रीति जैन डॉ अनुराधा डांग निशा केसवानी डॉ मंजू गुलाटी, वैशाली टेमरे, हेमा ठाकुर, सविता श्रीवास्तव, नीतू खरे, सरिता जैन, नेहा सीरवानी, नीतू पटेल, नंदनी पटेल, नंदनी जैन, नेहा साहू, , गीता लोधी, राधा गुप्ता, एकता साहू, सरिता शर्मा, रानी श्रीवास्तव, शबनम खान, भगवती ठाकुर, उर्मिला साहू, अनीता दुबे, अंजू यादव आदि की सहभागिता सराहनीय रही।






## एपीएन स्कूल के विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** सी.बी.एस.ई. जोनल गेम भोपाल में रोहन विवेक अम्बूरे द्वारा स्वींमिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल गेम फेडरेषन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित गेम में विराट सोनकर द्वारा ताइक्वांडो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अहमदाबाद में सम्पन्न ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रोहन विवेक अम्बूरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनो प्रतिभागियों को संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव द्वारा एवं प्राचार्य मुकेष चैरसिया, भारती प्रसाद प्रायमरी विभाग प्रभारी आसिमा लाल, काउंसलर षर्मिला चक्रवर्ती, सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं ने शुभकाम

### नरसिंह मंदिर में बिखरी वृंदावन गोकुल सी छटा

**जबलपुर।** हाथी, घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की श्रृंखला में सनातन धर्म महासभा जबलपुर के तत्वावधान में नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में लड्डू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। झूला झूलते, मोरपंखी, मुरली मनोहर, कंदब की डाली पर बैठे कन्हैया, वसुदेव के माथे पर बैठकर शेषनाग की छाया में चलते कान्हा, रंग-बिरंगे फूलों से सजे-धजे भगवान श्री कृष्ण 108 से अधिक श्रृंगारित लड्डू गोपाल के विग्रह प्रतिभागी बने। लड्डू गोपाल का पूजन, अर्चन, आरती श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास महाराज, श्याम साहनी, गिरिराज चाचा, नीता चावला, अंजू भार्गव, नम्रता भाटिया, सोनल सेठी, रूचि गुलाटी, नंदिता महाजन, रजनी यादव, आभा साहू, कविता दुबे, सुनीता विष्णु पटेल, सुनिधि प्रशांत, पूजा प्रवेश खेड़ा, गीता जगदीश साहू, मुस्कान सृजन, गीता पांडे, मीरा दुबे , शरद काबरा, केके बस्सी, विध्येश भापकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति रही। लड्डू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीजन कुशवाहा, द्वितीय हर्षिता पाठक, तृतीय पुष्पा झरिया, सांत्वना पुरस्कार जया गुप्ता ,आयरा केसरवानी, स्वाति पांडे को मिला। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।



## सेंट नॉरबर्ट स्कूल के स्काउट गाइड ने ली दीक्षा

**जबलपुर।** सेंट नॉरबर्ट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में स्काउट गाइड दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि असिस्टेंट स्टेट ऑर्गेनाइजेशन कमिश्नर ललित कुमार मिश्रा, डिस्ट्रिक्ट चीफ कमिश्नर जबलपुर विजयकांत तिवारी, डिस्ट्रिक्ट सचिव वीके झरिया, डिस्ट्रिक्ट सह सचिव अमिता चौधरी, स्काउटर हिमालय वुड बैच बालक मंदिर स्कूल राजेश नामदेव, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर राहुल राजपूत, शाला प्रबंधिका सिस्टर स्टेला, शाला प्राचार्या सिस्टर किरण के नेतृत्व में स्काउट गाइड दीक्षा संस्कार संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 80 गाइड ने भाग लिया। अतिथियों का स्वागत बैंड धुन के साथ गार्ड ऑफ ऑनर किया गया। स्वागत नृत्य की प्रस्तुति निर्देशिका मनाली तुम्हारे मैडम द्वारा दी गई। गाइड कैप्टन रशिका द्विवेदी, प्रभा फ्रांसिस व मोनिका जॉन के अथक प्रयासों द्वारा दीक्षा संस्कार पूर्ण हुआ। अतिथि ललित कुमार मिश्रा तथा विजयकांत तिवारी ने अपने आशीर्वचन के रूप में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नियम व प्रतिज्ञा को जीवन में उतारकर व्यक्ति अपने जीवन में एक सफल इंसान बन सकता है तथा प्राचार्य ने विश्वास दिलाया कि इन बच्चों को राष्ट्रपति पुरस्कार तक पहुंचने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

## स्नातकोत्तर में प्रवेश हेतु दस्तावेजों का सत्यापन, प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि, जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर के मार्गदर्शन में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर और राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के अधीन कृषि आधारित पाठ्यक्रम एमएससी की मैरिट के आधार पर छात्रों को प्रवेश के लिये 31 जुलाई से 27 अगस्त तक जनेकृविवि में 272 सभी विषयों की सीटें और राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर की 352 सीटों के लिये दस्तावेजों के सत्यापन कार्य किया जा रहा है। जिसमें से दस्तावेज सत्यापन का प्रथम चरण 31 जुलाई से 4 अगस्त तक जारी रहा और सीट आवंटन 7 अगस्त को होंने के बाद 8 अगस्त से 11 अगस्त तक 103 छात्र-छात्राओं में से 51 छात्रों ने प्रवेश लिया, साथ ही 34 छात्र-छात्राओं ने अपग्रेड कराया। वहीं द्वितीय चरण में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर एवं अन्य विश्वविद्यालयों के दस्तावेज सत्यापन का कार्य 13 और 14 अगस्त तक चलेगा। सीटों का आवंटन 19 अगस्त को होगा एवं छात्रों को प्रवेश 19 से 21 अगस्त तक दिया जायेगा। अंतिम चरण में 25 अगस्त से सीट आवंटन एवं 27 अगस्त तक प्रवेश प्रक्रिया संपन्न होगी। दस्तावेज सत्यापन कमेटी में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर, डॉ. जयंत भट्ट, डॉ. कीर्ति ततुंवाय, डॉ. एच.के. राय, डॉ. परवेज राजन, डॉ. स्वर्णा कुर्मी, डॉ. सचिन नागरे, राजेश श्रोती, वीरेन्द्र पटेल, श्रीराम प्रकाश पटेल, वृंदावन कुशवाहा, विजेन्द्र कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण पटेल शामिल हैं।



## एफपीए इंडिया द्वारा यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित

### आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी गई उपयोगी जानकारी

हरिभूमि, जबलपुर।

फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफपीए इंडिया), जबलपुर शाखा द्वारा आज आगा चौक स्थित लाइफ मेडिसिटी हॉस्पिटल परिसर में संचालित यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य केंद्र में आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को एफपीए इंडिया जबलपुर शाखा द्वारा प्रदत्त यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देना था, जिससे वे अपने-अपने समुदायों में इन सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ा सकें और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिला सकें।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को सुरक्षित गर्भपात परामर्श, बांझपन (सब-स्टर्लिटी) सेवाएं, किशोर-किशोरियों के लिए यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा, प्रजनन अंगों के संक्रमण एवं यौन संचारित रोगों की पहचान और उपचार संबंधी जानकारी दी गई।

एफपीए इंडिया जबलपुर शाखा के प्रबंधक रवि शरण गौतम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "एफपीए इंडिया का उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचित एवं पिछड़े समुदायों तक गुणवत्तापूर्ण यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएं। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि ये सेवाएं पूर्ण गोपनीयता, संवेदनशीलता और अत्यंत किफायती दरों पर उपलब्ध हों। आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता के मजबूत स्तंभ हैं। उन्हें सही जानकारी और प्रशिक्षण देकर हम पूरे समुदाय को सशक्त बना सकते हैं।"

कार्यशाला में तकनीकी प्रशिक्षण एफपीए इंडिया की विशेषज्ञ डॉ. नमिता पाराशर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में सरल भाषा और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से जटिल विषयों को भी सहज रूप से समझाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोग्राम ऑफिसर अनवर खान, श्रीमती सूत्रिप्ति अंतू, श्रीमती सोनू, रामबक्स एवं उदय का विशेष योगदान रहा।कार्यशाला में भाग लेने वाली सभी आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की जानकारी उन्हें समुदाय स्तर पर अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने में मदद करेगी।



### आज निकलेगी विशाल सनातन तिरंगा यात्रा

**जबलपुर।** श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर श्री नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज से दोपहर 02 बजे विशाल सनातन तिरंगा यात्रा स्कूटर रैली प्रारंभ होगी जिसको भगवा ध्वज दिखाकर जगतगुरु नरसिंह देवाचार्य महाराज व अन्य संत रवाना करेंगे। श्री सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, अशोक मनोध्याय, गुलशन माखीजा, अंशुल मलिक, जतिन नारंग ने बताया की सनातन तिरंगा यात्रा शास्त्री ब्रिज से प्रारंभ होकर श्री सनातन धर्म चौराहा, तीन पत्ती चौक, मालवीय चौक, करमचंद चौक, नौदरापुल, स्टेशन रोड, गोरखपुर बाजार होते हुए नरसिंह मंदिर पर समाप्त होगी।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 13/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री हेमराज रौतिया पिता धनपत कोल (2) श्रीमति बबीता रौतिया पति श्री हेमराज रौतिया ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक ब्लाक जी.-214 दत्त टाउनशिप तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002965981 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1000 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज दत्त रियल इन्फ्रा.प्रा.लि. श्री विशाल दत्त पिता श्री सुधीर दत्त का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 13/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति धनामुनी पति श्री जितेन्द्र प्रसाद ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 12 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004371583 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 958 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 958 वर्गफुट RCC, प्रथमतल 958 वर्गफुट RCC, द्वितीय तल 500 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री प्रवीण कुमार पिता श्री पुरूषोत्तम लाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

## सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान अहम टिप्पणी

# ‘सर’ प्रक्रिया मतदाताओं के अनुकूल और हितदायक, यह गलत नहीं

## बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में और ज्यादा विकल्प दिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में मतदाताओं से मांगे गए दस्तावेजों की संख्या 11 है, जबकि मतदाता सूची के सारांश पुनरीक्षण में 7 दस्तावेज पर विचार किया जाता था। यह दर्शाता है कि यह मतदाता हितैषी है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए मतदाता के पास 11 दस्तावेजों का विकल्प है, जबकि पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में सात दस्तावेज मांगे गए थे, इससे यह साफ दिखता है कि प्रक्रिया मतदाताओं के लिए अनुकूल है।

**प्रक्रिया में स्पष्टता दिख रही**



### 36 लाख पासपोर्ट धारकों का कवरेज ठीक दिखाई दे रहा

पीठ ने कहा कि राज्य में 36 लाख पासपोर्ट धारकों का कवरेज ठीक दिखाई देता है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि अधिकतम कवरेज सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों से फीडबैक लेने के बाद आमतौर पर दस्तावेज की सूची तैयार की जाती है।

### ‘आधार’ की जगह अन्य दस्तावेज शामिल किए गए

इससे पहले न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की इस दलील के बावजूद कि आधार को स्वीकार न करना अनुचित था, लेकिन अन्य दस्तावेज के विकल्प भी दिए गए थे, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रक्रिया वास्तव में सबको साथ में लेकर चलने वाली है।

### विवाद में काफी हद तक विश्वास की कमी का मुद्दा

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह विवाद काफी हद तक विश्वास की कमी का मुद्दा है। आयोग ने दावा किया है कि चुनावी राज्य बिहार में कुल 7.9 करोड़ मतदाता आबादी में से लगभग 6.5 करोड़ लोगों को या उनके माता-पिता को 2003 की मतदाता सूची में शामिल होने के लिए कोई दस्तावेज दाखिल करने की आवश्यकता नहीं थी।

### 11 में से कोई 1 ही मांगा, पहले तो केवल 7 थे

पीठ ने कहा कि राज्य में पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में दस्तावेज की संख्या 7 थी और एसआईआर में यह 11 है, जो दिखाता है कि यह मतदाता के लिए ठीक या उचित है। हम आपकी दलीलों को समझते हैं कि आधार को स्वीकार न करना ठीक नहीं है, लेकिन दस्तावेज की अधिक संख्या वास्तव में समावेशात्मक है। सूची में शामिल 11 दस्तावेज में से कोई 1 जमा करना जरूरी था।

### एसआईआर को वोटर फ्रेंडली माना

बिहार में चल रहे चुनाव आयोग केएसआईआर को सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता हितैषी बताया है। शीर्ष अदालत ने बुधवार को यह टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि पूर्व में हुए संक्षिप्त पुनरीक्षण में 7 दस्तावेज मान्य थे, मगर अभी के विशेष गहन पुनरीक्षण में 11 दस्तावेजों का विकल्प मतदाताओं को दिया गया है।

**अदालत ने सिंघवी को टोका**

### बिहार को ऐसे मत प्रोजेक्ट कीजिए ज्यादा अधिकारी यहीं से निकले



जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि आधार को स्वीकार न करना अपवादात्मक था, ऐसा प्रतीत होता है कि दस्तावेजों की बड़ी संख्या ‘वास्तव में समावेशी’ थी। जस्टिस कांत ने कहा कि बिहार को इस तरह से प्रोजेक्ट मत कीजिए। सबसे ज्यादा बड़े अधिकारी यही से हैं।

### सिंघवी की दलील को नकारा



वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी नेकहा कि दस्तावेज की संख्या भले ही ज्यादा हो, लेकिन उनका कवरेज सबसे कम है। उन्होंने मतदाताओं के पास पासपोर्ट की उपलब्धता का उदाहरण दिया। सिंघवी ने कहा कि बिहार में यह केवल 1-2प्रतिशत है। राज्य में स्थायी निवासी प्रमाण पत्र देने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां जस्तावेज की कवरेज बहुत कम है। इसे कोर्ट ने नकार दिया। सभी के पास पासपोर्ट नहीं होते।

**खबर संक्षेप**

### राहुल के संपर्क में हैं चंद्रबाबू नायडूः रेड्डी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और वाईएसआरसीपी के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया कि सीएम चंद्रबाबू नायडू मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के जरिए राहुल गांधी के संपर्क में हैं। रेड्डी ने राहुल पर भी निशाना साधा और सवाल किया वे वोट चोरी का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे हैं, लेकिन वे आंध्र प्रदेश में यह मुद्दा क्यों नहीं उठा रहे हैं?



### डॉक्टर ने सास की हत्या कर शव के टुकड़े किए

**तुमकुरु।** कर्नाटक के तुमकुरु के कोराटागेरे में एक दंत चिकित्सक ने सास की हत्या कर दी। उसने 2साथियों संग शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। एसपी अशोक केवी ने बताया कि 7 अगस्त को हमें थाने की सीमा में मानव शरीर के अंगों के टुकड़े मिले। अलग-अलग जगहों पर 2हाथ, मांसपेशियां और आंत के कुछ हिस्से फेंके थे।



### 15 को दिल्ली में रेल यातायात रहेगा निलंबित

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 15 अगस्त को सुबह 6:45 से 9 बजे तक दिल्ली जंक्शन और दिल्ली शाहदरा जंक्शन रेलवे स्टेशनों के बीच रेल यातायात अस्थायी रूप से निलंबित रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि इस अवधि में ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन किए गए हैं।



### यूट्यूबर अरमान को पूरे परिवार समेत समन

**मुंबई।** फेमस यूट्यूबर अरमान मलिक एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। पर्सनल लाइफ और सोशल मीडिया के कारण सुर्खियों में रहने वाले अरमान मलिक इस बार परिवार के साथ कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। पटियाला कोर्ट ने मलिक, उनकी दोनों पत्नियों को समन किया है।



## नेता प्रतिपक्ष राहुल के बयान पर अनुराग का करारा जवाब

# भारतीय नागरिक बनने से पहले मतदाता सूची में था सोनिया का नाम, यह ‘ब्लंडर’

*1980 से 1982 तक दिल्ली की मतदाता सूची में था, सोनिया को भारतीय नागरिकता 1983 में मिली*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर आरोपों पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जमकर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कुछ कांग्रेस के लोग कह रहे थे कि राहुल और विपक्ष के नेताओं ने बवंडर खड़ा किया। बवंडर नहीं, ब्लंडर है। जितने आरोप आज तक लगाए, मैं राहुल को यही कहूंगा कि धूल चेहरे पर थी और आप आईना साफ करते रहे।

ठाकुर ने कहा कि अगर किसी के नेतृत्व में 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड है, तो वह राहुल के नेतृत्व में है। जब वे चुनाव हारते हैं, तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं या मतदाताओं को दोषी ठहराते हैं। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के लिए ईवीएम में हेराफेरी की गई है। फिर उन्होंने कहा कि ईवीएम पर प्रतिबंध लगाओ, मतपत्र वापस लाओ। ईवीएम हैक किया जा सकता है। हर हार के बाद कांग्रेस नए बहाने ढूंढती रही। बिहार चुनाव हारते देख कांग्रेस पहले ही विपक्षी दलों के साथ मिलकर झूठे आरोप लगाने में जुट गई है। सोनिया गांधी तो पहले ही वोटर बन गई, बाद में नागरिकता ली।

***धूल चेहरे पर थी और वे आईना साफ करते रहे***

*विपक्ष के नेताओं ने जबरन बवंडर खड़ा किया, कभी ईवीएम हटाओ तो कई हैकिंग बोल रहे*





### सोनिया के नाम की वोटर लिस्ट का अंश भी दिखाया

भाजपा ने सोनिया पर गंभीर आरोप लगाया है कि उनका नाम भारतीय नागरिक बनने से पहले ही वोटर लिस्ट में शामिल कर दिया गया था। यह घटना 45 साल पहले की है, जब सोनिया का नाम 1980 से 1982 तक दिल्ली की मतदाता सूची में था, जबकि उन्हें भारतीय नागरिकता 1983 में मिली थी। ठाकुर ने दावा किया कि 1946 में इटली में जन्मी सोनिया, जो 1968 में राजीव गांधी से विवाह कर भारत आईं। इसके बाद उनका नाम 1980 लोकसभा चुनाव से पहले नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र की वोटर लिस्ट में दर्ज किया गया था।यह नियमों का उल्लंघन था क्योंकि किसी भी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में तभी दर्ज हो सकता है जब वह भारतीय नागरिक हो। अमित मालवीय ने भी सूची का कथित अंश साझा करते हुए इसे ‘स्पष्ट चुनावी गड़बड़ी’ करार दिया।



### *विवाद पर सोनिया का नाम हटाया फिर जोड़ा गया*

भाजपा का कहना है कि विरोध के बाद 1982 में सोनिया का नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया, लेकिन 1983 में दोबारा शामिल किया गया। आरोप है कि यह भी नियमों के खिलाफ था क्योंकि उस साल नागरिकता मिलने की तारीख अप्रैल थी, जबकि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की अंतिम तारीख एक जनवरी थी। ठाकुर ने ‘वोटर फ्रॉड’ आरोपों से जोड़ते हुए कहा कि राहुल झूठ बोल रहे हैं।

### बाबा साहेब को कांग्रेस ने गलत करके हराया

ठाकुर ने कहा कि अगर हम 1952 से शुरुआत करें तो कांग्रेस और सीपीआई ने मिलकर संविधान निर्माता और संत समान नेता डॉ. भीमराव अंबेडकर को चुनाव में हराया था। कांग्रेस ने 1952 के पहले ही चुनाव में चुनावी भ्रष्टाचार की नींव रखी थी। रिकॉर्ड देखें- 74,333 वोट खारिज हुए, जबकि अंबेडकर को सिर्फ 14,561 वोटों से हारे।

### इंदिरा ने मतदाताओं को मूर्खों का समूह बताया था

उन्होंने कहा कि इस परिवार और पार्टी में शुरू से ही एक परंपरा रही है कि अगर आप चुनाव हार जाते हैं, तो आप चुनाव आयोग, मतदाताओं या चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हैं। इंदिरा ने कहा था कि मतदाता मूर्खों का समूह हैं। जब राजीव गांधी चुनाव हार गए, तो उन्होंने बैलेट पेपर को दोष दिया। राहुल गांधी के पिता कहते थे कि वोटिंग मशीनों से चुनाव कराओ और राहुल गांधी कहते हैं कि बैलेट पेपर से चुनाव कराओ।

**तब तो ममता ने अवैध बांग्लादेशी कहा था**

मैं ममता बेनर्जी से एक सवाल पूछना चाहता हूं। 2005 में लोकसभा में उन्होंने यह दावा करते हुए दस्तावेज फेंके थे कि मतदाता सूची में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के नाम शामिल हैं।

### तांत्रिक से इलाज कराएं राहुल ताकि ठीक रहे दिमागः सैनी



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान राहुल पर ताबड़तोड़ हमले बोले। पिपली की अनाजमंडी में प्रजापति परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरण समारोह के बाद कहा कि राहुल तांत्रिक से इलाज कराएं। दिमाग सुधरेगा।

**कांग्रेस का पलटवार**

### भाजपा मुद्दों से भटका रही

कांग्रेस ने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि भाजपा मौजूदा मुद्दों पर जवाब देने से बचने के लिए 45 साल पुरानी बात उठा रही है। पार्टी सूत्रों ने आरोपों को गैर-जरूरी करार दिया और कहा कि यह जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास है। लेकिन साफ जवाब नहीं दिया।

**शहबाज की गीदड़भभकी पर ओवैसी बोले**

# ब्रह्मोस है हमारे पास, पाक को बकवास नहीं करनी चाहिए



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार पाकिस्तान को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने पाकिस्तान और उनके प्रधानमंत्री समेत अनाप-शनाप बयान देने वाले लोगों को चेतावनी भी दी। पाक पीएम शहबाज शरीफ के कथित बयान ‘कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकता’ पर ओवैसी ने कहा कि ‘ब्रह्मोस है हमारे पास’... उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए। ऐसी धमकियों का भारत पर कोई असर नहीं होगा। बहुत हो गया।

### हम उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलें?

एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान के बीच संभावित क्रिकेट मैंच पर ओवैसी ने कहा कि हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं?

### फर्जी वोट पर कहा ये चुनावी कीड़े हैं

ओवैसी ने कांग्रेस नेता फिरोज खान की ओर से 2023 के तेलंगाना चुनावों के दौरान कथित तौर पर 6लाख से अधिक फर्जी वोट डाले जाने का आरोप लगाने पर कहा कि उनके जैसे कई ठुकराए हुए प्रेमी हैं। ये चुनावी कीड़े हैं। वे चुनाव के दौरान जागते हैं और उसके बाद फिर से सो जाते हैं। मैंने तेलंगाना में मुसलमानों और दलितों से विशेष रूप से कहा है कि वे अपने जन्म प्रमाण पत्र बनवा लें। अपने सभी निवास प्रमाण-पत्र व्यवस्थित कर लें। सर का खतरा पैदा कर रहे हैं।

**दलित और मुसलमान अपनी ‘पहचान’ बना लें**

सर विवाद पर ओवैसी ने कहा कि दलित और मुसलमान सबसे गरीब हैं। अगर उनका नाम शामिल नहीं किया गया, तो कल यही भाजपा कहेगी कि ये लोग देश के नागरिक नहीं हैं। सर प्रक्रिया गरीब समुदाय के लिए सबसे मुश्किल काम है।

### ट्रंप तय नहीं कर सकते तेल का व्यापार

अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ पर ओवैसी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति को यह तय करना होगा कि वह उस देश के साथ व्यापार करेंगे, जहां आतंकवाद एक व्यापार है, या भारत के साथ, जो उनका रणनीतिक सहयोगी रहा है। ट्रंप कौन होते हैं, यह कहने वाले कि हमें तेल नहीं खरीदना चाहिए? पीएम नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से एक सख्त बयान आना चाहिए था, लेकिन विदेश मंत्रालय की ओर से केवल एक बयान आया।

**नूंह में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प**

# मारपीट-पथराव, आगजनी, बाइक व दुकानें जलाईं, बोतलें भी फेंकी

## बहस और धक्का-मुक्की के बाद की पत्थरबाजी, 10 घायल

एजेंसी ▶▶ नूंह

हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका थाना इलाके के गांव मुंडाका में मंगलवार शाम को उस समय तनाव फैल गया, जब मामूली विवाद ने दो समुदायों के बीच हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते बहस और धक्का-मुक्की ने मारपीट और पत्थरबाजी का रूप ले लिया। कुछ ही देर में हालात बिगड़ते चले गए। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के लगभग 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से कई को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



### फिलहाल स्थिति नियंत्रण में

फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस के अन्य थानों से भी पुलिस बल मौके पर भेजा गया। पुलिसकर्मी स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे रहे और दोनों समुदायों के लोगों को अलग-अलग क्षेत्रों में रोका गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन माहौल पूरी तरह सामान्य नहीं हुआ है।

**कबूतरों को दाना डालने का मामला**

### बीएमसी ने हाई कोर्ट में कहा हम कुछ शर्तों के साथ तैयार

**मुंबई।** कबूतरों को दाना खिलाने पर लगे प्रतिबंध के मामले में बुधवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि कबूतर खाने पर दाना डालना अभी भी प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने पक्षी प्रेमियों को राहत देने वाला रुख बताया। बीएमसी ने कहा कि शर्तों के साथ सुबह 6 से 8 बजे तक कबूतरों को दाना डालने की परमिशन देने को हम तैयार हैं। जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने कहा कि आप ऐसे ऑर्डर कैसे निकाल सकते हैं? पहले आपने पब्लिक इंटरेस्ट में फैसला लिया, अब कोई एक शख्स आकर कुछ कह रहा है तो आपने अपना फैसला बदल दिया। अगर आपको अपना फैसला बदलना है तो आप नोटिस निकालिए।



**श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन का अध्यादेश पारित**

# अब मंदिर के चढ़ावे, दान व चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का ही अधिकार होगा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी विधानसभा के मानसून सत्र में बांके बिहारी मंदिर निर्माण आर्डिनेंस को मंजूरी मिल गई। सदन में बुधवार को बांके बिहारी कॉरिडोर आर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है। अब मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इसमें मंदिर में स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी भी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण तथा डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं।



मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित

### पूरी जिम्मेदारी न्यास की होगी

सरकार ने कहा न्यास का गठन स्वामी हरिदास की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है। स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी परिवर्तन के जारी रहेंगे। सभी हक न्यास का होगा।

*एटा के श्रद्धालुओं की पिकअप दुर्घटनाग्रस्त*

**बैसई थाना क्षेत्र में यह हादसा हो गया**

# खाटू श्याम मंदिर से लौट रहे 7 बच्चों समेत 11 की मौत व 12 लोग घायल

### 2 पिकअप वाहनों में 42 लोग गए थे दर्शन करने

एजेंसी ▶▶ दौसा

यहां के कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव असरौली पर गम का पहाड़ टूट पड़ा। राजस्थान के दौसा में सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। इनमें 9 असरौली और दो फिरोजाबाद निवासी रिश्तेदारों की हादसे में जान चली गई। गांव से दो पिकअप वाहनों में 42 लोग खाटू श्याम के दर्शन करने गए थे। दर्शन करने के बाद सभी लौट रहे थे। एक पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हुई, जिसमें महिलाएं-बच्चे बैठे हुए थे। 7 बच्चों और 4 महिलाओं की मौत हो गई। 12 लोग घायल हैं।

### प्रशासनिक अमला पहुंचा

सूचना मिलने के बाद डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी श्याम नारायण सिंह, एएसपी राजकुमार सिंह, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश सहित तमाम प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी गांव में पहुंच गए। डीएम ने बताया कि मृतकों, घायलों की सूची तैयार की गई है। एक टीम भी वहां भेजी गई है।



टैंकर के पीछे टकराई पिकअप

### वाहन कंटेनर से टकराया

राजस्थान के बैसई थाना क्षेत्र में यह दुर्घटना हुई है। इसमें यात्रियों से भरी पिकअप कंटेनर के पीछे वाले हिस्से से टकराई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बेहद व्यस्त रोड है। संभवतः रात में नींद की झपकी से यह हादसा हो गया। पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर कंटेनर से पीछे से टकराई गई।

**हर घर तिरंगाः गृहमंत्री शाह ने अपने आवास पर फहराया तिरंगा**

# आजाद भारत के ‘सपने’ को व्यक्तिगत और आत्मीय बनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में ‘हर घर तिरंगा’ अभियान जोश और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली स्थित अपने आवास पर पत्नी सोनल शाह के साथ तिरंगा फहराया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान आज एक जन-आंदोलन बन चुका है, जो राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोता है और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है। यह दर्शाता है कि 140 करोड़ देशवासी उस स्वतंत्र भारत को विकसित और सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए संकल्पित हैं, जिसका सपना असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग, तप और समर्पण से देखा था।

### ‘हर घर तिरंगा’ में उमड़ा देशभक्ति का जज्बा, योगी समेत कई ने किया आयोजन



### इसका उद्देश्य- देशभक्ति की भावना जगाना

शाह ने कहा कि ‘हर घर तिरंगा’ अभियान की शुरुआत आजादी का अमृत महोत्सव के तहत की गई थी इस अभियान का उद्देश्य हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि इस सोच के पीछे यह विचार है कि अब इसे व्यक्तिगत और आत्मीय बनाने की जरूरत है।

### योगी ने वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता जताई

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने आवास पर तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारे वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता है। यह तिरंगा भारत की शान, सम्मान और गौरव का प्रतीक है, जिसे हर भारतीय के घर पर फहरना चाहिए।

### शिवराज, धामी और सैनी समेत कई नेताओं ने तिरंगा फहराया

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित अपने आवास पर तिरंगा फहराया और कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज देश की शान और सम्मान है। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में अपने आवास पर तिरंगा फहराया। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में अपने आवास पर तिरंगा फहराया। केरल में भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने तिरुवनंतपुरम में तिरंगा यात्रा की शुरुआत करते हुए ध्वज फहराया। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर स्थित आवास पर ध्वज फहराया। जम्मू-कश्मीर के डोडा में जिला प्रशासन ने 1 लाख राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए।

# रसूखदारों ने बढ़ाई बोली, मुर्गा लड़ाई में अब एक करोड़ तक का दांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपालपटनम

खास खबर

बस्तर की परंपरा संस्कृति में शामिल मुर्गा लड़ाई अब अपने मूल स्वरूप से भटककर जुए का अड्डा बन रहा है। बीजापुर जिले के भोपालपट्नम तहसील के तारलागुड़ा में स्थिति गंभीर हो चली है, जहां मुर्गा लड़ाई अब बच्चों तक को अपनी गिरफ्त में लेने लगा है। पड़ोसी राज्य तेलंगाना सीमा पर तारलागुड़ा होने से वहां से आए लोग अपना कब्जा जमाकर लाखों के सट्टे लगाकर इस पारंपरिक खेल को जुआ में बदल दिया है। इस खेल से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। एक माह से मुर्गा बाजार में मेला जैसा माहौल है। तेलंगाना से आए व्यापारी यहां नाश्ता, शराब और बिरयानी की दुकानें लगा रहे हैं।

## 300, 500 और वीआईपी टिकट 1,000 लेकर प्रवेश दिया जा रहा

- तेलंगाना के लोग तारलागुड़ा आकर पारंपरिक खेल को बना डाला जुआ का अड्डा
- तेलंगाना के वानम प्रकाश के हाथ में है मुर्गा बाजार का संचालन



### सरपंच और सचिव ने बिगाड़ा खेल

हर साल गांव का एक मोहल्ला, जिसमें 10 ग्रामीणों का समूह होता है वे इस मुर्गा बाजार को 50-100 रुपए के टिकट लेकर मुर्गा लड़ाई आयोजित करता था। जिनके पास पैसे नहीं होते, वे भी दूर से इस परंपरा का आनंद लेते थे, लेकिन अब आरोप है कि सरपंच और सचिव ने लाखों रुपए लेकर इस परंपरा को पूरी तरह व्यावसायिक और अवैध कमाई का जरिया बनाया है।




---

- रायपुर जामा मस्जिद के मुतवल्ली अब्दुल फहीम बोले- ज्यादातर मस्जिदों में तिरंगा फहराने की पहले ही परंपरा, इसका कोई विरोध नहीं




खास खबर

# वक्फ बोर्ड का फरमान, मस्जिद, दरगाह और मदरसों में 15 अगस्त को फहराना होगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यभर की सभी मस्जिद, मदरसा और दरगाह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का फरमान जारी किया है। वक्फ बोर्ड द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इस वर्ष 15 अगस्त को देश 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राज्य की सभी मस्जिद, मदरसा और दरगाह के मुख्य द्वार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने अपील की है कि मुल्क की आजादी का पर्व यौमे आजादी (स्वतंत्रता दिवस) के महत्व को समझते हुए इस पर्व को देशभक्ति, आपसी



एकता और भाईचारे के साथ मनाएं। राजधानी रायपुर की सबसे बड़ी जामा मस्जिद के मुतवल्ली अब्दुल फहीम ने हरिभूमि से चर्चा में कहा, हमारी मस्जिद के अलावा रायपुर और प्रदेश की ज्यादातर मस्जिदों में पहले से ही राष्ट्रीय ध्वज फहराने की परंपरा है। राष्ट्रीय ध्वज फहराने से कोई परहेज नहीं है।

वक्फ बोर्ड ने तिरंगा फहराने का आदेश इसलिए जारी किया है, क्योंकि जानकारों का कहना है कि जब वक्फ बोर्ड ने फोन करके इसके लिए प्रदेशभर की मस्जिदों में बात की, तो कुछ स्थानों से इसका विरोध करते हुए तिरंगा न फहराने की बात करते हुए कहा गया, हमें इसके लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। इसके बाद आदेश जारी किया गया है।

### जो ध्वजारोहण के खिलाफ वो देशद्रोही

डॉ. सलीम राज ने कहा, हमारा देश सूफी-संतों का देश है यहां हर जाति, धर्म, पंथ, समाज के लोग गंगा-जमुना तहजीब के साथ मिल-जुल कर रहते हैं। इस्लाम धर्म मुल्क से मोहब्बत का पैगाम देता है इसलिए मुल्क की आजादी के इस पर्व पर देश के प्रति अपना प्रेम और कर्तव्य निभाते हुए ध्वजारोहण करना चाहिए। जो लोग ध्वजारोहण के खिलाफ है वो देशभक्त नहीं है बल्कि देशद्रोही हैं। ऐसे लोगों को देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है, उन्हें भारत छोड़कर चले जाना चाहिए जिन्हें तिरंगा फहराने से तकलीफ होती है।

---

# एअर इंडिया का विमान चेन्नई डायवर्ट वेणुगोपाल समेत कई सांसद थे सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और संसद की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष के. सी. वेणुगोपाल ने दावा किया कि उन्हें और कई अन्य सांसदों को तिरुवनंतपुरम से दिल्ली ला रहा एअर इंडिया का विमान 'त्रासदी के बेहद करीब' पहुंच गया था। इस बीच, विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा कि तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई2455 को तकनीकी खराबी के कारण चेन्नई भेजा गया। वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, त्रिवेंद्रम से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआई 2455 आज एक त्रासदी के बेहद करीब पहुंच गयी, जिसमें मैं, कई सांसद और सैकड़ों यात्री सवार थे।

- दिल्ली आ रही उड़ान तकनीकी दिक्कत के बाद भेजी गई चेन्नई



### घटना की जांच की मांग

वेणुगोपाल ने कहा, हमें (कैप्टन के) कौशल और किस्मत दोनों ने बचाया। यात्रियों की सुरक्षा किस्मत पर नहीं छोड़ी जा सकती। मैं नागर विमानन महानिदेशालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से अपील करता हूं कि इस घटना की तत्काल जांच करें, जिम्मेदारी तय करें और यह सुनिश्चित करें कि इस प्रकार की चूक फिर कभी न हो।

### दो घंटे तक हवा में रहा विमान

उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'फ्लाइटरडार24' से मिली जानकारी के अनुसार, एयरबस ए320 विमान द्वारा संचालित उड़ान संख्या एआई2455 दो घंटे से अधिक समय तक हवा में रही। विमान ने रात आठ बजे के बाद तिरुवनंतपुरम से उड़ान भरी और रात लगभग 10.35 बजे चेन्नई पहुंचा। हाल के सप्ताहों में एअर इंडिया के कुछ विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाएं सामने आई हैं।

# 'डिजिटल अरेस्ट' कर 1.05 करोड़ की ठगी

**पणजी।** केरल के एक व्यक्ति को 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिये दक्षिण गोवा के एक निवासी से 1.05 करोड़ रुपए की ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान गोकुल प्रकाश एमके के रूप में हुई है, जिसने खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर क्यूपेम में रहने वाले पीड़ित को धमकाया। दावा किया कि वह (पीड़ित) धन शोधन के एक मामले में संदिग्ध है। पीड़ित को एक फर्जी गिरफ्तारी वारंट दिखाया गया और कई किस्तों में 1.05 करोड़ रुपए स्थानांतरित करने के लिए मजबूर किया गया। प्रकाश को ठगी की कुल रकम में से 24 लाख रुपए कथित रूप से उसके आईसीआईसीआई बैंक खाते में प्राप्त हुए। यह खाता 10 राज्यों में दर्ज 13 आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया है, जिनके तहत कुल 9.02 करोड़ रुपये की ठगी किए जाने का आरोप है।

## राउंड ट्रिप पैकेज की बुकिंग आज से होगी शुरू

# रेलवे ने तैयार किया राउंड ट्रिप पैकेज, वापसी यात्रा के मूल किराए पर मिलेगी 20 प्रतिशत की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

त्योहारी सीजन के दौरान सफर करने पर रेलवे ने यात्रियों के हित में लाभकारी ऑफर की घोषणा की है। ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे अब टिकट पर 20 प्रतिशत तक की छूट देगा। रेलवे की छूट केवल मूल किराए में लागू होगी। आरक्षण और सुपरफास्ट जैसे शुल्क पूरे चुकाने होंगे। छूट का लाभ यात्रियों को रिटर्न टिकट पर मिलेगा। ट्रेनों का दोनों ओर से उपयोग सुनिश्चित करने के लिए रियायती किराए पर राउंड ट्रिप पैकेज योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत कई शर्तों के साथ रेल किराए में छूट दी जाएगी। रेलवे बोर्ड ने इससे जुड़ा आदेश जारी कर दिया है। रेलवे ने इसे प्रायोगिक आधार पर आरंभ किया है।



### फ्लेक्सी किराया वाली ट्रेनों में नहीं

राजधानी और दुरंतो जैसी फ्लेक्सी किराया वाली ट्रेनों को छोड़कर सभी श्रेणियों की ट्रेनों में योजना मान्य होगी। स्पेशल ट्रेनों में भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा रियायती किराए पर वापसी यात्रा बुकिंग के दौरान रेल यात्रा कूपन, वाउचर आधारित बुकिंग, पास या पीटीओ स्वीकार्य नहीं होंगे। आगे और वापसी यात्रा के टिकट एक ही माध्यम से यानी आरक्षण काउंटर या ऑनलाइन बुक किया जा सकेगा। इस योजना के अंतर्गत बुक किए गए टिकटों के लिए किराया वापसी की अनुमति नहीं होगी। रेलवे के मुताबिक किसी भी यात्रा में इन टिकटों में कोई संशोधन नहीं किया जा सकेगा।

### इस तरह मिलेगी छूट

*इस योजना के तहत समान यात्रियों के समूह के लिए आगे और वापसी दोनों यात्रियों के लिए बुकिंग करने पर छूट लागू होगी। वापसी यात्रा का यात्री विवरण आगे की यात्रा के समान होगा। एआरपी यानी अग्रिम आरक्षण अवधि तिथि 13 अक्टूबर के लिए टिकट बुकिंग प्रारंभ होने की तिथि 14 अगस्त होगी। आगे का टिकट पहले 13 अक्टूबर और 26 अक्टूबर के बीच ट्रेन प्रारंभ होने की तिथि के लिए बुक किया जाएगा। बाद में 17 नवंबर और एक दिसंबर के बीच ट्रेन प्रारंभ तिथि के लिए कनेक्टिंग यात्रा सुविधा का उपयोग कर वापसी यात्रा टिकट बुक किया जा सकेगा। वापसी यात्रा की बुकिंग के लिए 60 दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी।*

# सट्टेबाजी ऐप से 2000 करोड़ की ठगी, कई राज्यों में ईडी के छापे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय ने 'अवैध' सट्टेबाजी ऐप के संचालन से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को कई राज्यों में छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि इस ऐप के जरिये लोगों से कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपए की ठगी की गई है। सूत्रों ने बताया कि 'परीमैच' नाम के ऐप के खिलाफ मामले में मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, जयपुर, मदुरै (तमिलनाडु) और सूरत (गुजरात) में कम से कम 15 परिसरों में छापेमारी की जा रही है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत दर्ज यह मामला मुंबई साइबर पुलिस द्वारा 2024 में दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह राशि जालसाजों ने 'म्यूल खातों' (अपराधियों द्वारा अवैध धन शोधन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले) में एकत्रित की थी और इसे कई भुगतान ऐप और एजेंटों के माध्यम से अलग-अलग प्राप्त किया गया था। सूत्रों ने बताया कि धोखाधड़ी के जरिये ठगी गयी धनराशि लगभग 2,000 करोड़ रुपये है।



**15 लाख नकद, चार लग्जरी कारें जब्त :** छापों के दौरान ईडी ने 15 लाख रुपये नकद, चार लग्जरी कारें- बीएमडब्ल्यू एक्स 6एम, बेंटले कॉन्टिनेंटल जीटी, बीएमडब्ल्यू 730 एलडी और बीएमडब्ल्यू 328 आई जब्त कीं। इसके अलावा, रोलेक्स और कार्टियर जैसे ब्रांड की 1.51 करोड़ रुपए मूल्य की महंगी आयातित घड़ियां भी बरामद हुईं। जांच टीम को करीब 40 कंपनियों की मुहरें और चेक बुक्स भी मिलीं।

### ऐसे की ठगी

जालसाजों ने क्रिप्टो वॉलेट, तमिलनाडु के एक शहर के एक ही इलाके में स्थित एटीएम के माध्यम से नकद निकासी, कम मूल्य के यूपीआई भुगतान आदि के माध्यम से रुपए भेजे। संघीय जांच एजेंसी ने अब तक की छापेमारी में कुछ दस्तावेज, मोबाइल और कंप्यूटर उपकरण बरामद किए हैं।

# ट्रेन के आगे कूदकर दंपति ने की आत्महत्या

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक दंपति ने ट्रेन के आगे कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह घटना घोटी कस्बे में छह अगस्त की शाम हुई। दिनेश देवीदास सावंत (38) और उनकी पत्नी भाग्यश्री (33) ने प्रचित्राय मंदिर और घोटी रेलवे फाटक के बीच रेलवे लाइन पर इगतपुरी जाने वाली ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। सभी पचारिकताएं पूरी करने के बाद सात अगस्त को दंपति की अंत्येष्टि की गई। सूत्रों ने बताया कि उनकी शादी 2013 में हुई थी और दंपति निःसंतान हैं। पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है।

# जगन्नाथ मंदिर के निकट 12 फर्जी सेवक गिरफ्तार

**पुरी।** पुरी पुलिस ने श्री जगन्नाथ मंदिर के सेवक बनकर श्रद्धालुओं से वसूली करने के आरोप में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की उम्र 20 से 51 वर्ष के बीच है। श्रद्धालुओं द्वारा सेवकों के एक वर्ग द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई थी। आरोपियों को बड़ाडंडा और परिक्रमा मार्ग से सेवकों की वेशभूषा में श्रद्धालुओं को ठगते हुए पकड़ा गया। यह गिरोह कई महीनों से सक्रिय था और मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश के तीर्थयात्रियों को निशाना बनाता था। पुलिस ने इन नकली सेवकों के पास से 14 मोबाइल फोन और 20,000 रुपए नकद जब्त किए हैं।



हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष:** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क:** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह:** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या:** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर:** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ:** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन:** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

# आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम का ऐलान

**जबलपुर।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अपने 16 सालों का जश्न मनाते हुए प्रमुख इनिशिएटिव एंथे 2025 (आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्ज़ाम) की शुरुआत का ऐलान किया है। भारत के एकेडमिक कैलेंडर में हर साल का सबसे बहुप्रतीक्षित इवेंट माने जाने वाले एंथे 2025 का मकसद, कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्रों को चुनौतियों से लड़ने और असली प्रॉब्लम सॉल्वर बनने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ और एमडी, दीपक मेहरोत्रा ने कहा, पिछले 16 वर्षों में हमने मेधावी छात्रों को उनके सपनों को पूरा करने का मौका दिया है, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति या लोकेशन कुछ भी हो।




## शब्द पहेली - 5958



**बाएँ से दाए**
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5957 का हल



## सूडोकु नवताल - 5968

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.


MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल- 5967 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बढ़ती उम्र में जब हो अपच की समस्या



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मुझे खाना ठीक से नहीं पचता। साथ ही कभी कब्ज, तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। मेरे पेट की समस्या का स्थाई उपचार बताने का कष्ट करें।**

**-रामदेव, बहादुरगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो गई है। बढ़ती उम्र में कई लोगों को यह समस्या आती है। इसके लिए आपको खान-पान में खास ध्यान देना पड़ेगा। खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करें, कोशिश करें कि अधिक तेल वाला खाना बिल्कुल ना खाएं। शाम को हल्का खाना खाएं और सोने से तीन-चार घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह बदलाव करने से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मेरे चेहरे पर झाइयां हैं। कई प्रोडक्ट्स यूज करने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। इन झाइयों को कैसे ठीक किया जाए? कृपया इसका समाधान बताएं।**

**-पंकज, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपने झाइयों के लिए बहुत सारे प्रोडक्ट्स यूज किए। आपने यह नहीं बताया कि यह प्रोडक्ट आपने अपनी मर्जी से इस्तेमाल किए या डॉक्टर की सलाह से? क्योंकि त्वचा में कोई भी क्रीम या लोशन बगैर डॉक्टर के सलाह के नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वही इसका ट्रीटमेंट बताएंगे, फिलहाल आप पानी का सेवन खूब करें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। बारिश के मौसम में कुछ भी ठंडा खाने पर मुझे छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-साकेत, बिलासपुर**

इस मौसम में गर्मी के मुकाबले तापमान में बदलाव आता है। कुछ लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिसकी वजह से ठंडा या गरम खाने से तुरंत प्रभाव पड़ता है और उसके इफेक्ट सामने आते हैं। इसलिए कोशिश करें कि आप फ्रिज में रखी या ठंडी चीज ना खाएं। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी वाले फल खाएं।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मेरे तलवों में कभी-कभी सुई की चुभन जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है, यह किसी गंभीर बीमारी के लक्षण तो नहीं?**

**-दुर्गेश, भोपाल**

बगैर जांच किए आपकी समस्या के बारे में कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। बेहतर होगा कि एक बार आप न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लें। क्योंकि कई बार मसल्स या न्यूरो से संबंधित समस्या भी हो जाती है। इसलिए लापरवाही न करें और डॉक्टर से संपर्क कर लें तो हर शंका का समाधान हो जाएगा।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। बरसात के मौसम में भीगने पर मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, रायगढ़**

आप बारिश के पानी से बचें क्योंकि सड़क में भरे पानी में कई बार नाली का पानी मिल जाता है, जो संक्रमण का कारण बनता है। इसलिए आप बारिश में सड़कों पर पानी में न जाएं। अगर जाना जरूरी भी हो तो पैरों में नारियल का तेल लगाकर ही जाएं, वापस आने पर गर्म पानी से पैरों को धोएं और ठीक से सुखा लें और फिर से नारियल तेल लगा लें। इस तरह राहत मिल सकती है। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे


पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

अगर आप भी इन दिनों यानी मानसून के दौरान डलनेस फील करते हैं तो परेशान ना हों। अपनी नियमित दिनचर्या में कुछ योगासनों को शामिल कर लें। इनके अभ्यास से आपका मूड हैप्पी रहेगा और आप एनर्जेटिक भी फील करेंगे। योगासन किस तरह से मूड को करता है बूस्ट, बता रहे हैं डिटेल में।

# बारिश के मौसम में करें ये योगासन मूड रहेगा हैप्पी-एनर्जेटिक







बारिश के दिनों में जब मन आलस से भरा या बुझा सा रहता है, तो उस दौरान योग, नेचुरल मूड बूस्टर की भूमिका निभाता है। इसके पीछे गहरे वैज्ञानिक कारण जिम्मेदार होते हैं। दरअसल, बारिश के दिनों में कई बार वातावरण, मन-मिजाज पर भारी पड़ता है। लगातार बादलों का घिरा रहना, सूरज की गैरमौजूदगी, घर से बाहर निकलने में असुविधा और थकी हुई दिनचर्या, लोगों को मानसून ब्लूज या टेंपरेरी डिप्रेशन के घेरे में पहुंचा देता है। ऐसी स्थितियों में कुछ योगासन, बेहद असरकारी मूड बूस्टर का रोल निभा सकते हैं, जो ना केवल शरीर को सक्रिय रखते हैं बल्कि मन को भी स्फूर्तिदायक बनाते हैं। क्योंकि योगासन, ना केवल शरीर को स्ट्रेच करते हैं बल्कि दिमाग को भी रिफ्रेश करते हैं। ये हमारे शरीर के जरूरी हार्मोनों को सक्रिय करते हैं और इस तरह बारिश के मौसम में मूड को बढ़िया रखते हैं।

## रिलीज होते हैं सेरोटोनिन-एंडोर्फिन

सेरोटोनिन और एंडोर्फिन हार्मोंस, फील गुड हार्मोन कहलाते हैं और कई ऐसे योगासन हैं, जिनके करने से ये हार्मोन तेजी से रिलीज होते हैं। जैसे, धुंधले-धुंधले बारिश के दिनों में सूर्य नमस्कार करने से शरीर को गर्मी मिलती है और थकावट दूर भागती है। इसे करने से फील गुड हार्मोन पैदा होते हैं, जो हमारे मूड को खुशनुमा बनाते हैं। व्रजासन भी मानसून के दिनों के सुस्ती भगाने का महत्वपूर्ण योगासन है। इसके अलावा अन्य जो आसन बारिश के दिनों में फील गुड हार्मोन का स्राव बढ़ाकर हमारे मन-मस्तिष्क को सक्रिय और ऊर्जावान बनाते हैं, उनमें हैं- बालासन यानी चाइल्ड पोज और शवासन। बालासन करने से मन शांत और प्रसन्न होता है। इसी तरह शवासन भी बहुत फायदेमंद योगासन होता है, क्योंकि यह थकावट और चिड़चिड़ेपन दोनों में लाभकारी होता है। थकावट और चिड़चिड़ापन बारिश के दिनों में अकसर ही हमें अपनी गिरफ्त में ले लेता है। ऐसे में इन दिनों अगर नियमित रूप से ये आसन किए जाएं तो हमारे शरीर से कोर्टिसोल नामक हार्मोन का स्तर घटता है। कोर्टिसोल, तनाव पैदा करने वाला हार्मोन है, जो उन लोगों में बहुत कम रिलीज होता है, जो बारिश के दिनों में नियमित रूप से सक्रिय रहते हैं और जो सक्रिय नहीं रहते, उन्हें ये दिन बेहद थकान और तनाव से भरे लगते हैं। कोर्टिसोल कम बनने से शरीर को ऊर्जा मिलती है और तनाव से मुक्ति मिलती है। गौरतलब है कि कोर्टिसोल हार्मोन हमारी अनिद्रा, बेचैनी और डिप्रेशन के लिए भी जिम्मेदार होता है। जब कोर्टिसोल बनता ही नहीं तो या बहुत मामूली बनता है, तो हमें बारिश के दिनों में योग करने से विशेषकर बालासन और शवासन से तनाव से मुक्ति मिलती है।

## योग इसलिए जरूरी है

वास्तव में योग कोई दवा या लत नहीं है, यह बिना किसी साइड इफेक्ट के एक ऐसा अभ्यास होता है, जो हमारे शरीर को वही फायदे देता है, जो कई जड़ी-बूटियों और दवाओं से मिलता है। इसलिए बारिश के दिनों में बाकी किसी मौसम के मुकाबले कहीं ज्यादा योगासन करने की जरूरत होती है। इसके लिए घर पर मैट बिछाकर या खुले कमरे में चादर बिछाकर आराम से आधे से एक घंटे तक योगासन करना चाहिए। ऐसा करने से शरीर का बाहरी आवरण तो स्वस्थ और सुंदर बनता ही है, मन का भीतरी आवरण यानी मानसिक भावनाएं भी ऊर्जा से लबरेज हो जाती हैं, क्योंकि इन दिनों सूरज कम दिखता है, जिससे हमारे शरीर को जरूरी विटामिन डी और हैप्पी हार्मोन जैसे सेरोटोनिन मिलने कम हो जाते हैं। ऐसे में पूरा शरीर डल, थका-थका सा महसूस करता है। लेकिन योग इन्हीं दिनों अपने नियमित अभ्यास के कारण आपको न केवल थकान और डलनेस से बचाता है बल्कि इसी के कारण इन दिनों आप अस्वस्थ होने और संक्रमण से भी बचे रहते हैं।



### इन बातों का ध्यान रखें



**बारिश के** दिनों में योगासन करने से मूड बूस्ट होता है, लेकिन भूल करके भी इन दिनों नमी वाले फर्श पर योगासन नहीं करें। जिम में पहने जाने वाले टाइट-फिटेड ड्रेस पहन कर भी कभी योगासन नहीं करें। हल्के, कॉटन ड्रेस पहनकर ही योगासन करें। भोजन के कम से कम ढाई से तीन घंटे बाद ही मानसून के दिनों में आसन करें वर्ना पाचन की समस्या हो सकती है। इन दिनों अपने योगासनों में ध्यान को भी जरूर शामिल कर लें। इससे मन को ऊर्जा और शांति मिलती है।

## इसलिए कहते हैं मूड बूस्टर

योग को नेचुरल मूड बूस्टर इसलिए माना जाता है क्योंकि इसकी कुछ विशेष क्रियाएं शरीर के हार्मोनल बदलाव में बड़ी भूमिका निभाती हैं। इससे मन शांत, स्फूर्तिवान तथा मूड ऊर्जावान बनता है। बारिश के दिनों में योग करने से शरीर से एंडोर्फिन और सेरोटोनिन का जो स्राव होता है, ये दोनो वही हार्मोन हैं, जो हमारे दोस्तों के साथ खिलखिलाकर हंसने से पैदा होते हैं या फिर व्यायाम करने से पैदा होते हैं। इन दिनों नियमित तौर पर योगासन करने से हम अपनी सांसों पर नियंत्रण कर सकते हैं। विशेषकर अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और उज्जाई तकनीकों से मस्तिष्क को ताजगी और शांति मिलती है।

## ऊब-अकेलापन भी करता है दूर

बारिश के दिनों में ऊब और अकेलापन भी एक बड़ी समस्या होती है। घर से जाकर मनोरंजन करने या मूड बदलने की हिम्मत नहीं होती और घर में पड़े-पड़े डिप्रेशन की गिरफ्त में हम आ सकते हैं। ऐसे में बारिश के दिनों में घर से बाहर निकलें, प्रकृति के बीच विचरण करें और योग करें तो इस तरह के सारे अकेलेपन के भाव दूर हो जाते हैं।

## ये आसन हैं कारगर

सूर्य नमस्कार करने से शरीर का रक्त संचार बेहतर होता है और पूरे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह महसूस होता है। बालासन करने से मन को शांति मिलती है, जो कई रसायनिक प्रक्रियाओं के साथ मन को स्फूर्तिदायक चेतना प्रदान करता है। सेतुबंध आसन, अनुलोम-विलोम, व्रजासन तथा भ्रामरी प्राणायाम बारिश के दिनों में मन की सुस्ती और थकान को दूर करके दिल-दिमाग को ऊर्जा से लबरेज करते हैं। इन्हें भी अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं। *







हर्बल जोन / रेखा देशराज

# फंगल इंफेक्शन-एलर्जी से बचाए एलोवेरा

बारिश के मौसम में एलोवेरा हमें फंगल इंफेक्शन और एलर्जी से बचाने के लिए एक इफेक्टिव नेचुरल प्लांट है। यह न केवल शरीर के बाहरी संक्रमण से हमें बचाता है बल्कि हमें भीतरी तौर पर भी मजबूती देता है। बारिश के दिनों में एलोवेरा के इस्तेमाल से हमारा पाचन दुरुस्त रहता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता हममें बरकरार रहती है। त्वचा विभिन्न तरह के मौसमी संक्रमण से बची रहती है और बाल जो इन दिनों बारिश के पानी आदि से खराब हो जाते हैं, उससे भी एलोवेरा हमारा बचाव करता है। इसका कारण यह है कि एलोवेरा में प्राकृतिक एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं।



**फंगल संक्रमण से बचावः** चूंकि बारिश के दिनों में वातावरण में नमी बहुत अधिक होती है, जो फंगल यानी फफूंदी के पनपने के लिए सबसे आदर्श स्थिति होती है। इस मौसम में शरीर के पसीने वाले हिस्सों जैसे पैर, बगल, गर्दन, पीठ पर फंगल इंफेक्शन का खतरा रहता है। इस संक्रमण से खुजली होती है, जलन महसूस होती है, लाल चकत्ते पड़ जाते हैं या बदूबदार दाने निकल आते हैं।

**एलर्जी से बचावः** मानसून के दिनों में कई लोगों को त्वचा की एलर्जी बहुत परेशान करती है। जैसे पसीने से रैशेज, गंदे पानी से खुजली, मच्छरों के काटने से सूजन आदि का होना। ऐसे में एलोवेरा त्वचा की सभी समस्याओं से राहत दिलाता है। एलोवेरा जैल का इस्तेमाल करने से त्वचा में आई सूजन भी समाप्त हो जाती है। दरअसल, एलोवेरा में ग्लूकोमैनन और जिबरेलिन जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो त्वचा में किसी भी तरह से आई सूजन को कम करते हैं। इसके साथ ही एलोवेरा त्वचा को नमी देता है, जिससे इसकी ड्राइनेस और जलन खत्म होती है। इसका एंटी ऑक्सीडेंट गुण बारिश के दिनों में त्वचा को होने वाली विभिन्न नुकसानों की भरपाई करता है। इसका इस्तेमाल बहुत सरल है। एलोवेरा के जैल को एलर्जी वाली जगहों पर हल्के हाथों से लगाएं और जगह को बिना धोए ही छोड़ दे। मच्छर के काटने या खुजली में यह प्राकृतिक कूलिंग जैल की तरह का काम करता है।

**बरतें सावधानीः** एलोवेरा के इस्तेमाल के पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप जिस एलोवेरा जैल का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सौ प्रतिशत शुद्ध है, इसमें किसी तरह की कोई सुगंध या रसायन की मिलावट न की गई हो। गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर पर इसके इस्तेमाल से सावधान रहना चाहिए और यदि कोई विशेष दवा ले रहा है, तो उसे एलोवेरा का सेवन करने के पहले डॉक्टर की सलाह ले लेना चाहिए। *



## वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से की अपने नाम

# वेस्टइंडीज ने खत्म किया 34 साल का सूखा, पाक को 202 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| तारूबा

कप्तान शाई होप के शतक और तेज गेंदबाज जेडन सील्स की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 202 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 अपने नाम की। होप ने 94 गेंद पर नाबाद 120 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और पांच छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 294 रन बनाए।

पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 29.2 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें सलमान आगा ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। जेडन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। इस तरह से वेस्टइंडीज 1991 के बाद पाकिस्तान के खिलाफ पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीतने में सफल रहा। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट और ट्वेंटी-20 प्रारुपों में घरेलू श्रृंखलाओं में हार का सिलसिला भी समाप्त कर दिया।



### पाकिस्तान के 3 बल्लेबाज नहीं खोल पाए खाता

लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के शीर्ष तीन बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब पारी की तीसरी गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। अब्दुल्ला शफीक भी रन नहीं बना पाए और तीसरे ओवर में कप्तान मोहम्मद रिजवान के शून्य पर आउट होने से पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर आठ रन हो गया। सील्स ने बाबर आजम (09) को एलबीडब्ल्यू आउट करके अपना चौथा विकेट लिया। हसन नवाज़ (13) गुडाकेश मोती की गेंद पर स्टंप आउट हो गए, जबकि रोस्टन चेज ने हुसैन तलत (01) को बोल्ड कर दिया।

### ऑस्ट्रेलिया से लगातार 8 मैच हारी कैरेबियाई टीम

यह बड़ी जीत कैरेबियाई क्रिकेट के लिए आयोजित दो दिवसीय आपातकालीन सम्मेलन के बाद आई। होप ने ब्रायन लारा और क्लाइव लॉयड जैसे महान खिलाड़ियों के साथ इस सम्मेलन में हिस्सा लिया और वेस्टइंडीज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से शीर्ष पर लाने के लिए रणनीति बनाने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया से लगातार आठ मैच हारने और फिर फ्लोरिडा में पाकिस्तान से टी-20 श्रृंखला 2-1 से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान से एकदिवसीय श्रृंखला का पहला मैच पांच विकेट से गंवा दिया था। वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से जीत हासिल कर श्रृंखला को बराबर किया और फिर तीसरे मैच में भी दबदबा बनाया। होप ने ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में जस्टिन ग्रीव्स के साथ लगभग आठ ओवर में सातवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी की। ग्रीव्स ने केवल 24 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और चार चौके शामिल थे।

## प्रो पंजा लीग 2025 में शेर-ए-लुधियाना टीम का धमाकेदार आगाज़

# शेरों की दहाड़ दूर दूर तक गूंजेगी : द ग्रेट खली



जबलपुर। प्रो पंजा लीग 2025 का रोमांच अपने चरम पर है और इस बार पंजाब की शान शेर-ए-लुधियाना टीम पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरी है। ग्वालियर में चल रही इस लीग में शेरों की दहाड़ चारों ओर गूंज रही है, और टीम की आत्मविश्वास से भरी मौजूदगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।

टीम की कमान संभाल रहे हैं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कोच येरकिन अलीमझानोव, जो 7 बार के वर्ल्ड चैंपियन रह चुके हैं। उनके नेतृत्व में 32 सदस्यीय यह टीम पुरुष, महिला और दिव्यांग खिलाड़ियों का संतुलित संगम है, जो पंजाब की ताकत, समर्पण और साहस का प्रतीक बनकर उभरी है। द ग्रेट खली ने टीम को समर्थन देते हुए कहा यह मेरा इस टीम के साथ दूसरा सीज़न है। हमारे कोच येरकिन एक महान ट्रेनर हैं, और मुझे पूरा भरोसा है कि इस बार हम खिताब लेकर लौटेंगे। आर्म रेसलिंग सिर्फ ताकत नहीं, आत्मअनुशासन और जज़्बे का खेल है – और हमारे खिलाड़ियों में ये सभी खूबियाँ हैं।

लीग का पहला मुकाबला 5 अगस्त को कीराक हैदराबाद के खिलाफ हुआ, जिसमें रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। उद्घाटन समारोह में द ग्रेट खली, बॉक्सर विजेंदर सिंह, राजपाल यादव, और लीग संस्थापक पर्वीन डबास व प्रीति झिंजियानी जैसे सितारों ने शोभा बढ़ाई।

### 3 हजार मीटर में गुलवीर सिंह ने बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के गुलवीर सिंह ने बुडापेस्ट में ग्युलाई इस्तवान मेमोरियल हंगेरियन एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ की गैर ओलंपिक स्पर्धा में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया और पांचवें स्थान पर रहे। गुलवीर ने सात मिनट 34.49 सेकंड का समय लेकर इस वर्ष फरवरी में बोस्टन विश्वविद्यालय डेविड हेमरी वैलेंटाइन आमंत्रण प्रतियोगिता में बनाए गए अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 7.38.26 सेकंड में सुधार किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी यूरोप में अपनी पहली ट्रैक रेस में भाग ले रहा था। यह विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर स्वर्ण स्तर की प्रतियोगिता है। कीनिया के किपसांग मैथ्यू किपचुम्बा ने 7:33.23 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। मैक्सिको के एडुआर्डो हेरेरा (7:33.58), युगांडा के ऑस्कर चेलिमो (7:33.93) और उरुग्वे के वैलेन्टिन सोका (7:34.28) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहे।

## भारत में 2030 में हो सकते हैं राष्ट्रमंडल खेल, आईओए ने दी औपचारिक मंजूरी

**दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने विशेष आम बैठक (एसजीएम) के दौरान 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए देश की बोली को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अहमदाबाद को मेजबान शहर बनाते हुए पहले ही आशय पत्र जमा कर दिया है। भारत को हालांकि 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करने होंगे। कनाडा के दौड़ से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

### 20 वर्षीय रोहित कृष्णा बने भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर

**नई दिल्ली।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी रोहित कृष्णा एस भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर बने। उन्होंने कजाकिस्तान में हुई अल्माटी मास्टर्स कोनाएव कप को जीत कर ये उपलब्धि अपने नाम की। 20 वर्षीय रोहित ने आखिरी राउंड में अर्मेनियाई आईएम आर्टुर दावत्यान को हराया और नौ में से 6 अंक हासिल किए, जिससे उनका तीसरा और अंतिम जीएम नॉर्म बना।

विश्वेश्वरन के प्रशिक्षित रोहित ने इस साल मार्च में होटल स्टॉकहोम नॉर्थ जीएम राउंडर-रॉबिन टूर्नामेंट जीतकर अपना पहला जीएम मानदंड हासिल किया। वहीं अब उनका दूसरा जीएम नॉर्म जून में दुबई ओपन में आया। बता दें कि, भारत को 1988 में विश्वनाथन आनंद के रूप में पहला ग्रैंडमास्टर मिला था। जबकि दिव्या देशमुख पिछले महीने फिडे वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत के साथ देश की 88वीं ग्रैंडमास्टर बनीं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बालाघाट जिला-बालाघाट (म.प्र.) 481001

दूरभाष /फेक्स क्रमांक 07632-241377 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in

क्रमांक/एफ-/लो.नि.वि./2025/6098 बालाघाट, दिनांक 13/08/2025

**// निविदा-सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. | टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रप्त्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 443752_1 | वार्ड 29 में बजाज कॉलोनी में संतोषी हार्डवेयर से इंदर बजाज जी के घर से श्री शंकर पशु आहार से परमार ब्रदर्स जी के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 60 दिवस 22,44,694=00 | 5000=00 एवं 44,894=00 | 15/09/2025 |
| 2 | 2025_UAD_ 443773_1 | वार्ड 29 में जयप्रकाश कॉलोनी में श्री लालबहादुर थापा के घर से श्री चुन्ना ताम्रकर जी के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 60 दिवस 14,54,750=00 | 2000=00 एवं 29,095=00 | 15/09/2025 |
| 3 | 2025_UAD_ 443734_1 | वार्ड क. 32 में विभिन्न 06 स्थानों पर आ.सी.सी. नाली, डब्ल्यू. एम. एम. सडक व स्लैब कल्वर्ट निर्माण कार्य। | 30 दिवस 7,31,872 | 2000=00 एवं 14,638=00 | 29/08/2025 |
| 4 | 2025_UAD_ 443997_1 | एस.बी.एम. 20 के अन्तर्गत एम. आरएफ कम्पोस्टिंग प्लांट निर्माण। | 6 माह 1,43,25,867=00 | 12,500=00 एवं 1,07,444=00 | 16/09/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित समस्त जानकारी एवं निविदा की शर्तें ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद बालाघाट, जिला-बालाघाट








### राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस

# पटवारी भर्ती परीक्षा विवाद पर हाई कोर्ट ने मांगी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट

हरिभूमि, जबलपुर।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने पटवारी भर्ती परीक्षा विवाद में विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट मांग ली है। इस सिलसिले में राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है।

अपीलकर्ता भोपाल निवासी नितिन जैन की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अपीलकर्ता ने पटवारी भर्ती परीक्षा-2022 में भाग लिया था। उनका आरोप है कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षा के साात प्रश्न (प्रश्न क्रमांक 6, 33, 46, 65, 126, 118, 124) को बिना ठोस कारण मनमाने ढंग से रद कर दिया। जबकि तीन प्रश्नों (104, 131, 132) की उत्तर कुंजी गलत निर्धारित की, जिसके कारण उन्हें योग्य अंक नहीं मिल सके। उनका दावा है कि यदि इन त्रुटियों को सुधारा जाए तो वे चयन सूची में आ सकते हैं। इसी दावे के साथ हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसे 27 मार्च, 2025 को निरस्त कर दिया गया था। इस मामले में सीमित न्यायिक समीक्षा और बोर्ड के विवेकाधिकार



का हवाला दिया गया था। एकलपीठ के उसी आदेश के विरुद्ध युगलपीठ के समक्ष अपील दायर की गई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के सिद्धि संदीप लड्डा बनाम कंसोर्टियम आफ एनएलयूज़ के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि बिना पर्याप्त कारण प्रश्न विलोपन या उत्तर कुंजी की त्रुटि को न्यायालय सुधार सकता है। हाई कोर्ट ने इस तर्क को सुनने के बाद कर्मचारी चयन बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह उस विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करे, जिसने विवादित प्रश्न को हटाने की अनुंशसा की थी।

## एमपीआरटीसी अधिकारियों को जमानती वारंट जारी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विनय सराफ की एकल पीठ ने मध्य प्रदेश रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एमपीआरटीसी -परिसमापन) के प्रबंध निदेशक मनीष सिंह और श्रम एवं कार्मिक अधिकारी बिंदु बहादुर सिंह के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई एक अवमानना याचिका के संदर्भ में की गई है, जिसमें रिटायर्ड ड्राइवर राम प्रकाश सोनी ने आरोप लगाया है कि हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया।

राम प्रकाश सोनी, जो कटनी जिले के बहोरीबंद तहसील के बदखेड़ा गांव के निवासी हैं, अवमानना याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि पूर्व में उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता की याचिका में याचिकाकर्ता की सेवा समाप्ति के आदेश को रद्द करते हुए उसे सेवा में बहाल करने और रिटायरमेंट के बाद के लाभों का निपटारा 90 दिनों में करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता का दावा है कि एमपीआरटीसी अधिकारियों ने इस आदेश की अवहेलना की और उनके कई प्रतिनिधित्व के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। अवमानना याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा कि अधिकारियों की यह लापरवाही अदालत की अवमानना है।

उच्च न्यायालय ने पाया कि नोटिस जारी होने के बावजूद अनावेदक उपस्थित नहीं हुए। इसलिए 100 रुपये के जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया गया। मामले की अगली सुनवाई 25 सितंबर 2025 को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से असीम त्रिवेदी, आनंद शुक्ला, पंकज तिवारी, विनीत टेहेनगुनिया, शुभम पाटकर ने पैरवी की।

## सेवानिवृत्त का लाभ न दिए जाने पर कृषि विवि को हाई कोर्ट का नोटिस

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय के संचालक विस्तार सेवाएं के पद से वर्ष 2006 में सेवानिवृत होने के पश्चात आज दिनांक तक छठे वेतन आयोग की अनुशंसाओं के अनुरूप सेवानिवृत्त लाभ न दिए जाने के मामले को लेकर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकल पीठ ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के आदेश दिए। याचिकाकर्ता डॉ. सी. बी. सिंह की ओर से कहा गया है की वे जो पूर्व में पादप प्रजनन और अनुवांशिकी विभाग के प्राध्यापक रहते हुए, डीन, कृषि महाविद्यलय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके थे, को जनवरी, 2007 से अगस्त, 2023 तक के वित्तीय लाभों से पक्षपातपूर्ण एवं मनमाने तरीकों से वंचित रखा गया। याचिकाकर्ता ने पूर्व में विश्वविद्यालय विभिन्न के उच्च अधिकारियों को इस बावत अवगत कराया था लेकिन कार्यवाही नहीं की गई। हाई कोर्ट ने प्रमुख सचिव, कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग, मंत्रालय, कुलपति, कुलसचिव, एवं लेखा नियंत्रक, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर इन सभी को नोटिस जारी करने के आदेश दिये हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विजय राघव सिंह, पूनम सिंह, अजय नंदा एवं मनोज चतुर्वेदी पैरवी कर रहे है।

### विवाह योजना की राशि हड़पने के आरोप में अंसारी निष्कासित

# 6 महीने में चौथे मंडल अध्यक्ष पर गिरी गाज

हरिभूमि जबलपुर।



भाजपा शहीद अब्दुल हमीद मंडल अध्यक्ष अकील अहमद अंसारी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि हड़पने और अन्य अशोभनीय कृत्यों के आरोपों के चलते पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इस मामले में 'नो टॉलरेंस' नीति अपनाते हुए सीधे निष्कासन आदेश जारी किए।

यहां दिलचस्प है की बीते 6 महीने में अकील अंसारी भाजपा के चौथे मंडल अध्यक्ष हैं जो विवादों में आए हैं. जैन समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर एक महिला मंडल अध्यक्ष और एक पूर्व मंडल अध्यक्ष निष्कासित हुए थे. दूसरा मामला गढ़ा क्षेत्र में देह व्यापार संचालित होने के आरोप में पूर्व मंडल अध्यक्ष अतुल चौरसिया को निष्काषित किया जा चुका है। जबकी एक अन्य मंडल अध्यक्ष जमीन के विवाद को लेकर मारपीट के आरोपों में घिरे, हालांकी उनका मामला निजी और एकतरफा होने के कारण कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गई। हाल ही में चौथा मामला अब अकील अंसारी पर कन्या विवाह योजना की राशि हड़पने और अन्य अनुचित गतिविधियों के आरोप लगे हैं।

ये चारों घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि प्रदेश और जिला स्तर पर भाजपा को वैचारिक और अनुशासनप्रिय पार्टी माना जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ पदाधिकारी लगातार आपराधिक व असामाजिक गतिविधियों में लिप्त होकर पार्टी की छवि को नुकसान पहुँचा रहे हैं।

### शिकायत में गंभीर आरोप

हाल ही में मुस्लिम समाज की कई महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि अकील अंसारी और उनके सहयोगी गुलाब नवी ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि गलत तरीके से निकाल ली। महिलाओं का कहना था कि उनके हस्ताक्षर और अंगूठे लेकर बैंक से राशि निकाली गई, और जब उन्होंने पैसा मांगा तो उनके साथ बदतमीजी की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

### पार्टी का सख्त रुख

शिकायत मिलने के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दिए। वहीं, भाजपा नगर अध्यक्ष के स्तर पर इस पर चर्चा चल ही रही थी कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सीधे कार्रवाई करते हुए अकील अंसारी को पार्टी से बाहर कर दिया। यह कदम पार्टी की ओर से यह स्पष्ट संदेश देता है कि अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार के मामलों में अब कोई ढील नहीं बरती जाएगी।

### प्रदेश अध्यक्ष की नो टॉलरेंस नीति

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अकील अंसारी का निष्कासन सिर्फ एक कार्रवाई नहीं है, बल्कि प्रदेश नेतृत्व की ओर से यह संकेत है कि भाजपा में अब अनुशासन और पारदर्शिता के मामले में सख्ती बरती जाएगी। इससे पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के लिए भी एक स्पष्ट चेतावनी निकलकर आई है।

### क्राइम वॉच

## कार की टक्कर से बाईक सवार दो युवक घायल

**जबलपुर।** कुण्डम थाना अतंर्गत ग्राम खदिया में एक कार ने एक बाईक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो युवक नीचे गिरकर घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चेरीताल कोतवाली निवासी अनिल साहू गत दिवस अपने दोस्त धनीराम के साथ कुंडम रिश्तेदारी में गया था। वापस आते समय रात लगभग 11.30 बजे ग्राम खदिया के पास एक सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 20 जेडसी 5024 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए अनिल साहू की बाईक को टक्कर मार दी, जिससे अनिल साहू और धनीराम बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलते ही अनिल साहू के बेटा आकाश साहू मौके पर पहुंचा और घायलों को उपचार के लिए कुंडम अस्पताल लेकर पहुंचा जहां से मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नगदी चोरी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत शंकर नगर में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर व 10 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गए। यहां रहने वाले 70 वर्षीय वृद्ध अपनी पत्नी के साथ त्यौहार मनाने ससुराल अंबिकापुर गए थे, तभी यह वारदात हुई। घटना के संबंध में माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार फैक्ट्री से सेवानिवृत्त र्जमेन शंकर नगर निवासी 70 वर्षीय मुन्नालाल विश्वकर्मा गत 9 अगस्त को 10 बजे सुबह अपनी पत्नी के साथ घर पर ताला लगाकर अम्बिकापुर ससुराल त्यौहार मनाने गया था। दूसरे दिन पड़ोसी ने फोन पर चोरी की सूचना दी। सूचना पाकर गत शाम लगभग 4.30 बजे अपनी पत्नी के साथ घर पहुंचा तो देखा कि घर का दरवाजा खुला है और ताला टूटा है। अंदर जाकर देखा तो आलमारी में रखी सोने की 03 अंगूठी, 01 मंगल सूत्र, 01 जोड़ी झुमकी, 01 टाप्स, एक हार, 02 जोड़ी कंगन, चांदी की 03 जोड़ी पायल, 06 कड़े, 03 जोड़ी बिछिया, नगदी 10 हजार रूपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## छुई खदान गढ़ा में चाकूबाजी, युवक घायल

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत साहू चक्की के पास छुई खदान में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर दो बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार देवीनगर छुई खदान गढ़ा निवासी 18 वर्षीय रत्नेश केवट गत रात लगभग 8 बजे अपने घर से जिम जा रहा था तभी साहू चक्की के पास छुई खदान में सिक्का उर्फ लकी खान एवं इरफान खान ने रत्नेश का रास्ता रोककर शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगे, रूपये देने से मना करने पर दोनों गाली गलौज करने लगे। सिक्का उर्फ लकी खान ने उसे पकड़ लिया और इरफान ने चाकू से कमर में पीछे तरफ एवं वायें पैर की जांघ पर हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 126(2), 296, 119(1), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## अवैध कारोबारियों की पुलिस ने की धरपकड़

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 बॉटल बीयर, 37 पाव देशी, अंग्रेजी और 14 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। कंट्रोल रुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वालें 14 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 46 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 13 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 4 गैरम्यादी, 42 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 9 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 6 बॉटल बीयर, 37 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 14 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी ।

### स्नातक-स्नातकोत्तर नवीनीकरण प्रक्रिया में आ रही है दिक्कतें

# सर्वर डाउन होने से विद्यार्थी हो रहे परेशान

हरिभूमि जबलपुर।

स्नातक-स्नातकोत्तर में प्रवेश नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है, लेकिन सर्वर डाउन होने से विद्यार्थियों को अगली कक्षाओं में प्रमोट करने को लेकर कॉलेजों को दिक्कतें आ रही है। कॉलेजों ने तकनीकी गड़बड़ी को लेकर उच्च शिक्षा विभाग को शिकायत दर्ज करवाई है। मगर शैक्षणिक संस्थानों और विद्यार्थियों की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

कॉलेजों के मुताबिक उच्च शिक्षा विभाग ने 2025-26 सत्र से प्रवेश नवीनीकरण प्रक्रिया में बदलाव किया है। इसके चलते विद्यार्थियों और कॉलेज की परेशानी बढ़ गई है। पहले विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से खुद अगली कक्षा में प्रमोशन कर लेते थे, लेकिन अब उन्हें इसके लिए कॉलेज आना अनिवार्य कर दिया गया है। नए नियम के तहत स्नातक प्रथम वर्ष से द्वितीय, द्वितीय से तृतीय और तृतीय से चतुर्थ वर्ष में प्रमोशन की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें कालेज को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

विद्यार्थियों को कॉलेज जाकर अपनी आईडी स्टाफ से लॉग इन करवानी होती है, जिसके बाद कर्मचारी अगली कक्षा में प्रमोशन की प्रक्रिया पूरी करते हैं। औसतन यह काम 15 से 20 मिनट में हो जाता है, लेकिन सर्वर डाउन से काफी समय बर्बाद हो रहा है। नतीजा यह कि कई छात्रों को एक ही काम के लिए कालेज के कई चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि पहले वे घर बैठे मोबाइल या कंप्यूटर से आसानी से नवीनीकरण कर लेते थे, लेकिन अब समय और मेहनत दोनों ज्यादा लग रहे हैं। खासकर दूर-दराज से आने वाले छात्रों को अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ रही है। उधर कॉलेज प्रशासन की भी स्थिति आसान नहीं है। विद्यार्थियों की संख्या के मुकाबले स्टाफ कम है, जिससे नवीनीकरण प्रक्रिया के दौरान अन्य प्रशासनिक और शैक्षणिक काम प्रभावित हो रहे हैं। कॉलेज कर्मचारी लगातार सर्वर समस्या और भीड़ से जूझ रहे हैं। शिक्षाविद मंगल मिश्र का कहना है कि यह बदलाव न केवल विद्यार्थियों बल्कि कालेज प्रशासन के लिए भी बोझ बन गया है। तकनीकी और मानव संसाधन की कमी के कारण प्रक्रिया में देरी हो रही है।

### इंदौर के खरीददार को चालबाज ने लगाई चपत

# फार्चुनर कार बेचने का सौदा कर 38 लाख हड़पे

**जबलपुर।** फार्चुनर कार बेचने का सौदा कर जबलपुर के एक व्यक्ति ने इंदौर निवासी खरीरदार के साथ धोखाधड़ी कर 38 लाख 50 हजार रुपए हड़प लिए। अधारताल पुलिस ने पीड़ित की लिखित शिकायत की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर निवासी 55 वर्षीय बिहारीलाल मित्तल ने भोपाल निवासी हासिम के माध्यम से जबलपुर निवासी 42 वर्षीय सयैद अली अब्बास नकवी उर्फ शिबू की फार्चुनर कार एमपी 20 जेड एल 2909 का विक्रय सौदा गत 18 अप्रैल 2024 को अधारताल तिराहे के पास किया था सौदे के मुताबिक उसने सयैद अली अब्बास नकवी उर्फ शिबू को 38 लाख 50 हजार रूपये का ऑनलाईन एवं नगद भुगतान किया था। विक्रय पत्र 6 माह में एनओसी देने की शर्त पर स्थापित किया गया था किंतु 6 माह पूर्ण होने के पश्चात भी सयैद अली अब्बास नकवी उर्फ शिबू ने एनओसी प्रदान नहीं की गयी, सयैद अली अब्बास नकवी उर्फ शिबू ने भरोसा दिलाकर गाड़ी वापस ले ली थी। अब न तो कार की एनओसी दे रहा है और न ही रुपए दे रहा है। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद आरोपी सयैद अली अब्बास नकवी उर्फ शिबू के विरूद्ध धारा 318 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है आरोपी फरार है।

# अगले सत्र से बोर्ड परीक्षा में अपार आईडी भरना अनिवार्य

**जबलपुर।** मप्र बोर्ड के 10वीं व 12वीं के उन छात्रों के लिए राहत की खबर है, जिनकी अपार आईडी (आटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक एकाउंट) अभी तक नहीं बन पाई है। क्योंकि पहले माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा की जो गाइडलाइन जारी की थी, उसमें अपार आईडी भरना अनिवार्य किया था। लेकिन अभी हाल में स्कूलों के लिए जारी एक आदेश में मंडल ने 2025-26 सत्र के लिए इसे वैकल्पिक कर दिया है। यानि जिस छात्र की आईडी है वह फार्म में भर सकता है और जिसकी आईडी अभी बनी नहीं है तो वह छोड़ सकता है। लेकिन 2026-27 में यह आईडी परीक्षा फॉर्म में भरना अनिवार्य होगी।

### 28 जून को जारी की थी गाइडलाइन

बता दें कि माध्यम शिक्षा मंडल ने 2025-26 परीक्षा के लिए 28 जून को गाइडलाइन जारी की थी। जिसमें परीक्षा फार्म में अपार आईडी को भरना अनिवार्य किया था। लेकिन अभी छात्रों की अपार आईडी बनाने का काम पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में कई छात्र परीक्षा देने से वंचित रह जाते। इस वजह से इस सत्र में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इसे वैकल्पिक किया है। अगले सत्र से अपार आईडी को अनिवार्य रूप से भरा जाएगा।

## युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत संजय नगर अधारताल में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजयनगर अधारताल निवासी 38 वर्षीय आशीष चौधरी ने अपने कमरे में पंखे से रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### सुप्रीम कोर्ट का निर्णय जबलपुर में लागू करने मांग

# आवारा श्वानों की सख्ती से की जाए नसबंदी

**जबलपुर।** जबलपुर में नाम का रैबीज कंट्रोल प्रोजेक्ट जारी है। आवारा श्वानों की संख्या बढ़ रही है, उनका न तो वैक्सीनेशन न ही नसबंदी हो रही है। लिहाजा हाल ही में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय को जबलपुर में भी लागू किया जाये। यह मांग पत्र नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पी.जी. नाजपांडे ने कलेक्टर तथा आयुक्त नगर निगम जबलपुर को भेजा है। नोटिस में बताया है कि डॉग बाईट की केसेस जून 2025 तक जबलपुर में 13 हजार 619 लांघ गई है, इतनी भारी संख्या में श्वानों के काटने की घटना से चिंतायें बढ़ गई है। अतः आवारा श्वानों की संख्या घटना जरूरी हो गया है । किंतु नगर निगम श्वानों के बधियाकरण कार्यक्रम में सुस्ती बरत रही है। सालभर में मात्र 5 हजार श्वानों का बधियाकरण हो रहा है। बढ़ती संख्या के कारण आवारा श्वानों की विष्ठा भी एक समस्या बन गयी है, जो शहर में जहां-तहां पड़ी रहती है, यह जनस्वास्थ्य के लिए हानिकारण हो गई है। अतःआवारा श्वानों के संबंध में तत्काल अभियान शुरू करें। इस अवसर पर रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, डी.आर. लखेरा उपस्थित थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240